रजिस्ट्री सं. डी. (डी.एन.)-73

REGISTERED NO. D. (D. N.)—73



भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 22] नई दिल्ली, शनिवार, जून 2, 1984/ज्येष्ठ 12, 1906

No. 22] NEW DELHI, SATURDAY, JUNE 2, 1984/JYAISTHA 12, 1906

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों द्वारा जारी किये गये सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं
Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence)

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय

(विधि कार्य विभाग)

नई दिल्ली, 16 मई, 1984

सूचना

का० आ० 1734.—नोटरीज नियम, 1956 के नियम 6 के अनुसरण में सक्षम प्राधिकारी द्वारा यह सूचना दी जाती है कि श्री के० जयप्रकाश शेट्टी, एडवोकेट, नं० 257, 14वां क्रास, 2 ब्लाक, आर०टी०नगर, बंगलौर-560032 ने उक्त प्राधिकारी को उक्त नियम के नियम 4 के अधीन एक आवेदन इस बात के लिए दिया है कि उसे बंगलौर शहर में व्यवसाय करने के लिए नोटरी के रूप में नियुक्त किया जाए।

2. उक्त व्यक्ति की नोटरी के रूप में नियुक्ति पर किसी भी प्रकार का आक्षेप इस सूचना के प्रकाशन के चौदह दिन के भीतर लिखित रूप में मेरे पास भेजा जाए।

[सं० 5 (24)/84-न्याय]

MINISTRY OF LAW, JUSTICE & COMPANY AFFAIRS

(Department of Legal Affairs)

New Delhi, the 16th May, 1984

NOTICE

S.O. 1734.—Notice is hereby given by the Competent Authority in pursuance of rule 6 of the Notaries Rules, 1956 that application has been made to the said Authority, under rule 4 of the said Rules, by Shri K. Jayaprakash Shetty, Advocate, No. 257, 14th Cross, II Block, R.T. Nagar, Bangalore-560032 for appointment as a Notary to practise in the City of Bangalore.

2. Any objection to that appointment of the said person as a Notary may be submitted in writing to the undersigned within fourteen days of the publication of this Notice.

[No. F. 5(24)/84-Judl.]

नई दिल्ली, 17 मई, 1984

सूचना

का० आ० 1735.—नोटरीज नियम, 1956 के नियम 6 के अनुसरण में सक्षम प्राधिकारी द्वारा यह सूचना दी जाती है कि श्री बलराम, एडवोकेट, गांव व डाकखाना शहाबाद, मोहम्मदपुर, नई दिल्ली 45 ने उक्त प्राधिकारी को उक्त नियम के नियम 4 के अधीन एक आवेदन इस बात के लिए दिया है कि उसे नई दिल्ली में व्यवसाय करने के लिए नोटरी के रूप में नियुक्त किया जाए।

2. उक्त व्यक्ति की नोटरी के रूप में नियुक्ति पर किसी भी प्रकार का आक्षेप इस सूचना के प्रकाशन के चौदह दिन के भीतर लिखित रूप में मेरे पास भेजा जाए है।

[सं० एफ० 5(86)/83-न्या०]
एस० गुप्तु, सक्षम प्राधिकारी

New Delhi, the 17th May, 1984

NOTICE

S.O. 1735.—Notice is hereby given by the Competent Authority in pursuance of rule 6 of the Notaries Rules, 1956, that application has been made to the said Authority, under rule 4 of the said Rules, by Shri Bal Ram, Advocate, Village and P. O. Shahabad, Mohammadpur, New Delhi-45 for appointment as a Notary to practise in New Delhi.

2. Any objection to the appointment of the said person as a Notary may be submitted in writing to the undersigned within fourteen days of the publication of this Notice.

[No. F. 5(86)/83-Judl.]
S. GOOPTU, Competent Authority

वित्त मंत्रालय

(आर्थिक कार्य विभाग)

(बैंकिंग प्रभाग)

नई दिल्ली, 11 मई, 1984

का० आ० 1736.—राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंध और प्रकीर्ण उपबन्ध) स्कीम 1970 के खंड 8 के उपखंड (1) के साथ पठित खंड 3 के उपखंड (क) के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार भारतीय रिजर्व बैंक से परामर्श करने के पश्चात श्री जे०एस० भटनागर को 11 मई, 1984 से आरम्भ होने वाली और 10 मई 1987 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त करती है।

[सं० एफ० 9/39/83-बी० ओ०-I-(1)]

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Economic Affairs)

New Delhi, the 11th May, 1984

S.O. 1736.—In pursuance of sub-clause (a) of clause 3 read with sub-clause (1) of clause 8 of the Nationalised Banks (Management and Miscellaneous Provisions) Scheme, 1970, the Central Government, after consultation with the Reserve Bank of India, hereby appoints Shri J. S. Bhatnagar as the Managing Director of the Union Bank of India for a period commencing on May 11, 1984 and ending with May 10, 1987.

[No. F. 9/39/83-BO.I(1)]

का०आ० 1737.—राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंध और प्रकीर्ण उपबन्ध) स्कीम, 1970 के खंड 7 के साथ पठित खंड 5 के उपखंड (1) के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार भारतीय रिजर्व बैंक से परामर्श करने के पश्चात श्री जे० एस० भटनागर को जिन्हें 11 मई, 1984 से यूनियन बैंक आफ इंडिया के प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है उस तारीख से यूनियन बैंक आफ इंडिया के निदेशक बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त करती है।

[संख्या एफ० 9/39/83-बी ओ०-I(2)]

S.O. 1737.—In pursuance of sub-clause (1) of clause 5, read with clause 7, of the Nationalised Banks (Management and Miscellaneous Provisions) Scheme, 1970, the Central Government after consultation with the Reserve Bank of India, hereby, appoints Shri J. S. Bhatnagar who has been appointed as Managing Director of the Union Bank of India with effect from May 11, 1984 to be the Chairman of the Board of Directors of the Union Bank of India with effect from the same date.

[No. F. 9/39/83-BO. I(2)]

नई दिल्ली, 18 मई, 1984

का०आ० 1738.—राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंध तथा प्रकीर्ण उपबंध) स्कीम, 1970 के खण्ड 3 के उपखण्ड (ग) के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से एतद्द्वारा भारत सरकार के वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग (बैंकिंग प्रभाग) की 5 [illegible] 1984 की अधिसूचना सं० एफ० 9/15/84-बी०ओ०-1 को [illegible] जाता है।

[सं० एफ 9/26/84-बी०ओ०I]
च० व० मीरचन्दानी, निदेशक

New Delhi, the 18th May, 1984

S.O. 1738.—In pursuance of sub-clause (c) of clause 3 of the Nationalised Banks (Management and Miscellaneous Provisions) Scheme, 1970, the Central Government, after consultation with the Reserve Bank of India, hereby rescinds the notification of the Government of India in the Ministry of Finance, Department of Economic Affairs (Banking Division) No. F. 9/15/84-B.O. I dated May 5, 1984.

[No. F. 9/26/84-BO. I]
C. W. MIRCHANDANI, Director

(राजस्व विभाग)

नई दिल्ली, 3 मई, 1984

प्रधान कार्यालय संस्थापन

का०आ० 1739.—केन्द्रीय राजस्व बोर्ड अधिनियम, 1963 (1963 की संख्या 54) की धारा 3 की उप धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा भारतीय राजस्व सेवा (आयकर) के अधिकारी श्री एस०एस० नारायणन को जो पिछले दिनों मुख्य आयुक्त (प्रशासन) तथा आयकर आयुक्त तमिलनाडु-1 मद्रास के पद पर तैनात थे, 26 अप्रैल, 1984 के पूर्वाह्न से केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के सदस्य के रूप में नियुक्त करती है।

[फा०सं०ए० 19011/4/84-प्रशा० I]

(Department of Revenue)

New Delhi, the 3rd May, 1984

HEADQUARTERS ESTABLISHMENT

S.O. 1739.—In exercise of the powers conferred by sub-section (2) of section 3 of the Central Board of Revenue Act, 1963 (No. 54 of 1963), the Central Government hereby

appoints Shri M. S. Narayanan, an officer of the Indian Revenue Service (Income-tax) & lately posted as Chief Commissioner (Admn.) & Commissioner of Income-tax, Tamil Nadu-I, Madras, as Member of the Central Board of Direct Taxes with effect from the forenoon of the 26th April, 1984.

[F. No. A. 19011/4/84-Ad. I]

का०आ० 1740.—केन्द्रीय राजस्व बोर्ड अधिनियम, 1963 (1963 की संख्या 54) की धारा 3 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा भारतीय राजस्व सेवा (आयकर) के अधिकारी श्री एस०बी० जैन को जो पिछले दिनों मुख्य आयुक्त (प्रशासन) तथा आयकर दिल्ली-1 नई दिल्ली के पद पर तैनात थे 30 अप्रैल, 1984 के अपराह्न से केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के सदस्य के रूप में नियुक्त करती है।

[फा०सं० ए० 19011/3/84-प्रशा० I]

S.O. 1740.—In exercise of the powers conferred by sub-section (2) of Section 3 of the Central Board of Revenue Act, 1963 (No. 54 of 1963), the Central Government hereby appoints Shri S. B. Jain, an officer of the Indian Revenue Service (Income-tax) and lately posted as Chief Commissioner (Admn.) and Commissioner of Income-tax, Delhi-I, New Delhi as Member of the Central Board of Direct Taxes with effect from the afternoon of the 30th April, 1984.

[F. No. A. 19011/3/84-Ad. I]

का०आ० 1741.—केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (कारबार के संव्यवहार का विनियमन) नियमावली, 1964 के नियम 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के सदस्य तथा भारत सरकार के पदेन अपर सचिव श्री एन० सुब्रामनियन को 30 अप्रैल, 1984 के अपराह्न से अगला आदेश होने तक केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त करती है।

[फा०सं० ए० 19011/53/81-प्रशा-I]
जी०एस० मेहरा, उप सचिव

S.O. 1741.—In exercise of the powers conferred by Rule 3 of the Central Board of Direct Taxes (Regulation of Transaction of Business) Rules, 1964, the Central Government hereby appoints Shri N. Subramanian, Member, Central Board of Direct Taxes and ex-officio Additional Secretary to the Government of India, as Chairman of the Central Board of Direct Taxes with effect from the afternoon of the 30th April, 1984 and until further orders.

[F. No. A. 19011/53/81-Ad. I]
G. S. MEHRA, Dy. Secy.

नई दिल्ली, 16 मई, 1984

स्टाम्प

का०आ० 1742.—भारतीय स्टाम्प अधिनियम 1899 (1899 का 2) की धारा 20 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा भारत सरकार के वित्त मंत्रालय (राजस्व विभाग) की दिनांक 29 फरवरी, 1984 की अधिसूचना संख्या 17/84-स्टाम्प फा०सं० 33/2/83-वि०क० (अ०का०सं० 818) का अतिलंघन करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा नीचे दी गई सारणी के स्तम्भ (3) में स्टाम्प शुल्क की संगणना के प्रयोजनार्थ उस सारणी के स्तम्भ (2) में तत्वनुरूपी प्रविष्टि में विनिर्दिष्ट विदेशी मुद्रा को भारतीय मुद्रा में संपरिवर्तित करने के लिए विनिमय की दर निर्धारित करती है।

सारणी

क्र०सं०	देश का नाम	विदेशी मुद्रा	100 रु० के समतुल्य विदेशी मुद्रा के विनिमय की दर
1	2	3	4
1.	आस्ट्रियन	शिलिंग	167.5
2.	आस्ट्रेलियन	डालर	9.820
3.	बेल्जियम	फ्रैंक	488.5
4.	कनाडियन	डालर	11.750
5.	डेनिश	क्रोनर	87.65
6.	डूच	मार्क	23.76
7.	डच	गिल्डर	26.71
8.	फ्रेंच	फ्रैंक	73.55
9.	हांग कांग	डालर	71.80
10.	इतालवी	लीरा	149.28
11.	जापानी	येन	2057
12	मलेशियन	डालर	21.09
13.	नार्वेजियन	क्रोनर	69.00
14.	पौंड	स्टर्लिंग	6.4050
15.	स्वीडिश	क्रोनर	71.05
16.	स्विस	फ्रैंक	19.775
17.	अमरीकी	डालर	9.250
18.	सिंगापुर	डालर	19.205

[सं० 33/84/स्टाम्प फा०सं० 33/2/83-वि०क०]

New Delhi, the 16th May, 1984

STAMPS

S.O. 1742.—In exercise of the powers conferred by sub-section (2) of section 20 of the Indian Stamp Act, 1899(2 of 1899) and in supersession of the notification of the Government of India in the Ministry of Finance (Dpartment of Revenue) No. 17/84-Stamps F.No. 33/2/83 ST (S.O. No. 818) dated the 29th February, 1984, the Central Government hereby perscribed in column 3 of the Table below the rate of exchange for the conversion of the foreign currency specified in the corespondin entry in column (2) thereof into the currency of India for the purposes of calculating stamp duty.

TABLE

S.No.	Foreign Currency		Rate of exchange of foreign currency equivalent to Rs. 100/-
1		2	3
1.	Austrian	Schillings	167.5
2.	Australian	Dollars	9.820
3.	Belgian	Francs	488.5
4.	Canadian	Dollars	11.750
5.	Danish	Kroners	87.65
6.	Deutsche	Marks	23.76
7.	Dutch	Guilders	26.71
8.	French	Francs	73.55
9.	Hong Kong	Dollars	71.80
10.	Italian	Lire	149.28
11.	Japanese	Yen	2057
12.	Malayasian	Dollars	21.09
13.	Norwegian	Korners	69.09
14.	Pound	Sterling	6.4050
15.	Swedish	Kroners	71.05
16.	Swiss	Francs	17.775
17.	U.S.A.	Dollars	9.250
18.	Singapore	Dollars	19.205

[No. 33/84-Stamps-F.No. 33/2//83-ST]

आदेश

नई दिल्ली, 17 मई, 1984

स्टाम्प

का०आ० 1743.—भारतीय स्टाम्प अधिनियम 1899 (1899 का 2) की धारा 9 की उपधारा (1) के खंड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा उस शुल्क को माफ करती है जो आवास और शहर विकास निगम लि० नई दिल्ली द्वारा सोलह करोड़ पचास लाख रुपये मूल्य के ऋण पत्रों के रूप में जारी किए जाने वाले बन्ध पत्रों पर उक्त अधिनियम के अन्तर्गत प्रभार्य है।

[सं० 34/84-स्टाम्प-फा०सं० 33/25/84-वि०क०]

ORDER

New Delhi, the 17th May, 1984

STAMPS

S.O. 1743.—In exercise of the powers conferred by clause (a) of sub-section (1) of section 9 of the Indian Stamp Act, 1899 (2 of 1899), the Central Government hereby remits the duty with which the bonds in the nature of debentures to the value of rupees sixteen crores and fifty lakhs to be issued by Housing and Urban Development Corporation Ltd., New Delhi are chargeable under the said Act.

[No. 34/84-Stamps-F. No. 33/25/84-ST]

आदेश

नई दिल्ली, 18 मई, 1984

स्टाम्प

का०आ० 1744.—भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 (1899 का 2) की धारा 9 की उपधारा (1) के खण्ड (ख) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा मैसर्स ऊषा मार्टिन इंडस्ट्रीज लि०, कलकत्ता को केवल तिरासी हजार तीन सौ एक रुपये के उस समेकित स्टाम्प शुल्क की अदायगी करने की अनुमति देती है जो उक्त कम्पनी द्वारा जारी किए जाने वाले एक करोड़ ग्यारह लाख छः हजार आठ सौ रुपये के अंकित मूल्य के ऋण-पत्रों के रूप में बंधपत्रों पर प्रभार्य है।

[सं० 37/84-स्टाम्प-फा. सं० 33/29/84-वि०क०]

ORDER

New Delhi, the 18th May, 1984.

STAMPS

S.O. 1744.—In exercise of the powers conferred by clause (b) of sub-section (1) of section 9 of the Indian Stamp Act, 1899 (2 of 1899), the Central Government hereby permits M/s. Usha Martin Industries Ltd, Calcutta to pay consolidated stamp duty of rupees eighty-three thousand three hundred and one only,, chargeable on account of the stamp duty on bonds in the form of debentures of the face value of rupees One crore eleven lakhs six thousand and eight hundred only to be issued by the said company.

[No. 37/84—Stamps-F. No. 33/29/84-ST]

आदेश

स्टाम्प

का०आ० 1745.—भारतीय, स्टाम्प अधिनियम 1899 की धारा 9 की उपधारा (1) के खण्ड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा उस शुल्क को माफ करती है जो राष्ट्रीय लघु औद्योगिक निगम द्वारा मात्र चार करोड़ रुपये मूल्य के वचनपत्रों के रूप में जारी किए जाने वाले बंधपत्रों पर उक्त अधिनियम के अन्तर्गत प्रभार्य है।

[सं० 36/84 स्टाम्प-फा सं 33/23/84-वि०क०]

भगवान दास, अवर सचिव

ORDER

STAMPS

S.O. 1745.—In exercise of the powers conferred by clause (a) of sub-section (1) of section 9 of the Indian Stamp Act, 1899 (2 of 1899) the Central Government hereby remits the duty with which the bonds in the nature of Promissory notes of the value of rupees four crores only to be issued by the National Small Industries Corporation are chargeable under the said Act.

[No. 36/84-Stamps/F. No. 33/23/84-ST]

BHAGWAN DAS, Under Secy.

शुद्धि पत्र

नई दिल्ली 10 फरवरी, 1984

आयकर

का०आ० 1746.—सर्वसाधारण की जानकारी के लिए एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि वित्त मंत्रालय (राजस्व विभाग) की दिनांक 28-9-1983 की अधिसूचना संख्या 5412 (फा० सं० 203/35/83-आ० क० नि०-II) की सातवीं लाइन में आने वाले "अन्य प्राकृतिक और अनुप्रयुक्त विज्ञानों के क्षेत्र में" शब्दों का एतद्द्वारा लोप किया जाता है।

[संख्या 5619 /फा० सं० 203/24/84-आ० क० नि०-II]

CORRIGENDUM

New Delhi, the 10th February, 1984

INCOME TAX

S.O. 1746.—It is hereby notified for general information that the words, "in the area of other natural and applied sciences" occurring in seventh line of Ministry of Finance (Department of Revenue) Notification No. 5412 (F. No. 203/35/83-ITA. II) dated 28-9-1983, are hereby deleted.

[No. 5619/F. No. 203/24/84-ITA. II]

नई दिल्ली 16 फरवरी 1984

आय-कर

का० आ० 1747.—सर्वसाधारण की सूचना के लिए एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि विहित प्राधिकारी अर्थात् विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग नई दिल्ली ने निम्नलिखित संस्था को आयकर नियम 1962 के नियम 6 के साथ पठित आयकर अधिनियम 1961 की धारा 35 की उपधारा (1) के खण्ड (ii) के प्रयोजनार्थ "विश्वविद्यालय" प्रवर्ग के अधीन निम्नलिखित शर्तों पर अनुमोदित किया है अर्थात् :—

(i) यह कि मंगलौर विश्वविद्यालय मंगलौर वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए उसके द्वारा प्राप्त धनराशियों का एक पृथक लेखा रखेगा।

(ii) यह कि उक्त विश्वविद्यालय अपने वैज्ञानिक अनुसंधान संबंधी कार्यकलापों की वार्षिक विवरणी विहित प्राधिकारी के प्रत्येक वित्तीय वर्ष के संबंध में प्रतिवर्ष 30 अप्रैल तक ऐसे प्ररूप में प्रस्तुत करेगा जो इस प्रयोजन के लिए अधिकथित किया जाए और उसे सूचित किया जाए।

(iii) यह कि उक्त विश्वविद्यालय अपनी कुल आय तथा व्यय दर्शाते हुए अपने संपरीक्षित वार्षिक लेखों की तथा अपनी परिसंपत्तियां देनदारियां दर्शाते हुए तुलन-पत्र की एक-एक प्रति प्रतिवर्ष 30 जून तक विहित प्राधिकारी को प्रस्तुत करेगा तथा इन दस्तावेजों में से प्रत्येक की एक-एक प्रति संबंधित आयकर आयुक्त को भेजेगा।

संस्था

मंगलौर विश्वविद्यालय मंगलौर।

यह अधिसूचना 17-9-1983 से 16-9-1986 तक तीन वर्ष की अवधि के लिए प्रभावी रहेगी।

[सं० 5640/फा० सं० 203/117/83-आ० क० नि०-II]

मदन गोपाल चंद गोयल, अवर सचिव

New Delhi, the 16th February, 1984

INCOME TAX

S.O. 1747.—It is hereby notified for general information that the institution mentioned below has been approved by Department of Science & Technology, New Delhi the prescribed authority for the purposes of clause (ii) of sub-section (1) of section 35 of the Income-tax Act, 1961 read with Rule 6 of the Income-tax Rules, 1962 under the category "University" subject to the following conditions :—

(i) That the Mangalore University, Mangalore will maintain a separate account of the sums received by it for scientific research.

(ii) That the said university will furnish annual returns of its scientific research activities to the Prescribed Authority for every financial year in such forms as may be laid down and intimated to them for this purpose by 30th April each year.

(ii) That the said University will submit to the Prescribed Authority by 30th June each year a copy of their audited annual accounts showing their total income and expenditure and balance sheet showing its assets liabilities with a copy of each of these documents to the concerned Commissioner of Income-tax.

INSTITUTION

Mangalore University, Mangalore.

This notification is effective for a period of three years from 17-9-1983 to 16-9-1986.

[No. 5640/F. No. 203/117/83-ITA. II]

M. G. C GOYAL, Under Secy.

नई दिल्ली, 28 मार्च, 1984

आय-कर

का०आ० 1748.—आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 80-ल की उपधारा (1) के खण्ड (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, एतद्द्वारा, उक्त खण्ड के प्रयोजनार्थ, इण्डस्ट्रियल रिकंस्ट्रक्शन कार्पोरेशन आफ इण्डिया लि० द्वारा जनवरी, 1984 में जारी किए गए 4.5 करोड़ रुपये (अधिसूचित राशि) 8.25 प्रतिशत-12 वर्षीय आई०आर०सी०आई० बन्धपत्र विनिर्दिष्ट करती है।

[सं० 5727/फा० सं० 178/29/84-आ०क० (नि०-1)]
वी० बी० श्रीनिवासन, निदेशक

New Delhi, the 28th March, 1984.

INCOME-TAX

S.O. 1748.—In exercise of the powers conferred by clause (ii) of sub-section (1) of Section 80-L of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby specifies the 8.25% 12 years I. R. C. I. Bonds for 4.5 Crores (notified amount) issued by the Industrial Reconstruction Corporation of India Ltd. in January, 1984 for the purposes of the said clause.

[No. 5727/F. No. 178/29/84-IT(AI)]
V. B. SRINIVASAN, Director

(आर्थिक कार्य विभाग)

(बैंकिंग प्रभाग)

नई दिल्ली, 17 मई, 1984

का०आ० 1749.—बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (1949 का 10) की धारा 56 के साथ पठित धारा 53 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक की सिफारिश पर, एतद्द्वारा यह घोषणा करती है कि बैंककारी विनियमन (सहकारी समितियां) नियम 1966 के नियम 10 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 31 के प्रावधान को ऑपरेटिव सिटी बैंक लि०, गौहाटी को 30 जून 1983 को समाप्त वर्ष के लिए उसके लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट सहित तुलनपत्र और लाभ-हानि लेखा समाचार-पत्र में प्रकाशित होने के सम्बन्ध में लागू नहीं होंगे।

[सं०फा० 18-2/84-एसी]
अमर सिंह, अवर सचिव

(Department of Economic Affairs)

(Banking Division)

New Delhi, the 17th May, 1984

S.O. 1749.—In exercise of the powers conferred by section 53 read with Section 56 of the Banking Regulation Act, 1949 (10 of 1949), the Central Government on the recommendation of the Reserve Bank of India hereby declares that the provisions of Section 31 of the said Act, read with Rule 10 of the Banking Regulation (Co-operative Societies) Rules, 1966 shall not apply to the Co-operative City Bank Ltd., Gauhati so far as they relate to the publication of its balance-sheet and profit & loss account for the year ended the 30th June 1983 together with the auditor's report in the news papers.

[No. F. 18-2/84-AC]
AMAR SINGH, Under Secy.

नई दिल्ली, 18 मई, 1984

का० आ० 1750—प्रादेशिक ग्रामीण बैंक अधिनियम, 1976 (1976 का 21) की धारा 11 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा श्री वी० एन० शर्मा को जम्मू रूरल बैंक जम्मू का अध्यक्ष नियुक्त करती है तथा 31-3-1984 से प्रारम्भ होकर 31-1-1986 को समाप्त होने वाली अवधि को उस अवधि के रूप में निर्धारित करती है जिसके दौरान श्री वी० एन० शर्मा अध्यक्ष के रूप में कार्य करेंगे।

[संख्या 2/11/81 आर० आर० बी०]

New Delhi, the 18th May, 1984

S.O. 1750.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 11 of the Regional Rural Banks Act, 1976 (21 of 1976) the Central Government hereby appoints Shri V. N. Sharma as the Chairman of the Jammu Rural Bank, Jammu and specifies the period commencing on the 31-1-84 and ending with the 31-1-1986 as the period for which the said Shri V.N. Sharma shall hold office as such Chairman.

[No. 2(11)/81-RRB]

का० आ० 1751.—प्रादेशिक ग्रामीण बैंक अधिनियम, 1976 (1976 का 21) की धारा 11 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा श्री मुनीर खां को कानपुर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, कानपुर का अध्यक्ष नियुक्त करती है तथा 1-3-1984 से प्रारम्भ होकर 31-3-1987 को समाप्त होने वाली अवधि को उस अवधि के रूप में निर्धारित करती है जिसके दौरान श्री मुनीर खां अध्यक्ष के रूप में कार्य करेंगे।

[संख्या एफ० 2/61/82 आर० आर० बी०]
एस० एस० हसूरकर, निदेशक

S.O. 1751.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 11 of the Regional Rural Banks Act, 1976 (21 of 1976) the Central Government hereby appoints Shri Munir Khan as the Chairman of the Kanpur Kshetriya Gramin Bank, Kanpur and specifies the period commencing on the 1-3-1984 and ending with the 31-3-1987 as the period for which the said Shri Munir Khan shall hold office as such Chairman.

[No. 2(61)/82-RRB]
S.S. HASURKAR, Director

नई दिल्ली, 17 अप्रैल, 1984

का० आ० 1752.—भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 53(2) के अनुसरण में केन्द्रीय निदेशक बोर्ड ने, भारत सरकार को 30 जून, 1983 को समाप्त हुए वर्ष के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के कामकाज पर वार्षिक रिपोर्ट भेजी है जो नीचे उद्धृत की जाती है :—

पहली जुलाई 1982 से 30 जून 1983 तक के वर्ष के लिए

भारतीय रिजर्व बैंक के कामकाज पर वार्षिक रिपोर्ट

भाग—I आर्थिक स्थिति

1. वर्ष 1982-83 में, भयंकर सूखे के कारण कृषि उत्पादन में हुई भारी कमी तथा औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर में आई भारी गिरावट के कारण अर्थव्यवस्था को गंभीर आघात पहुंचा। फलतः राष्ट्रीय आय में केवल सीमान्त वृद्धि ही हुई। समग्र भुगतान संतुलन ने थोड़ा सुधार दर्शाया, भले ही उस पर अभी भी बराबर दबाव बना हुआ है। इन प्रतिकूल प्रवृत्तियों के बावजूद वर्ष के अधिकांश भाग में मूल्य काफी स्थित बने रहे।

2. कृषि उत्पादन—वर्ष के दौरान, भारी सूखे की वजह से कृषि उत्पादन में गिरावट आयी। दक्षिण-पश्चिमी मानसून के देर से आने, वर्षा ठीक से न होने और वह भी समय से पहले ही खत्म हो जाने की वजह से 15 राज्यों के 480 लाख हेक्टेयर से अधिक फसल-क्षेत्र पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। यहां यह उल्लेखनीय है कि पिछले पांच वर्षों की अवधि में भारतीय कृषि को दूसरी बार भयंकर सूखे का सामना करना पड़ा है। 1979-80 में भी दक्षिण-पश्चिमी मानसून ने धोखा दिया था और 410 लाख हेक्टेयर फसल-क्षेत्र सूखे से ग्रस्त हो गया था। 1982-83 में खरीफ की फसलों के लिए मौसम की स्थिति सर्वथा प्रतिकूल थी। इसके कारण 1981-82 के 791 लाख टन के उत्पादन की तुलना में इस वर्ष यह लगभग 90 लाख टन की कमी के साथ 690 या 700 लाख टन के आसपास रहने का अनुमान है। फिर भी खरीफ के उत्पादन में हुई यह कमी, 1979-80 जितनी नहीं है क्योंकि उस समय 150 लाख टन की कमी हुई थी। इसका कारण यह है कि खाद्यान्न पैदा करने वाले प्रमुख राज्य 1979-80 में, इस वर्ष की अपेक्षा, सूखे से अधिक प्रभावित हुए थे। इसके अलावा, लघु सिंचाई सुविधाओं का रखरखाव और विस्तार करके और उर्वरकों तथा अन्य कृषि उत्पादों आदि को उपलब्ध करा कर मानसून की असफलता के विपरीत प्रभाव को कम करने के लिए जो प्रयास किये गये उनसे भी 1982-83 के दौरान फसल को बचाने में सहायता मिली। इस वर्ष के दौरान इन प्रयासों में काफी वृद्धि की गयी। अनुमान है कि पिछले वर्ष की अपेक्षा, 1982-83 में उर्वरकों का उपभोग लगभग 6 प्रतिशत बढ़ गया है। यद्यपि, उपभोग का जो लक्ष्य रखा गया था उससे यह बहुत कम है, फिर भी मौसम की प्रतिकूल स्थितियों वाले वर्ष में यह वृद्धि भी कम नहीं है। आशा है रबी की फसल के खाद्यान्नों का उत्पादन 580 लाख टन के रिकार्ड उत्पादन तक पहुंच जायेगा जो 1981-82 के रबी उत्पादन से लगभग 40 लाख टन अधिक है।

3. आशा है, 1982-83 में, खाद्यान्नों का कुल उत्पादन 1270-1280 लाख टन रहेगा। यह अधिकतम उत्पादन भी पिछले वर्ष के 1330 लाख टन के वास्तविक उत्पादन से 50 लाख टन कम बैठेगा। जहां तक खाद्येतर फसलों का संबंध है, जूट, मेस्ता और तिलहनों के उत्पादन में ज्यादा तेजी से गिरावट आयी है। जूट और मेस्ता का उत्पादन लगभग 72 लाख गांठ ही रहने का अनुमान है जबकि 1981-82 में 84 लाख गांठों का उत्पादन हुआ था। इसी प्रकार, तिलहन का उत्पादन पिछले वर्ष के 121 लाख टन की तुलना में इस वर्ष 110 लाख टन ही होगा। गन्ने का उत्पादन भी, पिछले मौसम के दौरान (गुड़ के रूप में) हुए लगभग 187 लाख टन की अपेक्षा कम, अर्थात् 177 लाख टन रहने की आशा है। कपास का उत्पादन 82 लाख गांठें रहने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष के वास्तविक उत्पादन अर्थात्, 84 लाख गांठों के लगभग बराबर ही बैठेगा।

4. इस स्थिति का एक अनुकूल पहलू यह है कि 1982-83 के सूखे से सरकारी वसूली एजेंसियों के खाद्यान्न भंडारों पर कोई खास असर नहीं पड़ा। वसूली कार्यों में तेजी लायी गयी जिसकी वजह से इस विपणन मौसम में चावल और मोटे अनाज की वसूली (71 लाख टन) पिछले वर्ष की 73 लाख टन की अपेक्षा केवल सीमान्त रूप से कम थी। साथ ही, चालू रबी मौसम के दौरान गेहूं की वसूली 82 लाख टन के उच्च स्तर पर पहुंच गयी। इसके अलावा, अमेरिका से 40 लाख टन गेहूं आयात करने की व्यवस्था को भी अंतिम रूप दिया गया, जिसमें से फरवरी 1983 के अंत तक, 14.5 लाख टन गेहूं प्राप्त किया जा चुका था। यह आयात उस स्टाक स्तर पर को बनाये रखने के लिए जरूरी था जो सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से तेजी से किये जा रहे वितरण के कारण कम होता जा रहा था। 1982-83 (जुलाई-जून) में कुल 164 लाख टन खाद्यान्न उठाया गया जबकि 1981-82 की इसी अवधि में 118 लाख टन खाद्यान्न उठाया गया था। 1982-83 के दौरान उठाये गये खाद्यान्न का मासिक औसत, 1981-82 के 12 लाख टन से बढ़कर, 14 लाख टन हो गया। जून 1983 के अंत में, सरकारी एजेंसियों के पास खाद्यानों का भंडार 165 लाख टन का था जो पिछले वर्ष के 155 लाख टन के स्तर से ज्यादा था। 1981-82 मौसम में चीनी के उत्पादन में हुई तेज वृद्धि के कारण इस वर्ष के दौरान 5 लाख टन चीनी का एक "बफर स्टाक" बनाया गया।

5. औद्योगिक उत्पादन—कृषि-उत्पादन में मौसम की स्थिति में सुधार होने पर वृद्धि की आशा की जा सकती है, इसलिए कृषि उत्पादन में कमी होना उतना चिंताजनक नहीं है जितना कि औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि की गति में कमी आना है। जुलाई 1982 से मई 1983 के ग्यारह महीनों की अवधि के दौरान, पिछले वर्ष के इन्हीं महीनों के औद्योगिक उत्पादन के समग्र सूचकांक के मुकाबले केवल 3.2 प्रतिशत की ही वृद्धि हुई जबकि 1981-82 में यह वृद्धि 7.6 प्रतिशत की थी। कैलेण्डर वर्ष 1982 के प्रारंभ में भी उत्पादन में गिरावट की प्रवृत्ति स्पष्ट रूप में दिखायी पड़ रही थी। जनवरी-मार्च 1982 की तिमाही में औद्योगिक उत्पादन के सूचकांक में औसत वृद्धि 6.4 प्रतिशत की रही जबकि 1981 की इसी तिमाही में 8.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। यद्यपि अप्रैल-जून 1982 की तिमाही में, सूचकांक में औसत-वृद्धि पिछली तिमाही के लगभग बराबर ही अर्थात् 6 प्रतिशत बनी रही, तथापि, पिछले वर्ष की तदनुरूप तिमाही की अपेक्षा यह वृद्धि बहुत कम थी क्योंकि तब 11.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी जुलाई-सितंबर 1982 में उत्पादन की वृद्धि की गति में कमी और भी ज्यादा दिखायी दी जब सूचकांक में औसत वृद्धि 2.1 प्रतिशत ही रह गयी। जुलाई-सितंबर 1981 में औद्योगिक उत्पादन के सूचकांक में औसत वृद्धि 9.1 प्रतिशत की थी। 1982 में अक्तूबर-दिसंबर की तिमाही में 3.6 प्रतिशत की ही वृद्धि हुई जबकि 1981 में 8.0 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। औद्योगिक उत्पादन में यह गिरावट बराबर जारी है क्योंकि जनवरी से मई 1983 के ताजा आंकड़ों के अनुसार 3.6 प्रतिशत की ही औसत-वृद्धि हुई है जबकि पिछले वर्ष के इन्हीं महीनों में 6.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

6. औद्योगिक उत्पादन सूचकांक के क्षेत्रवार वर्गीकरण के अनुसार, औद्योगिक वृद्धि में गिरावट मुख्य रूप से निर्माण क्षेत्र के कारण आयी है, जिसका हिस्सा इस सूचकांक में 81 प्रतिशत रहता है। जुलाई 1982 से मई 1983 के ग्यारह महीनों की अवधि में इस क्षेत्र में मात्र 1.7 प्रतिशत की ही वृद्धि दर्ज की गयी जबकि पिछले वर्ष यह वृद्धि

6.8 प्रतिशत की थी। खनन और उत्खनन (माइनिंग और क्वेरीइंग) में पिछले वर्ष 15.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी जबकि इस वर्ष 8.4 प्रतिशत की ही वृद्धि हुई। 1982-83 (जुलाई-मई) के दौरान बिजली के उत्पादन में 6.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह 1981-82 के इन्हीं महीनों में हुई 7.1 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में आंशिक रूप से कम थी।

7. सूचकांकों के उपयोग-आधारित वर्गीकरण के विश्लेषण से यह पता चलता है कि पूंजीगत वस्तुओं के उद्योगों के संबंध में सूचकांक में जुलाई 1982 –मार्च 1983 की अवधि के दौरान 3.9 प्रतिशत की पूर्ण कमी दर्ज की गयी जबकि 1981-82 की इसी अवधि के दौरान 7.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। उपभोक्ता वस्तुओं के संबंध में 0.6 प्रतिशत की सामान्त वृद्धि हुई जबकि 1981-82 में इसमें 10.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी थी। मध्यवर्ती वस्तु उद्योग में 3.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई जो 1981-82 में हुई 3.3 प्रतिशत के लगभग बराबर ही थी। मूल उद्योगों के संबंध मे, 1982-83 (जुलाई–मार्च) में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि भी खासी रही, लेकिन पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह वृद्धि 11.0 प्रतिशत की रही थी।

8. पिछले वर्षों के औद्योगिक उत्पादन सूचकांकों को देखने से यह जाहिर होता है कि हर वर्ष इसमें तेजी से उतार-चढ़ाव आना एक सामान्य बात रही है। 1975-76 (जुलाई जून) में सूचकांक में वृद्धि की दर 10.5 प्रतिशत थी जो 1979–80 में 1.9 प्रतिशत ही रह गयी। 1971 -72 से लेकर 12 वर्षों की अवधि में केवल 3 वर्ष में सूचकांक में 7.0 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई, जबकि 3 वर्षों में यह वृद्धि 3.0 प्रतिशत से कम रही। लेकिन उद्योग की उत्पादन वृद्धि की दर के धीमेपन के अनेक वर्षों के दौरान, इस कमी का मुख्य कारण बिजली और अन्य मूलभूत सुविधाओं का अभाव रहा 1982 83 का वर्ष इस दृष्टि से उल्लेखनीय रहा कि इसमें मूलभूत सुविधाओं के क्षेत्र का कार्य निष्पादन कुल मिलाकर अच्छा रहा।

9. वित्तीय वर्ष 1982-83 में देश में बिजली का उत्पादन पिछले वर्ष की इस अवधि के उत्पादन की अपेक्षा 7.0 प्रतिशत अधिक रहा। ताप (थर्मल) और अणुशक्ति से बिजली के उत्पादन में 13.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई जिसने जल विद्युत में हुई 2.6 प्रतिशत की कमी को काफी हद तक पूरा कर दिया 1,31.6 बिलियन किलोवाट बिजली का कुल उत्पादन, वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य से 0.4 बिलियन किलो वाट कम था। इसके अतिरिक्त बिजली के उत्पादन में वृद्धि की दर देश भर में एक समान नहीं रही। दक्षिण और पूर्व जैसे कुछ क्षेत्र ऐसे थे जिनमें बिजली की कमी की समस्या गंभीर रही और इसने इन क्षेत्रों में स्थित उद्योगों के उत्पादन को गंभीर रूप से प्रभावित किया। इस वित्तीय वर्ष के दौरान, कोयले का उत्पादन 1304.0 लाख टन हुआ जो पिछले वर्ष के उत्पादन स्तर से 4.4 प्रतिशत अधिक था। लेकिन, उसी गति से कोयले का उठाव न होने की वजह से यह भंडारों में जमा पड़ा रहा बिक्री योग्य इस्पात के उत्पादन में 0.5 प्रतिशत की मामूली सी वृद्धि हुई। लेकिन यहां भी भारतीय इस्पात प्राधिकरण लि० के पास इसका स्टाक इकट्ठा हो गया यह दोनों ही बातें इस बात की सूचक हैं कि उपयोग करने वाले उद्योग की मांग में कमी हुई है। पैट्रोलियम रिफायनरी उत्पादों और कच्चे तेल दोनों के उत्पादन में क्रमशः 10.3 प्रतिशत और 30.1 प्रतिशत की पर्याप्त वृद्धि हुई। सीमेंट में 11.6 प्रतिशत की तथा नाईट्रोजनयुक्त और फास्फेटिक उर्वरकों के उत्पादन में क्रमः 8.9 प्रतिशत और 3.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वर्ष 1982-83 में रेल के राजस्व अर्जित करने वाले यातायात में 3.0 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

10. औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर में कमी लाने वाले कारण औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि की नीची दर की व्यवस्था करते समय हमें यह बात ध्यान में रखनी होगी कि औद्योगिक उत्पादन में चालू सूचकांकों में भार, 1970 के लिए उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर प्राप्त विभिन्न उद्योगों द्वारा निर्माण के जरिये मूल्य में किये गये अंशदान से लिये जाते हैं। तदनुसार कुछ नये और तेजी से उभरते हुए उद्योगों जैसे कूड, पैट्रोलियम कूड तथा कतिपय इंजीनियरी उद्योगों के सूचकांक में कम भार है।

11. एक महत्वपूर्ण घटक, जिसने समीक्षाधीन वर्ष के दौरान औद्योगिक उत्पादन को स्पष्टतः प्रभावित किया है, वह है भयंकर सूखे के कारण मांग पर पूर्णतः प्रतिकूल प्रभाव और उसके परिणामस्वरूप कृषि आय में कमी। उद्योग द्वारा पिछले वर्ष (जुलाई-जून) के दौरान, 7.6 प्रतिशत पर दर्ज की गयी वृद्धि दर काफी अच्छी थी। स्वभावतः कृषि की दृष्टि से कमजोर इस वर्ष में इस प्रवृत्ति को बनाये नहीं रखा जा सका। कृषि उत्पादन और आय में कमी से मांग पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाले इस सामान्य घटक के अलावा कुछ और भी ऐसे कारण थे जिनकी वजह से उत्पादन में कमी आयी। ये मूलतः उद्योग–विशेष से संबंधित थे। बहुत बड़े निर्माण उद्योग सूती वस्त्र उद्योग के मामले में बम्बई मिलों में लंबी हड़ताल ने न केवल सूती वस्त्र के उत्पादन को प्रभावित किया, बल्कि रसायनों, टैक्सटाईल मशीनरी जैसे अन्य औद्योगिक समूहों के उत्पादों की मांग को भी प्रभावित किया। कुछ अन्य उद्योगों, को, उदाहरण के लिए वाणिज्यिक वाहन और कृषि के लिए ट्रैक्टरों आदि को, पिछले दो वर्षों के दौरान उत्पादन में काफी वृद्धि हो जाने के कारण वर्ष के दौरान अपने उत्पादन में कमी करनी पड़ी। इस मामलों में उत्पादन में धीमेपन का कारण रहा है मांग से पूर्ति का समायोजन। जैसाकि पहले बताया जा चुका है, बिजली उत्पादन में वृद्धि के बावजूद उपलब्धता और आवश्यकता के बीच अंतराल रहा जिसने विशेष रूप से दक्षिणी और पूर्वी क्षेत्रों में उद्योगों को प्रभावित किया। निर्यात मांग में गिरावट ने उद्योगों उदाहरण के लिए जूट निर्माण में 17.5 प्रतिशत की गिरावट ने उत्पादन को धीमा कर दिया यह दावा किया जाता है कि उधार आयातों ने कुछ वस्तुओं के घरेलू उत्पादन पर प्रभाव डाला है। बार बार मोडा-आर का उदाहरण दिया जाता है जिसके मामले में 1979-80 और उसके बाद काफी मात्रा में आयात किया गया। हां, 1982-83 में आयात काफी कम हो गया अनुमान है कि समग्र रूप में वर्ष के दौरान उत्पादन पिछले वर्ष के स्तर पर ही पहुंचा है तथा वर्ष के अन्तर में स्टाक काफी कम थे।

12. राष्ट्रीय आय, बचत तथा निवेश—कृषि उत्पादन में कमी तथा औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर में गिरावट आने के कारण राष्ट्रीय आय पर बहुत प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। रिजर्व बैंक के अनुमानों के अनुसार 1982-83 में वास्तविक निवल राष्ट्रीय उत्पादन की वृद्धि दर एक और दो प्रतिशत के बीच रही जबकि 1981-82 और 80-81 में यह वृद्धि दर क्रमशः 5.0 प्रतिशत और 8.1 प्रतिशत थी। अनन्तिम अनुमान लगाया गया है कि 1982-83 में कुल शुद्ध घरेलू बचत चालू बाजार मूल्यों पर, शुद्ध राष्ट्रीय उत्पादन के 16.8 प्रतिशत के बराबर रहेगी। 1981-82 में यह 16.5 प्रतिशत थी। इससे अनुमानित बचत में थोड़ी सी वृद्धि का पता चलता है। कुल बचत की दर में स्थिरता मुख्य रूप से सार्वजनिक क्षेत्र की बचत में 0.8 प्रतिशत पाइंट की सामान्य गिरावट तथा घरेलू क्षेत्र की बचत में 1.1 प्रतिशत की वृद्धि के कारण आयी थी। हां, शुद्ध राष्ट्रीय उत्पादन में घरेलू निजी निगमित क्षेत्र की बचत का हिस्सा लगातार तीसरे वर्ष में 0.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है। शुद्ध राष्ट्रीय उत्पादन से प्रतिशतता के रूप में शुद्ध देशी बचत और निवेश के अनुमान आगे की सारणी में दिये गये हैं।

शुद्ध देशी बचत एवं निवेश के अनुमान-चालू बाजार कीमतों पर शुद्ध राष्ट्रीय उत्पादन के प्रतिशत के रूप में

क्षेत्र/मद	राजकोषीय वर्ष		
	1980-81	1981-82	1982-83 (अनंतिम)
1	2	3	4
1. घरेलू क्षेत्र, जिसमें से	13.4	12.6	13.7
(क) वित्तीय परिसंपत्तियों में बचत	6.8	6.2	8.0

1	2	3	4
2. सार्वजनिक क्षेत्र	2.1	3.3	2.5
3. देशी निजी निगम क्षेत्र	0.6	0.6	0.6
4. कुल शुद्ध देशी बचत (1+2+3)	16.1	16.5	16.8
5. विदेशी स्रोतों का आगमन	1.9	2.6	2.0
6. कुल शुद्ध निवेश (4+5)	18.0	19.1	18.8

टिप्पणी : 1980-81 तथा 1981-82 के अनुपात पिछले वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट के अनुपात से मेल नहीं खाते क्योंकि राष्ट्रीय आय के अनुमानों में बाद में तथा और आंकड़े उपलब्ध होने पर बचत एवं निवेश में संशोधन किये गये।

13. वित्तीय आस्तियों के रूप में घरेलू क्षेत्र की बचत के अनुपात में उल्लेखनीय सुधार हुआ और यह 1981-82 के शुद्ध राष्ट्रीय उत्पादन के 6.2 प्रतिशत से बढ़कर, 1982-83 में 8.0 प्रतिशत हो गया। इसका श्रेय विशेष रूप से, मुद्रा और जमाराशियों में घरेलू क्षेत्र की बचत में वृद्धि को है। जमाराशियों में वृद्धि मुख्य रूप से वाणिज्य बैंकों के संबंध में हुई। मुद्रा के रूप में ऋण क्षेत्र की बचत 1981-82 में शुद्ध राष्ट्रीय उत्पादन के 0.7 प्रतिशत से बढ़कर, 1982-83 में, 1.3 प्रतिशत हो गयी जबकि जमाराशियों के रूप में बचत, 1981-82 के 4.3 की तुलना में, 1982-83 में अधिक अर्थात् 5.1 प्रतिशत रही। पिछले वर्ष विशेष वाहक बांडों में निवेश के कारण भारत सरकार पर जो दावे काफी बढ़ गये थे, उनमें 1982-83 में भारी गिरावट आयी। इसी तरह, घरेलू क्षेत्र की देयताएं पिछले वर्ष के 2.8 प्रतिशत से घट कर 1982-83 में, शुद्ध राष्ट्रीय उत्पादन के 2.5 प्रतिशत के बराबर रह गयीं। यह गिरावट पूरी तरह से वाणिज्य बैंकों के ऋणों में गिरावट के कारण थी।

14. हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों ने अपने कार्य निष्पादन में सुधार किया, लेकिन केन्द्रीय सरकार के प्रशासन में बचत न होने और राज्य सरकारों तथा उनके विभागीय उपक्रमों में बचत में गिरावट के कारण वर्ष के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र की अनुमानित बचतों में कमी आयी।

15. शुद्ध देशी बचतों में सीमांतिक वृद्धि के बावजूद, शुद्ध राष्ट्रीय उत्पादन के रूप में शुद्ध निवेश 1981-82 के 19.1 प्रतिशत से घटकर, 1982-83 में 18.8 प्रतिशत रह गये। यह गिरावट विदेशों से संसाधनों की प्राप्ति में कुछ कमी के कारण आयी।

16. ऋण नीति विषयक गतिविधियां—1982-83 के अधिकांश भाग में ऋण नीति का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना रहा कि ऋण वृद्धि की गति इतनी बनी रहे कि उत्पादन की मौजूदा रफ्तार में तेजी आये और यह बराबर बनी रहे और साथ ही-साथ मुद्रास्फीतिगत संभावनाओं की वृद्धि पर रोक लगायी जा सके। उद्योगों के चुने हुए क्षेत्रों, जैसे कि पूंजीगत-वस्तु क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया गया जो कि मांग की कमी के कारण पीड़ित थे। सामान्य मूल्य स्तर में सापेक्ष स्थिरता को देखते हुए वाणिज्य बैंकों की उधार ब्याज-दर में कमी की गयी। अलबत्ता, कृषि उत्पादन में गिरावट तथा मूल्यों में तीव्र वृद्धि को देखते हुए ऋण-नीति में, हाल ही में, परिवर्तन आया है और अब सावधानी और संयम से काम लिया जा रहा है। कम काम के मौसम के लिए निर्धारित नीति इस समय चालू है। इसका लक्ष्य यह है कि नकदी प्रारक्षित अनुपात को बढ़ा कर बैंकिंग प्रणाली में उपलब्ध अतिरिक्त नकदी को निष्क्रिय किया जाय तथा वर्ष के दौरान ऋण प्रवाह को ज्यादा से ज्यादा सुचारू बनाया जाये।

17. नीति विषयक उपाय, जुलाई 1982—पिछले वर्ष की रिपोर्ट में उल्लेख के अनुसार अप्रैल और जुलाई 1982 के बीच ऋण नीति में इस बात पर बल दिया गया था कि ऋण संबंधी कार्यों में सामान्य स्थिति फिर से स्थापित हो। इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए तथा बैंकों द्वारा अनुभव किये जा रहे नकदी के दबाव को कम करने की दृष्टि से नकदी प्रारक्षित अनुपात को घटाया गया तथा 1981-82 के उत्तरार्ध में पुनर्वित्त फार्मूलों को उदार बनाया गया। वित्तीय वर्ष 1982-83 के लिए जुलाई 1982 में जारी किये गये ऋण-विस्तार विषयक मार्गदर्शी सिद्धांतों में बताया गया कि खाद्येतर ऋण के विस्तार में लगभग 16.8 प्रतिशत की वही वृद्धि दर बनी रहे जो 1981-82 में थी। इसका अर्थ यह हुआ कि समस्त प्रणाली के लिए यह वृद्धि लगभग 4,600 करोड़ रुपये होगी जबकि पिछले वर्ष वास्तविक वृद्धि 3,943 करोड़ रुपये की थी। उस स्तर पर यह अनुमान लगाया गया था कि 1982-83 में समस्त बैंकिंग प्रणाली की कुल जमाराशियां 6,600 करोड़ रुपये से 7,000 करोड़ रुपये के बीच होंगी। ऐसा प्रतीत हुआ कि 1982-83 के व्यस्त मौसम के दौरान धन की कुछ कमी पड़ सकती है। रिज़र्व बैंक ने यह संकेत दिया कि वास्तविक ऋण आवश्यकताओं की सीमा तक वह इस कमी को पूरा करने और बैंकों के साधनों में सहायता करने को तैयार है।

18. नीति विषयक उपाय, अक्तूबर 1982—व्यस्त मौसम के दौरान अक्तूबर 1982 में की गयी पुनरीक्षा से यह पता चला कि, अर्थव्यवस्था की विकास की दर में कमी आ रही है। अतः इस संबंध में विशेष रूप से प्राथमिक मुद्रा सृजन के संबंध में, निरंतर सावधानी बरतने की आवश्यकता महसूस की गयी। साथ ही, अर्थव्यवस्था के कुछ ऐसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को भी प्रोत्साहन देने की आवश्यकता थी जो मांग में कमी की समस्या से पीड़ित थे। ऐसी स्थिति में ऋण नीति को इस प्रकार निर्धारित करना आवश्यक हो गया कि वह मुद्रा-प्रसार को फिर से बढ़ावा दिये बिना उपलब्ध क्षमताओं के पूर्ण उपयोग में सहायता कर सके। एक ओर अर्थ-व्यवस्था की वास्तविक उत्पादन आवश्यकताओं के लिए बैंक ऋण के विस्तार की आवश्यकता थी तो दूसरी ओर मुद्रा प्रसार प्रवृत्तियों को रोकने के लिए ऋण विस्तार पर सावधानीपूर्वक नियंत्रण करना आवश्यक था। इस तरह, 25 अक्तूबर, 1982 को घोषित ऋण विषयक नीति उपाय, बचत को बढ़ावा देने, संभावित मुद्रा प्रसार को रोकने और मौद्रिक विस्तार पर इस प्रकार नियंत्रण रखने की आवश्यकताओं पर आधारित थे कि कुछ क्षेत्रों की गतिविधियों के प्रोत्साहन के लिए अधिक ऋण उपलब्ध हो जाये।

19. जमाराशियों का नया वर्ग—26 अक्तूबर, 1982 से, पांच वर्ष और उससे अधिक की मियादी जमाराशियों के वर्ग को फिर से प्रारंभ किया गया और उन पर 11 प्रतिशत की दर से ब्याज देने की अनुमति प्रदान की गयी। यह कदम बैंक जमाराशियों विषय कार्यकारी दल की सिफारिशों के अनुसरण में उठाया गया। यह स्मरणीय है कि पांच वर्ष और उससे अधिक अवधि की मीयादी जमाराशियों के वर्ग को मार्च 1981 में समाप्त कर दिया गया था और तीन वर्ष तथा उससे अधिक की अवधि की मीयादी जमाराशियों पर अधिकतम ब्याज की दर 10 प्रतिशत रखी गयी थी। अधिक ब्याज दर पर दीर्घावधि मियादी जमाराशियों के वर्ग को पुनः प्रारंभ करने का उद्देश्य अधिक अवधि की बैंक जमाराशियों के रूप में बचतों पर अधिक लाभ देना तथा जमाराशि जुटाने के बैंकों के प्रयासों में सहायता पहुंचाना था। इस समय उधार की ब्याज दर में कोई परिवर्तन नहीं किया गया लेकिन यह संकेत दिया गया कि उधार की ब्याज दर में कमी करने के प्रश्न पर बाद में विचार किया जायेगा।

20. पुनर्वित्त समायोजन—बैंकों को भारतीय रिज़र्व बैंक से अधिक वित्तीय सहायता मिल सके, इस दृष्टि से पुनर्वित्त फार्मूलों में कुछ समायोजन किये गये। 26 अक्तूबर, 1982 के अंत तक बैंकों को खाद्यान्न ऋण में 2,200 करोड़ रुपये के स्तर से ऊपर की वृद्धि के लिए 50 प्रतिशत की सीमा तक और 2600 करोड़ रुपये के खाद्यान्न ऋण के बकाया स्तर के ऊपर की बकाया के लिए 100 प्रतिशत पुनर्वित्त उपलब्ध कराया गया था। पहली नवम्बर 1982 से 2,200 करोड़ रुपये के स्तर से अधिक की राशि पर आंशिक पुनर्वित्त समाप्त कर दिया गया और बैंकों को 2,500 करोड़ रुपये के बकाया स्तर के ऊपर पूर्ण (100 प्रतिशत)

पुनर्वित्त उपलब्ध कराया गया। निर्यात पुनर्वित्त के संबंध में, पात्रता (वृद्धि का 50 प्रतिशत) की गणना के लिए आधार स्तर को वार्षिक रूप से आगे लाये जाने की सामान्य पद्धति में संशोधन किया गया। संशोधित पद्धति के अनुसार अब बैंक निर्यात-ऋण के 1960 के मासिक औसत स्तर में 1981 के मासिक औसत स्तर तक वृद्धि हुई के 50 प्रतिशत तक और निर्यात ऋण के मासिक औसत स्तर में हुई वृद्धि के शत प्रतिशत तक के पुनर्वित्त के लिए पात्र हो गये। आशा है कि इससे निर्यात ऋण क्षमता में बिना किसी बाधा के वृद्धि हो सकेगी।

21. निवेश को प्रोत्साहन—निवेश के प्रोत्साहन के लिए जो उपाय किये गये वे चयनात्मक रूप से लागू किये गये और उनका लक्ष्य पूंजीगत और मध्यवर्ती वस्तुओं में निवेश को प्रोत्साहन देना था। भारतीय औद्योगिक विकास बैंक को यह वचन दिया गया कि साधनों और नियोजन के बीच असंतुलन की दशा में उसे वित्तीय सहायता उपलब्ध करायी जाएगी ताकि राज्य बिजली बोर्डों और राज्य सड़क परिवहन निगमों को अतिरिक्त सीमा की मंजूरी को सुनिश्चित किया जा सके। राज्य सड़क परिवहन निगमों के मियादी ऋण में बैंकों के हिस्से की अधिकतम सीमा को परियोजना लागत के मियादी ऋण घटक के 25-30 प्रतिशत से बढ़ाकर 40 प्रतिशत कर दिया गया। ट्रैक्टर और ट्रक खरीदने के लिए बैंक ऋणों के संबंध में लागू मार्जिन को 25 प्रतिशत से घटाकर 15 प्रतिशत कर दिया गया। निजी क्षेत्र की ऐसी पार्टियों के मामले में जो ऋण प्राधिकरण योजना के अंतर्गत नहीं आते हैं (तीन वर्ष से अधिक वाले) मियादी ऋणों के लिए ऐसी अधिकतम सीमा को, जिसके लिए रिजर्व बैंक का पूर्व प्राधिकरण आवश्यक होता है, 25 लाख रुपये से बढ़ाकर 50 लाख रुपये कर दिया गया। ऋण प्राधिकरण योजना में न आनेवाली निर्यात अभिमुख बड़ी निर्माण इकाइयों के मामले में, जिनका वार्षिक औसत निर्यात पण्यावर्त पिछले तीन वर्षों में कुल पण्यावर्त का 25 प्रतिशत से अधिक रहा हो, ऐसे मियादी ऋणों (तीन वर्ष से अधिक) की अधिकतम सीमा को, जिसके लिए रिजर्व बैंक का पूर्व प्राधिकरण आवश्यक है, 25 लाख रुपये से बढ़ाकर एक करोड़ रुपये कर दिया गया।

22. ऋण प्राधिकरण योजना की क्रियाविधि में परिवर्तन—निर्यात ऋण सीमाओं की अधिक तेजी से मंजूरी की दृष्टि से ऋण प्राधिकरण योजना की क्रियाविधियों को भी और उदार बनाया गया। ऐसी बड़ी निर्यात अभिमुख निर्माण इकाइयों के मामले में, जिनका निर्यात अंश कुल पण्यावर्त का 25 प्रतिशत से अधिक था, ऋण प्राधिकरण योजना के लिए अधिकतम सीमा को 3 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 5 करोड़ रुपये कर दिया गया साथ ही, ऐसी अतिरिक्त पैकिंग ऋण सीमाओं की मंजूरी के संबंध में भी ढील दी गयी जिनके लिए पूर्व प्राधिकरण आवश्यक था।

23. अन्य रियायती उपाय—इस समय जो अन्य उपाय घोषित किये गये वे प्राथमिकता वाले अथवा वरीयता वाले क्षेत्रों को ऋण से संबंधित थे। राज्यों द्वारा प्रायोजित अनुसूचित जातों/अनुसूचित जनजातियों के संगठनों को अग्रिमों के मामले में 13.5 प्रतिशत की रियायती दर की घोषणा की गयी। कुल बैंक ऋणों में आवास हेतु वित्त के लिए निर्धारित राशि को 100 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 150 करोड़ रुपये कर दिया गया।

24. उधार की ब्याज दरों में कमी—मुद्रा-प्रसार की कम दर को देखते हुए यह महसूस किया गया कि ब्याज की वास्तविक दरें काफी ऊंची हैं। अतः यह निर्णय किया गया कि पहली अप्रैल 1983 से ब्याज-दरों में कमी लायी जाये। सरकार ने भी पहली अप्रैल, 1983 से, ब्याज से अर्जित आय पर कर की दर को घटाकर, आधा करके इस संबंध में अपना योगदान दिया।

25. ब्याज दरों में कमी—0.25 प्रतिशत पाईंट से 1.5 प्रतिशत पाईंटों के बीच की गयी और अधिकतम कमी 19.5 प्रतिशत से 18.0 प्रतिशत के बीच की गयी।

इन परिवर्तनों की कुछ विशेषताएं निम्नलिखित हैं —

(1) ऐसी ब्याज दरों के मामले में, जो 17.5 प्रतिशत और 19.5 प्रतिशत अथवा 17.5 प्रतिशत से अनधिक और 19.5 प्रतिशत से 'अनधिक' पर निर्धारित की गयी थीं, निम्न प्रकार से अनुदिक कमी की गयी है :—

ब्याज दर (प्रतिशत वार्षिक)	
31 मार्च 1983 तक प्रभावी	1 अप्रैल 1983 से प्रभावी
17.5	16.5
17.5 से अनधिक	16.5 से अनधिक
19.5	18.0
19.5 से अनधिक	18.0 से अनधिक

(2) कृषि के लिए अल्पावधि ऋणों के मामले में 1.0 प्रतिशत बिंदु की अनुदिक कमी की गयी।

(3) लघु उद्योगों को अल्पावधि ऋणों के मामले में जो उपर्युक्त (1) में की गयी कमी में शामिल नहीं हैं, की गयी कमी 0.25 प्रतिशत पाईंट से 1.0 प्रतिशत पाईंट के बीच रही।

(4) निर्यातों के लिए अल्पावधि ऋणों के मामले में 0.5 प्रतिशत पाईंट की कमी की गयी।

(5) कारीगरों, ग्रामीण और कुटीर उद्योगों को सहायता देने वाले राज्यस्तरीय निगमों तथा राज्यों द्वारा प्रयोजित अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति विकास निगमों के मामले में 1.0 प्रतिशत पाईंट की कमी की गयी।

26. ब्याज दरों में कमी का उद्देश्य बड़े और मध्यम आकार के उद्योगों, कृषि, लघु उद्योगों और निर्यातकों सहित ऋणकर्ताओं के एक बड़े वर्ग को राहत पहुंचाना था। ऐसे वर्गों की ब्याज दरों में, जिनमें सितंबर 1979 से सबसे अधिक वृद्धि हुई थी, अन्य ऐसे वर्गों की अपेक्षा कुछ अधिक कमी की गयी जिनमें, सितंबर 1979 से, अपेक्षाकृत बहुत कम वृद्धि हुई थी और जिनमें पहले ही रियायत का महत्वपूर्ण अंश मौजूद था। यह आशा की जाती है कि उधार के संशोधित ब्याज-दर ढांचे से वास्तविक उत्पादन की वृद्धि को प्रोत्साहन मिलेगा।

27. नीति विषयक उपाय—अप्रैल 1983—अप्रैल 1983 के अंतिम सप्ताह में जब ऋण नीति की पुनरीक्षा की गयी तो यह दिख रहा था कि वास्तविक वृद्धि में गिरावट आ रही है। दूसरी मुख्य बात थी प्राथमिक मुद्रा में उल्लेखनीय वृद्धि तथा वाणिज्यिक ऋण की मांग में कमी। इन परिस्थितियों के कारण बैंकिंग तंत्र में बड़ी मात्रा में अतिरिक्त नकदी जमा हो गयी। यह भी अनुभव किया गया कि अतिरिक्त नकदी की समस्या कुछ ही समय रहेगी क्योंकि कृषि और औद्योगिक उत्पादन में

वृद्धि के कारण ऋण की मांग में वृद्धि अपेक्षित थी। लेकिन, मांग में यह वृद्धि 1983-84 के वित्तीय वर्ष के उत्तरार्द्ध में ही दिखायी देने की संभावना थी। इस बीच अतिरिक्त नकदी के कारण उत्पन्न होनेवाले संभावित मुद्रा-प्रसार पर नियंत्रण करना आवश्यक था और यह नियंत्रण इस प्रकार से किया जाना था कि उत्पादन की आवश्यक प्रक्रियाओं पर इनका कोई बुरा प्रभाव न पड़े। अतः स्थिति की मांग यह थी कि नकदी के संतुलित उपयोग को सुनिश्चित किया जाये ताकि वास्तविक उत्पादक आवश्यकताओं को पूरे वर्षभर, पर्याप्त रूप से पूरा किया जा सके।

28. वित्तीय वर्ष 1983-84 में ऋण विस्तार से संबंधित मार्गदर्शी सिद्धांत कुछ विस्तृत रूप में जारी किये गये। कार्यकारी अनुमानों के अनुसार 1983-84 में जमाराशियों की वृद्धि 8,000 करोड़ रुपये आंकी गयी जो 1982-83 में 7,100 करोड़ रुपये से थोड़ी अधिक थी बैंकों से यह कहा गया कि वे 1983-84 की प्रथम तिमाही तथा प्रथम छिमाहीं में प्रारंभिक रूप से अधिक ध्यान दें क्योंकि उस समय बैंकिंग तंत्र में समग्र नकदी की स्थिति में सुधार की आशा की गयी थी, हालांकि यह नकदी बैंकों के बीच असमान रूप से वितरित होगी। फिर भी, अनुमान यह था कि बैंक 1,500 करोड़ रुपये का ऋण विस्तार कर सकेंगे जो विद्यमान परिस्थितियों में पर्याप्त समझा गया।

29. अतिरिक्त नकदी का प्रबंध—यह अनुमान लगाया गया कि बैंक उपर्युक्त ऋण विस्तार भारतीय रिज़र्व बैंक से पुनर्वित्त सहायता लिये बिना, अपने स्वयं के साधनों से कर सकेंगे और साथ ही लगभग 1,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त नकदी का सृजन कर सकेंगे। अतः यह विवेक सम्मत समझा गया कि वर्ष की प्रथम छमाही में नकदी को बचा कर रखा जाए और उसका उपयोग केवल वास्तविक उत्पादक ऋण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए ही किया जाये। अतः घोषित किये गये मुख्य नीति विषयक उपाय में जो निवेश दिये गये उनका उद्देश्य नकदी को बचाये रखने में सहायता पहुंचाना था। नकदी प्रारक्षित अनुपात को शुद्ध मांग और समय देयताओं के 7 प्रतिशत से बढ़ाकर 8 प्रतिशत कर दिया गया। यह वृद्धि दो चरणों में प्रभावी की जानी थी: मई 1983 से 0.50 प्रतिशत पाईंट की वृद्धि से 7.50 प्रतिशत और 29 जुलाई 1983 से 0.50 प्रतिशत की दूसरी ऐसी वृद्धि जो प्रारक्षित नकदी अनुपात को 8 प्रतिशत तक पहुंचा दे। इस बात पर जोर दिया गया कि नकदी प्रारक्षित अनुपात में यह वृद्धि अस्थायी नकदी को उस समय तक समाहित करने के लिए की गयी है जब तक कि उत्पादक ऋण के रूप में निधियों के नियोजन के लिए उपयुक्त परिस्थितियां तैयार नहीं हो जाती। इसके साथ ही, रिज़र्व बैंक के पास न्यूनतम 3 प्रतिशत से अधिक मात्रा में रहनेवाले बैंकों के जमाशेषों पर दिये जानेवाले ब्याज की दर भी पहली मई 1983 से 8 प्रतिशत से बढ़ाकर 9 प्रतिशत कर दी गयी*। इस तथ्य को स्वीकार करते हुए कि अतिरिक्त नकदी बैंकिंग-तंत्र में असमान रूप से वितरित है, ऐसे बैंकों को जो प्रारक्षित नकदी के बढ़ाये गये अनुपात को पूरा करने में कठिनाइयां महसूस कर रहे थे, यह आश्वासन दिया गया कि उन्हें मामले के गुणदोषों के आधार पर, अल्पावधि के लिए, विवेकाधीन पुनर्वित्त उपलब्ध कराया जायेगा। खाद्य पुनर्वित्त फार्मूले के संबंध में बकाया खाद्य ऋणों की उस अधिकतम सीमा को जिस पर बैंकों को शत प्रतिशत पुनर्वित्त उपलब्ध था, पहली जुलाई 1983 से 2,500 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 2,800 करोड़ रुपये कर दिया गया।

30. अन्य उपाय —अन्य उपाय कुछ चुने हुए क्षेत्रों को प्रोत्साहन देने के लिए किये गये। अक्तूबर 1982 में राज्य बिजली बोर्डों और राज्य सड़क परिवहन निगमों को अतिरिक्त सीमाओं की मंजूरी के लिए, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक के साधनों में वृद्धि की जो व्यवस्था की गयी थी उसे चालू रखा गया। ऋण नीति की पुनर्वितरण की वरीयताओं को सुदृढ़ करने की दृष्टि से अनुसूचित जातियों/जनजातियों के स्वनियोजित लोगों तथा महिलाओं को दिये जानेवाले बैंक ऋणों पर ब्याज की दरों में कमी की गयी। उर्वरकों के खुदरा व्यापार और बीज के उत्पादन और वितरण के संबंध में लागू ब्याज दरों में भी कमी लायी गयी। बैंकों को सहायता पहुंचाने के उद्देश्य से निर्यात पुनर्वित्त के लिए बैंकों की पात्रता के संबंध में अपनाये जा रहे वर्तमान आधार में कोई परिवर्तन नहीं किया गया। यह सुनिश्चित करने के लिए कि छोटे पैमाने के पूर्तिकर्ताओं को अपने बिलों का भुगतान बड़े पैमाने के उत्पादकों से शीघ्रतापूर्वक मिल सके, पहले से निर्धारित कुछ ऋण-मानदंडों पर फिर से जोर दिया गया ताकि उन्हें और अधिक प्रभावी रूप से लागू किया जा सके।

31. नकदी की बड़ी मात्रा में उपलब्धता में मुद्रा प्रसार की आशंका निहित है। अतः वर्तमान ऋण नीति विषयक उपायों का उद्देश्य इस अल्पकालीन अतिरिक्त नकदी को बैंकिंग प्रणाली में समाहित करना है। लेकिन, साथ ही, यह स्पष्ट कर दिया गया है कि परिस्थितियों की मांग के अनुसार नीति में परिवर्तन किये जा सकते हैं। ऋण नीति के लचीलेपन को तथा आर्थिक स्थिति के अल्पकालीन परिवर्तन के बारे में त्वरित प्रतिक्रिया कर सकने की इसकी क्षमता को अतीत काल में पूरी तरह से प्रदर्शित किया जा चुका है। वर्तमान परिस्थितियों में यह अपरिहार्य है कि ऋणनीति का जोर सावधानी पर रहे।

32. मुद्रा, ऋण तथा मूल्यों की प्रवृत्तियां—समीक्षाधीन वर्ष के दौरान मुद्रा पूर्ति में वृद्धि की दर पिछले वर्ष की तुलना में ऊंची थी सारणी 1 देखने से पता चलेगा कि 1982-83 (जुलाई-जून) में एम[1] में 12.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि पिछले वर्ष 10.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। एम[3] (एम[1]+मीयादी जमाराशियों) के रूप में वृद्धि 12.9 प्रतिशत की तुलना में 15.3 प्रतिशत रही।

*प्रारक्षित नकदी अनुपात 27 अगस्त, 1983 से आधा प्रतिशत पाइंट और बढ़ाकर 8.5 प्रतिशत कर दिया गया था।

सारणी 1—मुद्रा स्टॉक (एम 3) में घट-बढ़

(करोड़ रुपये)

	(जून 1981 के अंत से जून 1982 तक)		जून 1982 के अंत से जून 1983 तक + @	
	पूर्ण	प्रतिशत	पूर्ण	प्रतिशत
	1	2	3	4
1. एम3 (क+ख+ग):				
	+7,556	+12.9	+10,108	+15.3
(क) जनता के पास मुद्रा	+1,662	+12.0	+2,378	+15.3
(ख) बैंकों के पास कुल जमा-राशियां (I+II)				
	+6,021	+13.6	+7,683	+15.2

	1	2	3	4
(I) मांग जमाराशियां	+972	+9.8	+835	+7.7
(II) मीयादी जमाराशियां	+5,049	+14.6	+6,848	+17.3
(ग) रिजर्व बैंक के पास अन्य जमाराशियां	—127	—51.8	+47	+39.8
I. एम1 (क+ख(i)+ग)	+2,507	+10.4	+3,260	+12.3
III. मुद्रा स्टॉक के स्त्रोत (एम3) (1+2+3+4—5)				
1. सरकार को शुद्ध बैंक ऋण (अ+आ)	+6,284	+22.2	+4,933	+14.2
(अ) सरकार को रिजर्व बैंक का शुद्ध ऋण (I-II)	+4,615	+25.6	+3,044	+13.4
(I) सरकार पर दावे (क+ख)	+4,716	+25.7	+3,397	+15.7
(क) केन्द्र सरकार	+4,836	+26.7	+3,184	+13.9
(ख) राज्य सरकारें	—120	—49.0	+213	+170.4
(II) रिजर्व बैंक के पास सरकारी जमाराशियां (क+ख)	+100	+33.3	+353	+88.3
(क) केन्द्र सरकार	—61	—28.5	+400	+261.4
(ख) राज्य सरकारें	+161	+187.2	+47	+19.4
(आ) सरकार को अन्य बैंकों का ऋण	+1,665	+16.2	+1,869	+15.7
2. वाणिज्य क्षेत्र को बैंक ऋण (अ+आ)	+6,402	+16.9	+7,745	+17.5
(अ) वाणिज्य क्षेत्र को रिजर्व बैंक का ऋण	+417	+23.6	+291	+13.3
(आ) वाणिज्य क्षेत्र को अन्य बैंक ऋण (I+III+1)	+5,985	+16.6	+7,454	+17.7
(i) वाणिज्य बैंकों द्वारा बैंक ऋण	+3,630	+13.7	+5,750	+19.9
(ii) सहकारी बैंकों द्वारा बैंक ऋण	+1,230	+25.4	+564	+9.3
(iii) वाणिज्य एवं सहकारी बैंकों द्वारा अन्य प्रतिभूतियों में निवेश	+1,125	+24.3	+1,140	+19.8
3. बैंकिंग क्षेत्र की शुद्ध विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां (अ+आ)	—1,955	—46.2	—381	—16.7
(अ) रिजर्व बैंक की शुद्ध विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां (i—ii)	—1,955	—45.7	—381	—16.4
(i) सकल विदेशी परिसंपत्तियां	—1,053	—23.1	+1,531	+43.7
(ii) मुद्रेतर विदेशी देयताएं	+902	+330.4	+1,912	+162.7
(आ) दूसरे बैंक की शुद्ध विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां	—	—	—	—
4. जनता को सरकार की मुद्रा देयतायें	+36	+5.7	+7	+1.0

	1	2	3	4
5. मीयादी जमाराशियों के अलावा बैंकिंग क्षेत्र की शुद्ध मुद्रेतर देयतायें (अ+आ)	+3,211	+25.9	+2,176	+13.9
(अ) रिजर्व बैंक की शुद्ध मुद्रेतर देयतायें	+1,371	+27.7	+119	+1.9
(आ) अन्य बैंकों की शुद्ध मुद्रेतर देयतायें (गृहीत)	+1,840	+24.7	+2,057	+22.1

+अनन्तिम

@नाबार्ड की स्थापना के कारण अपेक्षित कुल राशियों के पुनर्वर्गीकरण के परिणामस्वरूप ये घट-बढ़ 12 जुलाई, 1982 के स्तोत के घटकों में परिवर्तनों से मेल नहीं खाती ।

*नाबार्ड की स्थापना के बाद से बैंकों का इसके द्वारा दिया गया पुनर्वित्त शामिल नहीं है ।

टिप्पणी : (1) चूंकि अलग-अलग मदों के आंकड़े पूर्णांकित किये गये हैं, इसलिये जोड़ों में वे वृद्धि नहीं कर सकते ।
(2) रिजर्व बैंक के आंकड़े जून के अंतिम दिन के हैं ।अन्य आंकड़े जून के अंतिम शुक्रवार के हैं ।

33. मुद्रा आपूर्ति—जिन कारणों से यह परिवर्तन हुआ, वे कुछ खास लक्षण बताते हैं । 1982-83 में सरकार को दिये गये शुद्ध बैंक-ऋण में वृद्धि, पिछले वर्ष की तुलना में काफी कम रही । प्रतिशतता की दृष्टि से यह वृद्धि 22.2 प्रतिशत की तुलना में मात्र 14.2 प्रतिशत थी । हालांकि 1982-83 (जुलाई-जून) में वाणिज्य क्षेत्र में बैंक-ऋण में वृद्धि 1,343 करोड़ रुपये के आसपास रही, प्रतिशतता की दृष्टि से इस वृद्धि में 1981-82 की वृद्धि से कोई विशेष अंतर नहीं हुआ । आलू वर्ष के दौरान मुद्रा विस्तार के पीछे एक प्रमुख कारण यह था कि विदेशी मुद्रा आस्तियों में गिरावट के प्रतिकूल प्रभाव मे कमी आयी थी । शुद्ध रूप में 1982-83 में बैंकिंग क्षेत्र की शुद्ध विदेशी मुद्रा आस्तियों में आयी गिरावट मात्र 381 करोड़ रुपये के आसपास रही जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में 1,955 करोड़ रुपये की गिरावट आयी थी ।

34. प्रारक्षित निधियां.—वर्ष के दौरान प्रारक्षित मुद्रा में हुई 13.8 प्रतिशत की वृद्धि 1981-82 की इसी अवधि के दौरान दर्ज की गयी 9.7 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में अधिक है (सारणी 2) । सरकार पर रिजर्व बैंक के दावे पिछले वर्ष के 25.6 प्रतिशत की तुलना में काफी धीमी गति से अर्थात् 13.4 प्रतिशत की दर से बढ़े, जबकि वाणिज्य और सहकारी बैंकों पर दावों में काफी गिरावट देखने में आयी । विदेशी मुद्रा की गिरावट में उल्लेखनीय कमी आयी और वह 1981-82 के 1,955 करोड़ रुपये अथवा 43.7 प्रतिशत से घटकर 1982-83 में 381 करोड़ रुपये अथवा 16.4 प्रतिशत रह गयी ।

35. बैंकिंग चल राशियों में घटबढ़.—सारणी 3 में दिये गये बैंकिंग चल राशियों के आंकड़ों से पता चलता है कि वर्ष के दौरान जमराशियों और ऋणों दोनों ही में हुई वृद्धि 1981-82 की तुलना में अधिक रही और यह भी कि ऋणों में हुई वृद्धि अधिक उल्लेखनीय थी । हालांकि पिछले वर्ष खाद्यान्न ऋणों में अधिक विस्तार हुआ, यह असमानता, मुख्य रूप से सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों सहित वाणिज्य क्षेत्र को गैर-खाद्यान्न ऋणों के कारण रही । गैर खाद्यान्न ऋण में 1981-82 में 3,007 करोड़ रुपये अथवा 12.4 प्रतिशत की तुलना में 1982-83 में 4,987 करोड़ रुपये अथवा 18.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई । रिजर्व बैंक से लिये गये बैंकों के ऋणों में पिछले वर्ष की थोड़ी-सी वृद्धि की तुलना में इस वर्ष 63 करोड़ रुपये की गिरावट आयी । निवेशों में वृद्धि पिछले वर्ष की तुलना में 218 करोड़ रुपये अधिक रही जिससे इस बात का पता चलता है कि अधिक ऋण विस्तार के दबाव के बावजूद बैंकों की नकदी निधि स्थिति काफी अच्छी रही ।

सारणी 2—प्रारक्षित मुद्रा में उतार-चढ़ाव

(करोड़ रुपये)

	(जून 1981 के अंत से जून 1982 के अंत तक)		(जून 1982 के अंत से जून, 1983 के अंत तक)@+	
	पूर्ण	प्रतिशत	पूर्ण	प्रतिशत
I. प्रारक्षित मुद्रा (1+2+3+4)	+2,022	+9.7	+3,142	+13.8
1. जनता के पास मुद्रा	+1,662	+12.0	+2,378	+15.3
2. रिजर्व बैंक के पास अन्य जमा राशियां	—127	—51.8	+47	+39.8
3. बैंकों के पास नकदी	+26	+2.4	—23	—2.1
4. रिजर्व बैंक के पास बैंकों की जमा राशियां	+461	+8.3	+740	+12.2
II. प्रारक्षित मुद्रा के स्त्रोत (1+2+3+4+5+6)				
निम्नलिखित पर रिजर्व बैंक के दावे :				
1. सरकार (शुद्ध)	+4,615	+25.6	+3,044	13.4

	1 पूर्ण	2 प्रतिशत	3 पूर्ण	4 प्रतिशत
2. वाणिज्य एवं सहकारी बैंक	+279	+26.9	—720	—54.7
3. नाबार्ड	—	—	+1,020	—
4. वाणिज्य क्षेत्र*	+417	+23.6	+291	+13.3
5. रिजर्व बैंक की शुद्ध विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां	—1,955	—45.7	—381	—16.4
6. जनता को सरकारी मुद्रा देयतायें	+36	+5.7	+7	+1.0
7. रिजर्व बैंक की शुद्ध मुद्रेतर देयतायें	+1,371	+27.7	+119	+1.9

†अनन्तिम

@नाबार्ड की स्थापना के कारण अपेक्षित कुल राशियों के पुनर्वर्गीकरण के कारण परिणामस्वरूप ये घट-बढ़ 12 जुलाई 1982 के बीच के घटकों में परिवर्तनों से मेल नहीं खाती।

*इस में वित्तीय संस्थाओं तथा भूमि बंधक बैंकों के शेयरों/बांडों में निवेश और उन्हें दिये गये ऋण तथा खरीदे एवं भुनाये गये आतरिक बिलों का धारण करना शामिल है। नाबार्ड की स्थापना के बाद से बैंकों को इसके द्वारा दिया गया पुनर्वित्त शामिल नहीं है।

टिप्पणी : 1. चूंकि अलग-अलग मदों के आंकड़े पूर्णांकित किये हैं, इसलिए जोड़ों में वृद्धि नहीं कर सकते।

2. बैंकों के पास नकदी के आंकड़े अंतिम शुक्रवार से संबंधित हैं। रिजर्व बैंक के आंकड़े जून के अंतिम दिन के हैं।

36. क्षेत्रवार वितरण—सकल बैंक ऋण के मार्च 1983 के अंत तक उपलब्ध क्षेत्रवार वितरण के आंकड़े सारणी 4@ में दर्शाये गये हैं। जुलाई 1982-मार्च 1983 की अवधि के दौरान बैंक ऋणों ने 1981-82 की इसी अवधि के दौरान हुए 3,274 करोड़ रुपये (12.6 प्रतिशत) के विस्तार की तुलना में 4,295 करोड़ रुपये (14.4 प्रतिशत) का अपेक्षाकृत अधिक विस्तार दिखलाया। खाद्यान्न वसूली ऋणों में 217 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान 75 करोड़ रुपये की गिरावट आयी थी। गैर-खाद्यान्न ऋणों में 4,078 करोड़ रुपये (15.1 प्रतिशत) की वृद्धि हुई जबकि 1981-82 की इसी अवधि के दौरान 3,349 करोड़ रुपये (14.1 प्रतिशत) की वृद्धि हुई थी। उपलब्ध आंकड़ों से यह पता चलता है कि गैर-खाद्यान्न ऋणों में अधिक वृद्धि मुख्य रूप से मझौले और बड़े औद्योगिक क्षेत्र को दिये जाने वाले वृद्धिशील ऋणों में पर्याप्त वृद्धि के कारण हुई थी। इस वृद्धि का एक बहुत बड़ा हिस्सा केवल सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों के ऋणों में वृद्धि के कारण था। लोहा और इस्पात उद्योग द्वारा, जो कमोबेश पूरी तरह से सार्वजनिक क्षेत्र का है, उपभोग में लाया गया अतिरिक्त ऋण, मझौले तथा बड़े उद्योगों को दिये गये ऋणों में हुई कुल वृद्धि का लगभग तिहाई हिस्सा था। प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों को दिये गये ऋणों में वृद्धि पिछले वर्ष की तुलना में काफी कम रही।

37. जुलाई 1982-मार्च 1983 के दौरान मझौले और बड़े उद्योगों को दिये गये वृद्धिशील ऋण पिछले वर्ष की इसी अवधि के 1,172 करोड़ रुपये की तुलना में 1,856 करोड़ रुपये रहे। कुल वृद्धिशील गैर-खाद्यान्न सकल ऋणों में बड़े और मझौले उद्योगों का हिस्सा पिछले वर्ष की इसी अवधि के 35.0 प्रतिशत की तुलना में 45.5 प्रतिशत रहा। सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों को अधिक मात्रा में ऋणों की उपलब्धता इसका एक प्रमुख कारण रही। मार्च 1983 के अंत में मझौले और बड़े उद्योगों पर बकाया ऋण 13,048 करोड़ रुपये थे जो कुल सकल बैंक ऋण का 38.3 प्रतिशत बैठते हैं।

38. लघु उद्योग सहित औद्योगिक ऋणों का वितरण सारणी 5 में दिया गया है। वे प्रमुख उद्योग, जिनके कारण वृद्धि हुई, ये थे, लोहा और इस्पात (575 करोड़ रुपये), इंजीनियरी ग्रुप (572 करोड़ रुपये), सूती वस्त्र (142 करोड़ रुपये), रसायन और संबंधित उद्योग (140 करोड़ रुपये)।

39. प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों की अग्रिमों में जुलाई 1982-मार्च 1983 के दौरान हुई, 1,543 करोड़ रुपये की वृद्धि पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान हुई, 1,710 करोड़ रुपये की वृद्धि के मुकाबले कम रही। यह कमी वाणिज्यिक क्षेत्र को, विशेषकर, दिसंबर 1982 से सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों को बैंक ऋण में तीव्र वृद्धि के कारण हुई, लेकिन पिछले कुछ महीनों में सभी बैंकों ने प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों को दिये जाने वाले अग्रिमों में वृद्धि की है। अलग-अलग बैंकों के साथ किये गये ऋण बजट विषयक विचार-विमर्श से यह पता चलता है कि प्राथमिकता प्राप्त अग्रिमों के संबंध में वे अपने लिए निर्धारित लक्ष्यों को पूरा कर सकेंगे। मार्च 1983 के अंत में प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों को दिये गये अग्रिम शुद्ध बैंकों का 37.0 प्रतिशत थे। एक वर्ष पहले ये अग्रिम शुद्ध बैंक ऋणों का 37.7 प्रतिशत थे।

सारणी 3—महत्वपूर्ण बैंकिंग निर्देशकों में उतार-चढ़ाव (अनुसूचित वाणिज्य बैंक)

(करोड़ रुपये)

मदें	निम्नलिखित तारीखों को बकाया राशि			वित्तीय वर्षों में उतार-चढ़ाव	
	26 जून 1981	25 जून 1982	24 जून 1983*	1981-82	1982-83
	1	2	3	4	5
कुल मांग एवं मीयादी देयताएं (इसमें रिजर्व बैंक/भा० औ० वि० बैंक तथा नाबार्ड से लिये गये उधार शामिल नहीं हैं)	44,482	50,009	57,748	+5,527	+7,739
कुल जमाराशियां	40,549	46,128	53,566	+5,579	+7,438
				+(13.8)	+(16.1)

@आंकड़े उन 50 बैंकों से संबंधित हैं, जिन्होंने विवरणी प्रस्तुत की है। कृपया सारणी 4 की पाद टिप्पणियां देखें।

	1	2	3	4	5
रिजर्व बैंक से उधार	564@	572@	509	+8	—63
बैंक ऋण शुद्ध	26,551	30,180	35,929	+3,629 (+13.7)	+5,749 (+19.1)
रिजर्व बैंक के पास पुनर्भुनाये गये बिल	3	—	—	—3	—
खाद्यान्न ऋण	2,202	2,825	3,587	+623	+762
गैर-खाद्यान्न सकल बैंक ऋण	24,348	27,355	32,342	+3,007 (+12.4)	+4,987 (+18.2)
निवेश	14,222	16,945	19,886	+2,723 (+19.1)	+2,941 (+17.4)
(क) सरकारी प्रतिभूतियाँ	9,975	11,617	13,460	+1,642	+1,843
(ख) अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियां	4,247	5,328	6,426	+1,081	+1,098
हाथ में नकदी	985	999	983	+14	—16
रिजर्व बैंक के पास शेष राशियां	4,517	4,771	5,413	+254	+372
सकल ऋण जमा अनुपात (प्रतिशत)	65.5	65.4	67.1		
गैर-खाद्यान्न सकल ऋण-जमा अनुपात (प्रतिशत)	60.0	59.5	60.4		

*अंशतः संशोधित।

@12 जुलाई, 1982 को नाबार्ड को दिये गये क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के उधार इसमें शामिल हैं।

टिप्पणी : कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े प्रतिशत घट-बढ़ को दर्शाते हैं।

सारणी 4—सकल बैंक ऋण का क्षेत्रवार नियोजन

(करोड़ रुपये)

क्षेत्र	बकाया		घट-बढ़	बकाया		घट-बढ़
	जून 1981	मार्च 1982	जून 1981 से मार्च 1982 के बीच	जून 1982@	जून 1983@	जून 1982 से मार्च 1983 के बीच
	1	2	3	4	5	6
I. सार्वजनिक खाद्यान्न वसूली	2,202	2,127	—75	2,824	3,041	217
II. (क) प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र	8,966	10,676	+1,710 (51.1)	10,683	12,226	+1,543 (37.8)
(i) कृषि	3,783	4,615	+832 (24.8)	4,588	5,239	+651 (16.8)
(ii) लघु उद्योग	3,406	3,901	+495 (14.8)	3,921	4,447	+526 (12.9)
(iii) अन्य प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र	1,777	2,160	+383 (11.5)	2,174	2,540	+366 (8.9)
(ख) उद्योग (मझौले और बड़े)	9,983	11,155	+1,172 (35.0)	11,192	13,048	+1,856 (45.5)
(ग) थोक व्यापार (खाद्यान्न वसूली के अतिरिक्त)	2,000	2,198	+198 (5.9)	2,152	2,324	172 (4.2)
(i) भारतीय कपास निगम	232	255	+23 (0.7)	271	287	+16 (0.4)
(ii) भारतीय खाद्य निगम (उर्वरक ऋण)	313	411	+98 (2.9)	454	431	—23 (—0.6)
(iii) भारतीय जूट निगम	70	115	+45 (1.3)	102	74	—28 (—0.7)
(iv) अन्य व्यापार	1,385	1,417	+32 (1.0)	1,325	1,582	+207 (5.1)
(घ) अन्य क्षेत्र	2,737	3,006	+269 (8.0)	2,918	3,425	+507 (12.5)

	1	2	3	4	5	6
III गैर-खाद्यान्न सकल बैंक ऋण (क+ख+ग+घ)	23,686	27,035	+3,349 (100.0)	26,945	31,023	+4,078 (100.0)
उसमें से :						
निर्यात ऋण	1,728	1,796	68	1,735	1,738	+3
IV सकल बैंक ऋण (I+II)	25,888	29,162	+3,274	29,769	34,064	+4,295

@ अनंतिम ।

टिप्पणी— 1. आंकड़ों का संबंध उन 50 बैंकों से है जो सकल बैंक ऋण का लगभग 96 प्रतिशत प्रदान करते हैं। इसके अतिरिक्त, इन आंकड़ों में रिजर्व बैंक के पास पुनर्भुनाए गए बिलों को शामिल करने के अलावा वे बिल भी शामिल हैं जो भा. औ. वि. बैंक तथा अन्य अनुमोदित संस्थाओं के पास पुनर्भुनाए जाते हैं और इसमें सहभागिता प्रमाणपत्र शामिल हैं।

2. कोष्ठकों में दिए गए आंकड़े गैर-खाद्यान्न वर्धमान ऋण के अनुपात के अनुसार हैं।

40. अवधि के दौरान प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्रों का अंश अग्रिमों में हुई 1,543 करोड़ रुपये की वृद्धि में कृषि और लघु उद्योगों का क्रमशः 651 करोड़ रुपये तथा 526 करोड़ रुपये रहा जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान यह वृद्धि क्रमशः 832 करोड़ रुपये तथा 495 करोड़ रुपये रही। कृषि क्षेत्र को दिये गये अग्रिम मार्च 1983 के अंत की स्थिति के मुताबिक 5,229 करोड़ रुपये थे। ये प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्रों को दिये गये कुल अग्रिमों के 42.9 प्रतिशत थे। एक वर्ष पहले यह प्रतिशत 43.2 था। लघु उद्योगों को दिये गये अग्रिम, जो 4,447 करोड़ रुपये थे, कुल ऋण के 36.4 प्रतिशत रहे। एक वर्ष पहले यह प्रतिशत 33.5 था।

41. थोक व्यापार (खाद्यान्न वसूली को छोड़कर) को अग्रिमों में 172 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई जबकि वर्ष के दौरान 198 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई थी। यह वृद्धि मुख्यतः "अन्य व्यापार" को (207 करोड़ रुपये) तथा अंशतः भारतीय कपास निगम को (16 करोड़ रुपये) दिये गये ऋणों के कारण हुई। हां, भारतीय जूट निगम को दिये गये अग्रिमों में 28 करोड़ रुपये की गिरावट आई। अन्य 20 क्षेत्रों को, ऋणों में, जो बाकी क्षेत्रों के द्योतक हैं और जिनमें वित्तीय संस्थाओं और किराया खरीद एजेंसियों को अग्रिम तथा व्यक्तिगत ऋण आदि शामिल हैं, जुलाई-मार्च 1982-83 के दौरान 507 करोड़ रुपये की उल्लेखनीय वृद्धि हुई जबकि 1981-82 की इसी अवधि में केवल 269 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई थी।

42. चीनी के बफर स्टॉक.—पण्य-विपणन के संबंध में एक महत्वपूर्ण गतिविधि यह रही कि सरकार ने 1981-82 चीनी वर्ष के उत्पादन के खुली बिक्री कोटे में से 5 लाख टन चीनी का बफर स्टाक बनाने का निर्णय किया। यह बफर स्टाक चीनी मिलों द्वारा यथानुपात आधार पर बनाए रखे गये स्टाक के रूप में रखा जाता है। बैंकों को मार्जिन अपेक्षाएं समाप्त करके बफर स्टाक का पूरा वित्तपोषण करना है। बफर को जाने वाली ब्याज दरों के संबंध में कोई रियायत नहीं है। बफर स्टाक रखने में आई लागतों और ब्याज प्रभारों के लिए भारत सरकार मिलों को प्रतिपूर्ति करेगी। इस योजना को अपना वित्तपोषण स्वयं करने में सक्षम बनाने के लिए नवंबर 1982 से चीनी पर उपकर प्रभार 5 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 14 रुपये प्रति क्विंटल कर दिये गये थे। 1981-82 के मौसम के दौरान चीनी उद्योग को बैंक ऋण जून 1982 में 527 करोड़ रुपये के सर्वोच्च स्तर तक पहुंच गया। यह अप्रैल 1981 के पिछले वर्ष के 348 करोड़ रुपये के सर्वोच्च स्तर से काफी ऊंचा था।

43. बैंकों को रिजर्व बैंक की सहायता.—वर्ष के दौरान अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के लिए रिजर्व बैंक की वित्तीय सहायता नीति के मूल ढांचे के भीतर ही पुनर्वित सुविधाओं में कतिपय संशोधन किये गये। जैसा कि पहले बताया जा चुका है, खाद्यान्न और निर्यात ऋण के वास्ते पुनर्वित्त की सुविधाओं के संबंध में ये परिवर्तन किये गये थे ताकि बैंक उन क्षेत्रों में अपने वचनों को संसाधन विषयक अवांछित कठिनाइयों के बिना ही पूरा कर सकें। बैंकों को उनके संसाधनों की व्यवस्था में सहायता करने की दृष्टि से सहवर्ती (स्टैण्डबाई) पुनर्वित्त सुविधा को भी उपलब्ध बनाया गया। वर्ष के दौरान रिजर्व बैंक द्वारा उपलब्ध कराई गयी वित्तीय सुविधाओं की प्रवृत्तियों की चर्चा नीचे की जा रही है :

सारणी 5—सकल बैंक ऋण का उद्योगवार नियोजन

(करोड़ रुपये)

उद्योग	बकाया राशि		घटबढ़	बकाया राशि		घटबढ़
	जून 1981	मार्च 1982	जून 1981 से मार्च 1982 तक	जून 1982@	मार्च 1983@	जून 1982 से मार्च 1983 तक
	(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
उद्योग (लघु, मझोले एवं बड़े उद्योगों का योग)	13,389	15,056	+1,667	15,113	17,495	+2,382
1. कोयला	55	53	—2	72	59	—13
2. लोहा और इस्पात	648	856	+208	942	1517	+575
3. अन्य धातुएं एवं उनके उत्पाद	462	527	+65	524	601	+77

1	2	3	4	5	6	7
4. सभी इंजीनियरी	3,266	3,817	+551	3,831	4,403	+572
5. विद्युत (निर्माण एवं ट्रान्समिशन)	181	259	+78	227	249	+22
6. सूती वस्त्र उद्योग	1,174	1,281	+107	1,200	1,342	+142
7. जूट वस्त्र उद्योग	168	187	+19	181	202	+21
8. अन्य वस्त्र उद्योग	723	842	+119	842	944	+102
9. चीनी	278	403	+125	527	570	+43
10. चाय	232	265	+33	272	277	+5
11. वनस्पति तेल (वनस्पति सहित)	188	215	+27	208	234	+26
12. तम्बाकू एवं तम्बाकू के उत्पाद	138	133	—5	146	143	—3
13. कागज एवं कागज के उत्पाद	298	357	+59	360	398	+38
14. रबड़ एवं रबड़ के उत्पाद	264	280	+16	275	306	+31
15. रसायन, रंजक, रंग, दवाइयां एवं औषधियां	1,529	1,672	+143	1,711	1,851	+140
उनमें से : उर्वरक	(299)	(329)	(+30)	(360)	(336)	(—24)
16. सीमेंट	135	158	+23	157	192	+35
17. चमड़ा एवं चमड़े के उत्पाद	188	220	+32	220	262	+42
18. निर्माण	125	143	+18	151	192	+41
19. नयी योजना के अंतर्गत विदेशों से प्राप्त जहाज	303	307	+4	309	327	+18
20. पेट्रोलियम	687	431	—256	299	102	—197
21. शेष उद्योग	2,347	2,650	+303	2,659	3,324	+665

@अनंतिम

44. खाद्यान्न ऋण पुनर्वित्त.—जून 1982 के अंतिम शुक्रवार को बैंक 347 करोड़ रुपये की खाद्यान्न पुनर्वित्त सीमा के पात्र थे, जिसमें से उन्होंने केवल 29 करोड़ रुपये का उपभोग किया । यह पात्रता 17 जून 1982 को 1,094 करोड़ रुपये के उच्चतम स्तर पर पहुंच गयी । बकाया राशियां दिसंबर 1982 में 389 करोड़ रुपये के उच्चतम स्तर तक पहुंच गयीं । इसके बाद बकाया राशियां जून 1983 के अंतिम शुक्रवार तक, 1,087 करोड़ रुपये की पात्रता की तुलना में घट कर 113 करोड़ रुपये रह गयी ।

45. निर्यात ऋण पुनर्वित्त—बैंकों की निर्यात पुनर्वित्त पात्रता जून 1982 के अंतिम शुक्रवार को 163 करोड़ रुपये की थी । इसके बाद बैंकों की निर्यात पुनर्वित्त पात्रता में क्रमशः गिरावट आयी और वे 3 दिसंबर 1982 को 57 करोड़ रुपये के न्यूनतम स्तर तक पहुंच गयी। इसके बाद इसमें धीमी वृद्धि देखने में आयी और जून 1983 की स्थिति के अनुसार बैंक 161 करोड़ रुपये के निर्यात पुनर्वित्त के पात्र हो गये । यह स्तर एक वर्ष पहले के 163 करोड़ रुपये के स्तर से थोड़ा-सा नीचे था । बैंकों द्वारा निर्यात पुनर्वित्त पात्रता का उपभोग 10 दिसंबर 1982 के 7 करोड़ रुपये के न्यून और अप्रैल 1983 में 99 करोड़ रुपये के उच्च स्तर के बीच चढ़ता उतरता रहा । जून 1983 के अंतिम शुक्रवार को बकाया राशियां 33 करोड़ रुपये थी ।

46. सहवर्ती पुनर्वित्त.—जून 1982 के अंतिम शुक्रवार की स्थिति के अनुसार कोई भी सहवर्ती (स्टैण्डबाइ) ऋण बकाया नहीं था । जुलाई 1982 से जून 1983 के दौरान बैंकों को मंजूर की गयी विवेकाधीन पुनर्वित्त सीमा का उच्चतम स्तर अप्रैल के अंत में 24 करोड़ रुपये था, जिसमें से 15 करोड़ रुपये बकाया थे । इसकी तुलना में अप्रैल 1982 में इसकी उच्चतम सीमा 97 करोड़ रुपये थी जिसके विरुद्ध 6.7 करोड़ रुपये की राशि बकाया थी । जून 1983 के अंतिम शुक्रवार की स्थिति के अनुसार, मंजूर की गयी सीमाएं 20 करोड़ रुपये थीं और इसमें से कोई राशि बकाया नहीं थी ।

47. विवेकाधीन पुनर्वित्त.—बैंकों को मंजूर की गयी विवेकाधीन पुनर्वित्त सीमाओं में वर्ष के दौरान तेज गिरावट आयी, 1982-83 के दौरान बैंकों को मंजूर की गयी सीमाओं का उच्चतम स्तर 24 करोड़ रुपये रहा जबकि पिछले वर्ष के दौरान यह राशि 121 करोड़ रुपये थी । 1982-83 के दौरान विवेकाधीन पुनर्वित्त सीमा के उपभोग का उच्चतम स्तर 1981-82 के 82 करोड़ रुपये के स्तर से काफी कम अर्थात् 8 करोड़ रुपये था ।

48. समग्र स्थिति.—अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के लिए (जहाजरानी ऋणों के लिए विशेष पुनर्वित्त और शुल्क वापसी को छोड़कर) रिजर्व बैंक की विभिन्न पुनर्वित्त सुविधाओं के अन्तर्गत उपलब्ध सीमाओं की कुल राशि में इस वर्ष के दौरान 777 करोड़ रुपये की महत्वपूर्ण वृद्धि हुई जबकि पिछले वर्ष 309 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की गयी थी । 1982-83 के दौरान बैंकों को मंजूर की गयी विभिन्न सीमाओं की कुल राशि 17 जून 1983 को 1,298 करोड़ रुपये की उच्चतम स्तर तक पहुंच गयी और इसके बाद 24 जून 1983 को यह सीमान्त रूप से घटकर 1,288 करोड़ रुपये रह गयी । इन सीमाओं की तुलना में बकाया राशियां जुलाई 1982—जून 1983 के दौरान 86 करोड़ रुपये की वृद्धि के साथ 146 करोड़ रुपये हो गयीं जबकि पिछले वर्ष 4 करोड़ रुपये की मामूली वृद्धि दर्ज की गयी थी । 1982-83 के दौरान विभिन्न सीमाओं में बकाया राशियों का उच्चतम स्तर मार्च 1983 को 457 करोड़ रुपये रहा, जबकि 1981-82 में यह स्तर 336 करोड़ रुपये का था ।

49. सरकारी वित्तपोषण.—भारत सरकार के 1983-84 के बजट में 1982-83 के कराधान स्तर पर कुल 2,250 करोड़ रुपये के घाटे की व्यवस्था की गयी थी। हां, यदि 1983-84 के दौरान अतिरिक्त स्रोत जुटाने के लिए किये गये प्रयासों के फलस्वरूप केन्द्र के पास जमा होने वाले 695* करोड़ रुपये के शुद्ध अतिरिक्त राजस्व की हिसाब में लिया जाये तो बजटीय घाटा 1982-83 के लिए संशोधित अनुमानों के 1,935 करोड़ रुपये की तुलना में 1,555 करोड़ रुपये रह जायेगा। राज्य सरकारों की मिली-जुली समग्र बजटीय स्थिति @1983-84 के लिए कुल 969 करोड़ रुपये का घाटा दर्शाती है जबकि 1982-83 के लिए संशोधित अनुमानों में 806 करोड़ रुपये के घाटे का अनुमान लगाया गया था। 1982-83 के लिए केन्द्र तथा साथ ही साथ राज्यों के बजटीय घाटे में, राज्यों द्वारा 31 मार्च 1982 की स्थिति अपने घाटे पूरे करने के लिए, उनके द्वारा प्राप्त की गयी 1,743 रुपये की ऋण सहायता शामिल नहीं है। वर्ष के दौरान राज्यों द्वारा 315 करोड़ रुपये के अतिरिक्त स्रोत जुटाने और केन्द्र के अतिरिक्त कराधान में राज्यों के 101 करोड़ रुपये के अंशदान के फलस्वरूप राज्यों का समग्र घाटा काफी कम हो कर 553 करोड़ रुपये रह जाने का अनुमान है।

50. समेकित स्थिति : केन्द्र और राज्य.—केन्द्र तथा राज्य सरकारों की प्राप्तियों और वितरणों की संयुक्त स्थिति सारणी 6 में दर्शायी गयी है। 1983-84 के बजट में कुल प्राप्तियां 52,593 करोड़ रुपये होने का अनुमान रखा गया है जबकि 1982-83 में बजट अनुमानों में यह राशि 44,886 करोड़ रुपये थी। इस तरह ये पिछले वर्ष के 19 प्रतिशत की तुलना मे 17.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है (संशोधित अनुमानों से बजट अनुमानों की वृद्धि)† 1983-84 में सकल वितरण पिछले वर्ष के बजट अनुमानों के 46,278 करोड़ रुपये पर 1982-83 में 19.4 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 18.2 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 54,701 करोड़ रुपये होने का अनुमान लगाया गया है। 1983-84 में विकासीय व्यय में 17.1 प्रतिशत की वृद्धि, 1982-83 में 19.5 प्रतिशत की वृद्धि दर से थोड़ी-सी गिरावट दर्शाती है। गैर-विकासीय व्यय की शुद्ध दर भी 1982-83 के 21.2 प्रतिशत से गिरकर 20.6 प्रतिशत रह जाने का अनुमान है।‡

*27 अप्रैल 1983 को घोषित बजटोत्तर कर रियायतें इसमें शामिल नहीं है।

@इसमें जम्मू और कश्मीर तथा त्रिपुरा शामिल नहीं हैं, क्योंकि उनसे आंकड़े प्राप्त नहीं हुए हैं।

†यदि 1983-84 के बजट अनुमानों की पिछले वर्ष के संशोधित अनुमानों के साथ तुलना की जाय तो कुल प्राप्तियों में वृद्धि 8.1 प्रतिशत और कुल व्यय में 6.4 प्रतिशत आती है। इसी तरह यदि 1982-83 के संशोधित अनुमानों की 1981-82 के लेखों से तुलना की जाय तो प्राप्तियों में वृद्धि, 17.6 प्रतिशत और व्यय में वृद्धि 17.4 प्रतिशत होगी।

‡यदि 1983-84 के बजट अनुमानों की पिछले वर्ष के संशोधित अनुमानों से तुलना की जाय तो विकासीय व्यय में वृद्धि 2.4 प्रतिशत और गैर विकासीय व्यय में वृद्धि 17.6 प्रतिशत आती है। इसी तरह यदि 1982-83 के संशोधित अनुमानों की 1981-82 के लेखों से तुलना की जाय तो विकासीय व्यय में वृद्धि 19.3 प्रतिशत और गैर-विकासीय व्यय में वृद्धि 21.6 प्रतिशत बैठेगी।

51. बाजार ऋण.—3,200 करोड़ रुपये के बजट अनुमानों की तुलना मे 1982-83 में केन्द्र सरकार के शुद्ध बाजार ऋण 3,800 करोड़ रुपये रहे जो 1981-82 के ऋण से 897 करोड़ रुपये अधिक है। दूसरी ओर राज्य सरकारों के शुद्ध बाजार ऋण, पिछले वर्ष की 130 करोड़ रुपये की वृद्धि की तुलना में 63 करोड़ रुपये की अल्प वृद्धि के साथ, 399 करोड़ रुपये रहे। केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकारों द्वारा प्राधिकृत स्थानीय प्राधिकरणों और संस्थाओं के शुद्ध ऋण 1982-83 में 145 करोड़ रुपये की वृद्धि के साथ 1,503 करोड़ रुपये रहे। पिछले वर्ष ये 359 करोड़ रुपये की वृद्धि के साथ 1,358 करोड़ रुपये रहे थे। इनके ब्यौरे सारणी 6क में दिये गये है।

52. इस वर्ष के दौरान केन्द्र सरकार ने 6 बार बाजार से उधार लिया तथा निवेशकर्ताओं को निर्मंत्रित करने के लिए एक बार रिजर्व बैंक को भी बांड बेचे।

53. 1982-83 के दौरान राज्य सरकारों के कुल ऋण 556 करोड़ रुपये रहे, जिसमें से 490 करोड़ रुपये नकद आधार पर तथा 66 करोड़ रुपये ऋणों की अवधि समाप्ति पर परिवर्तन के रूप में थे। 157 करोड़ रुपये की राशि को हिसाब में लेने पर राज्यों के शुद्ध ऋण 399 करोड़ रुपये रह जाते हैं। सकल देशीय उत्पाद (चालू बाजार मूल्यों पर) के अनुपात के रूप में कुल शुद्ध बाजार ऋण (केन्द्र तथा राज्य) 1981-82 के 2.20 प्रतिशत से थोड़ा-सा बढ़कर 1982-83 में 2.70 प्रतिशत हो गया।

54. केन्द्रीय ऋण—1983-84.—1983-84 के लिए केन्द्र सरकार ने 4,000 करोड़ रुपये के शुद्ध बाजार ऋणों का बजट रखा है। केन्द्र सरकार ने 30 मई 1983 को ऋणों की अपनी पहली श्रृंखला के साथ बाजार में प्रवेश किया और पूरी तरह नकद आधार पर 500 करोड़ रुपये की पूर्ण राशि के 10 प्रतिशत वाले 2,014 ऋण का प्रस्ताव रखा। इसमें कुल 550 करोड़ रुपये की राशि जमा हुई और सभी अभिदाताओं को पूरा आवंटन मिला। केन्द्र सरकार ने दूसरी बार बाजार में दो ऋणों के साथ 15 जुलाई 1983 को प्रवेश किया। ये ऋण थे—नकद सह-परिवर्तन आधार पर 7.75 प्रतिशत ऋण 1,991 तथा 10 प्रतिशत ऋण 2,014 (दूसरा निर्गम)। इनके द्वारा कुल 625 करोड़ रुपये जुटाये गये। इनमें से 602 करोड़ रुपये नकद रूप में थे और शेष परिवर्तन के रूप में। इन दो श्रृंखलाओं के साथ केन्द्र सरकार ने बाजार से शुद्ध 1,031 करोड़ रुपये की राशि जुटाई, जो 1983-84 के लिये कुल बजटीय बाजार ऋणों (शुद्ध) के 25.8 प्रतिशत के बराबर थी।

55. केन्द्रीय ऋणों को रिजर्व बैंक की सहायता.—सरकारी वित्त की एक महत्वपूर्ण विशेषता केन्द्रीय सरकार के उधार कार्यक्रम में वृद्धि और रिजर्व बैंक से अपेक्षित सहायता की सीमा है। 1981-82 की वार्षिक रिपोर्ट में भारत सरकार की वित्तीय स्थिति में बढ़ते हुए संरचनात्मक असंतुलन की ओर ध्यान दिलाया गया था। यह मुख्यतया राजस्व खातों में घाटे, बाजार उधारों पर निर्भर रहने की वृत्ति और बाजार में खपत की पर्याप्त क्षमता की कमी के कारण, सरकारी ऋणों में रिजर्व बैंक के बढ़ते हुए हिस्से से प्रकट होता था। पिछले दो वर्षों के आंकड़ों से इसमें कुछ सुधार परिलक्षित हुआ है। हालांकि राजस्व खाते में घाटे की प्रवृत्ति अब भी बनी हुई है, किन्तु कुल प्राप्तियों के अनुपात के रूप में समग्र घाटा 1980-81 (लेखे) में 11.6 प्रतिशत से घटकर 1983-84 (बजट अनुमान) में 4.6 प्रतिशत ही रह गया है। कुल प्राप्तियों में सकल बाजार ऋणों की मात्रा में कोई खास परिवर्तन नहीं आया है किन्तु सरकारी ऋणों के रिजर्व बैंक द्वारा धारित दिनांकित

सारणी 6—केन्द्र तथा राज्य सरकारों की संयुक्त प्राप्तियां एवं संवितरण
(1981-82—1983-84)

(करोड़ रुपये)

	1981-82 (संशोधित अनुमान)	1981-82 (लेखा)	1982-83 (बजट अनुमान)	1982-83 (संशोधित अनुमान)		1983-84 (बजट अनुमान)	
	राशि	राशि	राशि	राशि	पिछले वर्ष के तदनुरूपी संशोधित अनुमानों की तुलना में प्रतिशत का अंतर	राशि	पिछले वर्ष के तदनुरूपी बजट अनुमानों की तुलना में प्रतिशत का अंतर
	1	2	3	4	5	6	7
I. कुल प्राप्तियां (अ+आ)	40,727	41,360	44,886	48,660	+19.5	52,593	+17.2
अ. राजस्व प्राप्तियां	29,702	30,033	33,641	34,488	+16.1	38,505	+14.5
उनमें से कर प्राप्तियां	26,741	23,962	27,717	27,376	+15.3	31,419	+13.4
आ० पूंजीगत प्राप्तियां	11,025	11,327	11,245	14,172	+28.5	14,088	+25.3
II. कुल संवितरण (अ+आ+इ)	43,065	43,773	46,278	51,401	19.4	54,701	+18.2
अ. विकासात्मक व्यय (क+ख+ग)	28,292	28,333	29,552	33,802	+19.5	34,603	+17.1
(क) राजस्व	16,010	16,060	17,348	19,582	+22.3	20,788	+19.8
(ख) पूंजीगत	7,186	7,129	7,388	7,733	+7.6	7,820	+5.8
(ग) ऋण एवं अग्रिम	5,096	5,144@	4,816	6,487	+27.3	5,995	+24.5
आ. गैर विकासात्मक व्यय (क+ख+ग)	13,558	13,509	16,019	16,428	+21.2	19,316	+20.6
(क) राजस्व	12,779	12,691	14,956	15,314	+19.8	18,149	+21.3
(ख) पूंजीगत	522	596	786	807	+54.6	871	+10.8
(ग) ऋण एवं अग्रिम	257	222	277	307	+19.5	296	+6.9
इ. अन्य	1,215	1,931	707	1,171	—3.6	782	+10.6
III. समग्र अधिशेष (+) या घाटा (-) (I-II)	—2,338	—2,413	—1,392	—2,741		—2,108	—

टिप्पणी: 1. इन आंकड़ों में विधान मंडल वाले संघ राज्य क्षेत्र नहीं आते। राज्यों के संबंध में आंकड़े 20 राज्यों से संबंधित हैं (अर्थात जम्मू और कश्मीर तथा त्रिपुरा को छोड़कर)। असम और आंध्र प्रदेश के आंकड़े लेखानुदान बजट से संबंधित हैं।

2. अन्य संवितरणों में देशी एवं विदेशी ऋण देना, स्थानीय निकायों तथा पंचायत राज संस्थाओं को क्षतिपूर्ति एवं सुपूर्दगी, आकस्मिकता निधियों, प्रेषणों (शुद्ध) के विनियोजन शामिल है और राज्य सरकारों ने अपने अपने बजटों में केन्द्र सरकार को ऋणों की जो चुकौती की है उनके आंकड़ों के अंतर समायोजित किये गये हैं।

इसमें भारत सरकार के बजट के संबंध में 27 अप्रैल 1982 को घोषित बजट के बाद कर रियायतों के आंकड़े शामिल नहीं है। लेकिन बजट प्रस्तावों के आंकड़े शामिल हैं।

@ चूंकि असम राज्य द्वारा दिये गये आंकड़ों में विकासात्मक तथा गैर विकासात्मक ऋण और अग्रिमों के ब्यौरे अलग अलग नहीं दिये गये है अतः सम्पूर्ण राशि को विकासात्मक प्रयोजनों के लिए ऋण और अग्रिम मान लिया गया है।

सारणी 6(क) केन्द्रीय तथा राज्य सरकारों, स्थानीय प्राधिकरणों एवं केन्द्र तथा राज्य सरकारों द्वारा प्रायोजित संस्थाओं को बाजार ऋण : 1981-82 और 1982-83

(करोड़ रुपये)

	सकल बाजार ऋण		चुकौती		शुद्ध बाजार ऋण	
	1981-82	1982-83	1981-82	1982-83	1981-82	1982-83
केन्द्र सरकार	3190	4166	287	360	2903	3800
राज्य सरकारें	506	556	170	157	336	399
स्थानीय प्राधिकरण तथा केन्द्र एवं राज्य सरकारों द्वारा प्रायोजित संस्थायें @	1,601	1721	243	218	1,358	1503
जोड़	5,297	6443	700	741	4597	5702

टिप्पणी : आंकड़ों का संबंध राजकोषीय वर्ष से है।

@इसमें केन्द्र सरकार द्वारा प्रायोजित भारतीय औद्योगिक वित्त निगम, नाबार्ड भारतीय औद्योगिक ऋण और निवेश निगम, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, ग्रामीण विद्युतीकरण निगम, आवास और शहरी विकास निगम, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम, भारतीय औद्योगिक पुनर्निर्माण निगम, दामोदर घाटी निगम जैसी संस्थायें और राज्य सरकारों द्वारा प्रायोजित राज्य बिजली बोर्ड, आवास बोर्ड, औद्योगिक निवेश निगम, औद्योगिक विकास निगम, राज्य वित्त निगम, नगरपालिकाएं, भूमि विकास बैंक तथा अन्य संस्थायें शामिल हैं।

प्रतिभूतियों की वृद्धि का जो अनुपात है वह प्रति वर्ष घटता हुआ 1980-81 में 43.1 प्रतिशत के असाधारणतः उच्च स्तर से घटकर 1981-82 (लेखे) में 38.6 प्रतिशत और 1982-83 (संशोधित अनुमान) में 25 प्रतिशत रह गया (सारणी 7)। यद्यपि प्रवृत्ति गिरावट की है फिर भी भारतीय रिजर्व बैंक से सहायता की मात्रा काफी अधिक है। यहां यह याद दिलाना उचित होगा कि हाल ही में 1978-79 में यह अनुपात केवल 1.6 प्रतिशत था और 1979-80 में भी, काफी कम, अर्थात् 18.1 प्रतिशत था। हां, रिजर्व बैंक की सहायता में वृद्धि, कुछ हद तक अन्तर राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा उपलब्ध करायी गयी विस्तारित निधि सुविधाओं के सरकार द्वारा इस्तेमाल की द्योतक है।

96. तीन वर्षीय राष्ट्रीय ग्रामीण विकास बांड इस समय कोई भी निर्धारिती उस समय पूंजीगत लाभ कर से छूट की सुविधा ले सकता है जब पूंजीगत आस्ति के अन्तरण पर प्राप्त शुद्ध प्रतिफल का सात वर्षीय राष्ट्रीय ग्रामीण विकास बांडों में निवेश किया गया हो। चूंकि 7 वर्षों की यह समाप्ति अवधि काफी लंबी थी अतः सरकार ने ये तीन वर्षीय राष्ट्रीय ग्रामीण विकास बांड (दूसरा निर्गम जारी करने का निर्णय किया। ये 7 जुलाई 1983 से उपलब्ध होंगे और इन पर 7.5 प्रतिशत वार्षिक की दर पर ब्याज मिलेगा। इन बांडों पर 28 फरवरी 1983 के बाद होने वाले दीर्घावधि पूंजीगत लाभों के संबंध में शुद्ध प्रतिफल के निवेश पर निवेशकर्ता पूंजीगत लाभ कर से छूट की सुविधा का पात्र होगा।

सारणी 7 : बजट घाटा, बाजार ऋण तथा केन्द्र सरकार के बाजार ऋणों को रिजर्व बैंक द्वारा सहायता
(1980-81 से 1983-84)

(करोड़ रुपये)

मदें	1980-81 (लेखा)	1981-82 (लेखा)	1982-83 (बजट अनुमान)	1982-83 (संशोधित अनुमान)	1983-84(क) (बजट अनुमान)
1. राजस्व खाता					
(क) राजस्व	12,828.6	15,574.2	17,595.3	18,117.0	20,625.4
(ख) व्यय	14,543.6 (ख)	15,867.7	18,227.3	19,415.0	22,418.9
(ग) अधिशेष (+) घाटा (—)	−1,715.0	—293.5	−632.0	—1,298.0	−1,793.5
2. पूंजीगत लेखा					
(क) प्राप्ति या	9,432.3(ख)(ग)	10,155.7@	11,068.2	13,253.3	13,451.5
(ख) संवितरण	10,294.6(ग)	11,254.1	11,810.8	13,890.2(घ)	13,212.7
(ग) अधिशेष(+) घाटा(—)	−862.3	−1,098.4	−742.6	−636.9	+238.8
3. कुल प्राप्तियां [1(क)+2(क)]	22,260.9	25,729.9	28,663.5	31,370.3	34,076.9
4. समग्र अधिशेष (+)घाटा(—)	−2,577.3	−1,391.9	−1,374.6	−1,934.9	−1,554.7
5. (3) के प्रतिशत के अनुसार(4)	11.6	5.4	4.8	6.2	4.6
6. समग्र बाजार ऋण	2,848.5	3,198.3	3,566.0	4,166.0	4,344.0
7. (3) के प्रतिशत के अनुसार (6)	12.8	12.4	12.4	13.3	12.7
8. रिजर्व बैंक की विनाकित प्रतिभूतियों की धारिताएं*	1,229	1,236@	1,041	1,041	—
9. (6) के प्रतिशत के अनुसार(8)	43.1	38.6	29.2	25.0	

ये आंकड़े राजकोषीय वर्ष से संबंधित हैं।

(क) इसमें बजट प्रस्ताव से संबंधित आंकड़े शामिल है तथा 27 अप्रैल 1983 को घोषित बजटेतर कर रियायतें इस में शामिल नहीं है।

(ख) सातवें वित्तीय आयोग की सिफारिशों के अनुसार 1979-80 से पूर्व राज्य सरकारों को दिये गये 938.3 करोड़ रुपयों को बट्टे खाते डालने के संबंध में किये गये लेखा समायोजन शामिल हैं।

(ग) विशेष आहरण अधिकारों और प्रतिभूतियों के रूप में अंतर्राष्ट्रीय मौद्रिक निधि में दिये गये 588.2 करोड़ रुपये का राष्ट्रीय प्राप्ति/व्यय शामिल है।

(घ) 31 मार्च 1982 को राज्य सरकारों के घाटों को पूरा करने के लिए दिया गया 1734.4 करोड़ रुपये का ऋण इस में शामिल नहीं है।

*बही-मूल्य के आधार पर।

@अस्थायी खजाना बिलों के बदले में भारतीय रिजर्व बैंक के पक्ष में जारी की गयी 3,500 करोड़ रुपये की विशेष प्रतिभूतियां इसमें शामिल नहीं है।

57. सात वर्षीय राष्ट्रीय ग्रामीण विकास बांड.—9 जुलाई 1979 को जारी किये गये सात वर्षीय राष्ट्रीय ग्रामीण विकास बांडों में वर्ष के दौरान भी धन प्राप्त होता रहा। इनके जारी किये जाने की तारीख से लेकर 30, जून 1983 तक कुल 178.40 करोड़ रुपये जुटाये जा चुके थे।

58. सामाजिक सुरक्षा प्रमाणपत्र.—पहली जुलाई 1982 से शुरू किये गये सामाजिक सुरक्षा प्रमाणपत्रों से अप्रैल 1983 के अंत तक 11.96 करोड़ रुपये के बराबर अभिदान जमा हुए।

59. पूंजीगत निवेश बांड.—पूंजीगत निवेश बांडों में 28 जून, 1982 से उनके निर्गम से लेकर 30 जून, 1983 तक 88.93 करोड़ रुपये के अभिदान हुए थे, जबकि 1982-83 के लिए 250 करोड़ रुपये का अनुमान लगाया गया था और बाद में उसे घटाकर 170 करोड़ रुपये कर दिया गया। वर्ष 1983-84 के लिए बजट में 200 करोड़ रुपये के अभिदान का अनुमान लगाया गया है।

60. अर्थोपाय अग्रिम और ओवरड्राफ्ट.—पिछले वर्ष की रिपोर्ट में केन्द्र द्वारा एक मुश्त उपाय किये जाने के बारे में उल्लेख किया गया था ताकि राज्य, मार्च 1982 के अंत तक रिजर्व बैंक के साथ अपने बकाया ओवरड्राफ्टों को निपटा सकें। 18 राज्यों को कुल 1,743.46 करोड़ रुपये के मध्यावधि ऋण प्रदान किये गये ताकि वे 1981-82 के अंत तक अपने इति घाटे निपटा सकें। 1982-83 की पहली तिमाही के दौरान हुए घाटे को भी 787 करोड़ रुपये की अतिरिक्त अल्पावधि सहायता के जरिये पूरा किया गया। साथ ही, राज्य सरकारों को रिजर्व बैंक से प्राप्य अर्थोपाय सीमा भी दुगुनी कर दी गयी जो कि पहली जुलाई, 1982 से प्रभावी हुई। इन सब उपायों के बावजूद जुलाई, 1982 में ओवरड्राफ्ट फिर से अस्तित्व में आ गये। 26 मार्च 1982 को 18 राज्यों के 1,450.88 करोड़ रुपये के ओवरड्राफ्टों की तुलना में 25 मार्च, 1983 को 11 राज्य सरकारों के ओवरड्राफ्ट कुल 212.27 करोड़ रुपये के थे। ओवरड्राफ्टों की संख्या, ओवरड्राफ्ट लेने वाले राज्यों की कुल संख्या तथा साथ ही, ओवरड्राफ्ट जारी रहने के दिवसों की संख्या, (जिनके लिए ओवरड्राफ्ट बकाया रहे) के संबंध में स्थिति और बिगड़ी है। रिजर्व बैंक में जिन 20 राज्य सरकारों का खाता है उनमें से 12 ने 24 जून, 1983 तक कुल 579.22 करोड़ रुपये के ओवरड्राफ्ट लिये थे। केन्द्र सरकार द्वारा जारी की गयी सहायता से संबंधित राज्य सरकार के ओवरड्राफ्ट चुका दिये गये और जून, 1983 के अंत की स्थिति के अनुसार कोई भी ओवरड्राफ्ट बकाया नहीं रहा। अर्थोपाय अग्रिमों के दुगुना कर दिये जाने के बाद भी, बहुत बड़ी मात्रा में, ओवरड्राफ्ट का बार-बार सहारा लेना राज्यों की चिंताजनक वित्तीय स्थिति की ओर इंगित करता है।

61. पूंजीगत बाजार की गतिविधियां.—निजी कंपनी क्षेत्र द्वारा बाजार से सीधे निधि जुटाने के सम्मिलित प्रयास जारी रहे। 1982-83 (अप्रैल-मार्च) के दौरान ईक्विटी और अधिमान शेयरों के जरिए जुटायी गयी 705.30 करोड़ रुपये की पूंजी के अनन्तिम आंकड़े, 1981-82 में जुटायी गयी 529.36 करोड़ रुपये की पूंजी से 33.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाते हैं। पिछले वर्ष की तरह 1982-83 में भी डिबेंचरों की प्रमुखता जारी रही और जुटाई गयी पूंजी में 1981-82 में डिबेंचरों के 52.6 प्रतिशत भाग की तुलना में 1982-83 के दौरान उनका हिस्सा 63.3 प्रतिशत था। आंकड़ों से यह पता चलता है कि जनता द्वारा परिवर्तनीय डिबेंचरों को वरीयता दिये जाने के बावजूद कम्पनियों ने अपरिवर्तनीय डिबेंचरों के निर्गम का सहारा लिया है। वित्तीय वर्ष 1982-83 के दौरान जारी किये गये कुल डिबेंचरों में अपरिवर्तनीय डिबेंचरों का प्रतिशत, 1981-82 के 22.6 से बढ़कर 36.5 हो गया। अप्रैल 1982 से ब्याज की उच्चतम सीमा में वृद्धि और प्रीमियम कर छूट के लिए प्रावधान के साथ-साथ सरकार ने अपरिवर्तनीय डिबेंचरों को बढ़ावा देने के कुछ अन्य उपाय भी किये। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा नियुक्त, डिबेंचरों के माध्यमिक बाजार विषयक कार्यकारी दल की सिफारिश पर अपरिवर्तनीय डिबेंचरों में निवेश के लिए नकदी निधि देने के उद्देश्य से, इस प्रकार के डिबेंचर जारी करने वाली सभी कंपनियों को पुनः खरीद व्यवस्था की अनुमति दी गयी है। इस योजना के अंतर्गत, कंपनियां किसी भी ऐसे डिबेंचर धारक से, जिसकी धारित राशि 40,000 रुपये से अनधिक हो, और जिसने कम से कम एक वर्ष तक डिबेंचर अपने पास रखे हों, सममूल्य पर अपरिवर्तनीय डिबेंचर पुनः खरीद सकती है। इसके बदले कम्पनियां ये डिबेंचर सामान्य बीमा निगम, जीवन बीमा निगम, यूनिट ट्रस्ट आफ इंडिया, आदि इस योजना में हिस्सा लेनेवाली संस्थाओं के पास रख सकती हैं। ये डिबेंचर इन संस्थाओं द्वारा 2½ प्रतिशत के बट्टे पर खरीदे जायेंगे जो वचनबद्ध प्रभार के रूप में वसूल किया जायेगा। सार्वजनिक वित्तीय संस्थाओं पर एफ० ई० आर० ए०/एम० आर० टी० पी० कंपनियों के निर्गमित डिबेंचरों में अभिदान करने और हामीदार बनने पर लगे प्रतिबंध को हटा लिया गया है। इससे डिबेंचरों के निर्गम में सहायता मिली है। सरकार ने वित्तीय संस्थाओं को, एम० आर० टी० पी०, एफ० ई० आर० ए० कंपनियों द्वारा किसी भी निर्गमित डिबेंचर में, आपस में मिल-जुलकर 50 प्रतिशत तक अभिदान करने/हामीदार बनने की अनुमति दी है।

62. वित्तीय संस्थाओं द्वारा सहायता.—वर्ष 1982-83 (अप्रैल-मार्च) के दौरान अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं अर्थात् भा० औ० वि० बैं०, भा० औ० वि० नि०, भा० औ० ऋ० नि० नि०, भा० औ० पु० नि०, जी० बी० नि०, भा० यू० ट्रस्ट और सा० बी० नि० तथा उनकी सहयोगी संस्थाएं) द्वारा स्वीकृत और वितरित कुल सहायता की राशि क्रमशः 3053.3 करोड़ रुपये और 2193.3 करोड़ रुपये है। यह मंजूरी के संबंध 1981-82 के 19.8 प्रतिशत की तुलना में 22.3 प्रतिशत की वृद्धि में दर्शाती है। वितरणों में वृद्धि दर पिछले वर्ष के 28.8 प्रतिशत की तुलना में 18.2 प्रतिशत रही।

63. अनिवासियों द्वारा निवेश.—पूंजीगत बाजार पर प्रभाव डालने वाली दूसरी महत्वपूर्ण गतिविधि थी—भारतीय राष्ट्रिकत/मूल के अनिवासियों (विदेशी कंपनियों, भागीदारी फर्मों, समितियों तथा भारतीय राष्ट्रिकता/मूल के अनिवासियों के 60 प्रतिशत की सीमा तक स्वामित्व वाले अन्य नैगमिक निकायों तथा ऐसे व्यक्तियों के अपरिहार्य रूप से हिताधिकारी लाभ के कम से कम 60 प्रतिशत वाले विदेशी न्यासों सहित, (द्वारा निवेश तथा ऐसे निवेशों पर) विदेशी आयों के प्रत्यावर्जन से संबंधित कार्यविधियों को सरल बना दिया जाता। अनिवासी भारतीय नागरिकों और भारतीय मूल के लोगों तथा इन निवेशकर्ताओं के संबंध में कर राहतों के बारे में और अधिक उदार प्रवृत्ति अपनाई गयी। अनिवासी भारतीय निवेशकर्ताओं को, उनके विदेशी मुद्रा प्रेषण के माध्यम से अर्जित भारतीय कम्पनियों के शेयरों और डिबेंचरों सहित उनके निवेशों से प्राप्त होने वाली आय पर अब अधिभार सहित 20 प्रतिशत की एक समान दर पर कर लगेगा। इन निवेशों के अन्तरण से उत्पन्न दीर्घावधि पूंजीगत लाभ पर भी उसी एक समान दर पर कर लगेगा। इसके अलावा, ऐसे निवेशों पर सम्पत्ति कर से छूट दी जायेगी और विदेशों में बसे भारतीय नागरिकों और भारतीय मूल के व्यक्तियों द्वारा भारत में रह रहे उनके संबंधियों को इन परिसंपत्तियों के उपहारों पर भी कोई कर नहीं लगेगा। इसके अलावा, हाल ही में सरकार ने अनिवासियों द्वारा किसी कंपनी में कुल पोर्टफोलियो निवेशों पर शेयरों और परिवर्तनीय डिबेंचरों के चुकता पूंजी के पांच प्रतिशत को अधिकतम सीमा लागू कर दी। पांच प्रतिशत की इस सीमा से अधिक निवेश के लिए रिजर्व बैंक की अनुमति लेनी होगी।

64. विदेश व्यापार.—भारतीय अर्थव्यवस्था में विदेशी व्यापार का महत्व बढ़ रहा है। चालू बाजार मूल्यों पर कुल विदेशी व्यापार का शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद में जो अनुपात 1970-71 में 8.4 प्रतिशत था, वह 1982-83 में बढ़कर 15.7 प्रतिशत हो गया। विश्व की आर्थिक स्थिति व्यापार संभावनाओं के प्रतिकूल बनी रही। 1980 और 1981 दोनों

में सीमान्त वृद्धियां दर्ज करने के बाद औद्योगिक देशों के वास्तविक सकल राष्ट्रीय उत्पाद में 1982 में थोड़ी-सी गिरावट आयी । विश्व व्यापार की मात्रा में, जो 1981 में गतिहीन बनी रही थी, 1982 में 2 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आ गयी और वह विश्व व्यापार के 1979 के स्तर पर पहुंच गयी । विश्व व्यापार में गिरावट के पीछे प्रमुख कारण रहे—विश्व व्यापी मंदी और कई औद्योगिक देशों द्वारा संरक्षणवादी उपायों का तेज किया जाना । इन गतिविधियों के बावजूद विदेश व्यापार के उपलब्ध अनंतिम आंकड़ों से पता चलता है कि देश के व्यापार संतुलन के संबंध में सुधार आया । अप्रैल-मार्च 1982-83 में कुल निर्यात 8,638 करोड़ रुपये और आयात 14,047 करोड़ रुपये हुआ जो 5,409 करोड़ रुपये का प्रतिकूल व्यापार संतुलन दर्शाता है और जो 1981-82 के 5,752 करोड़ रुपये (अनंतिम) के घाटे से काफी कम है । हां, निर्यात के वर्गीकरण से यह पता चलता है कि निर्यातों में वृद्धि मुख्यतः कच्चे तेल के निर्यात के कारण हुई ।

65. परोक्ष वस्तुएं.—उपलब्ध आंकड़ों से पता चलता है कि वित्तीय वर्ष 1982-83 के दौरान शुद्ध अदृश्य खाते में अधिशेष का स्तर लगभग पिछले वर्ष के बराबर ही रहेगा । बैंक की विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों से हुई निवेश आय, पिछले वर्ष से, पांचवां हिस्सा कम थी । दूसरी तरफ, बढ़े हुए वाणिज्य उधार और अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष आहरणों पर ब्याज के भुगतान में वृद्धि हुई । 1982-83 में निजी अन्तरण प्राप्तियों में उतना प्रभाव नहीं पड़ा जितने का अनुमान लगाया गया था । समग्र रूप से, इस वर्ष के दौरान, चालू खाते के घाटे में, पिछले राजकोषीय वर्ष की तुलना में, बहुत अधिक अंतर नहीं होगा ।

66. विदेशी सहायता.—सकल विदेशी सहायता में वृद्धि की जो प्रवृत्ति वर्ष 1979-80 से देखी जा रही है वह वर्ष 1982-83 (अप्रैल-मार्च) के दौरान भी जारी रही । 1982-83 के दौरान सकल विदेशी सहायता 2,145 करोड़ रुपये थी, जिसमें 1981-82 के दौरान 177 करोड़ रुपये की वृद्धि परिलक्षित हुई । इसके परिणामस्वरूप 1982-83 के दौरान 1,192 करोड़ रुपयों की कुल विदेशी सहायता प्राप्त होने का अनुमान है, जो 1981-82 के 1,053 करोड़ रुपये (संशोधित) से 139 करोड़ रुपये अधिक है । 1982-83 के राजकोषीय वर्ष के दौरान भारत ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से उसकी विस्तारित निधि सुविधा के अधीन 1,893 करोड़ रुपये आहरित किये । 1981-82 के दौरान ऐसे आहरणों की राशि केवल 637 करोड़ रुपये थी ।

67. विदेशी मुद्रा आस्तियां.—वर्ष 1982-83 के दौरान (जुलाई 1982 से जून 1983) भारतीय रिजर्व बैंक की विदेशी मुद्रा आस्तियों में 1,531 करोड़ रुपयों की बढ़ोतरी हुई, और वह बढ़कर 4,805 करोड़ रुपये हो गयी ।

68. 1982-83 (जुलाई-जून) के दौरान विस्तारित निधि सुविधा के अधीन भारत ने इस कोष से किये गये आहरणों से 1,908 करोड़ रुपये प्राप्त किये यदि इन प्राप्तियों को शामिल न किया जाए तो बैंक की विदेशी मुद्रागत आस्तियों में 377 करोड़ रुपयों की गिरावट देखने में आयेगी । इस वर्ष के दौरान विदेशी मुद्रागत आस्तियों में आयी गिरावट की मात्रा 1981-82 की तदनुरूप अवधि में हुई 2,001 करोड़ रुपयों की गिरावट का लगभग पांचवां भाग रही । इसमें अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से किये गये आहरण (948 करोड़ रुपये) शामिल नहीं हैं ।

69. विशेष आहरण अधिकार.—1982-83 के दौरान धारित विशेष आहरण अधिकारों (एस. डी. आर.) में 1,790 लाख विशेष आहरण अधिकारों की गिरावट आयी और वे 2,210 लाख रह गये जबकि 1981-82 की तदनुरूप अवधि में 820 लाख विशेष आहरण अधिकारों की गिरावट आयी थी । आलोच्य अवधि के दौरान धारित विशेष आहरण अधिकारों में आयी तीव्र गिरावट का मुख्य कारण यह था कि कोष से किये गये विभिन्न आहरणों पर 1,740 लाख विशेष आहरण अधिकारों के प्रभारों की अदायगी के वास्ते (विशेष आहरण अधिकारों की शुद्ध धारिताओं पर अर्जित ब्याज तथा निधि से प्राप्त लाभों के लिए) विशेष आहरण अधिकारों का उपयोग किया गया और देशों को 45 लाख विशेष आहरण अधिकार बेचे गये । 1981-82 में 340 लाख विशेष आहरण अधिकार पिछली निधि देयताओं के भुगतान के लिए तथा 480 लाख विशेष आहरण अधिकार प्रभारों के भुगतान के लिए (विशेष आहरण अधिकार धारिताओं पर शुद्ध ब्याज निधि से प्राप्त लाभ के वास्ते) उपयोग में लाये गये थे ।

70. स्वर्ण.—रिजर्व बैंक की स्वर्ण की धारिताएं बिना किसी परिवर्तन के 226 करोड़ रुपये (प्रति 10 ग्राम 84.39 रुपयों के सांविधिक धारण मूल्य पर आंकी गयी) ही बनी रही । पिछले वर्ष भी स्वर्ण धारिताओं में कोई परिवर्तन नहीं हुआ था ।

71. विदेशी मुद्रा अनिवासी खाते और अनिवासी विदेशी रुपया खातों में घट-बढ़.—विदेशी मुद्रा की प्रारक्षित निधियों में सुधार लानेवाला एक महत्वपूर्ण तत्व रहा—विदेशी मुद्रा अनिवासी खाता योजना (एफ. सी. एन. आर.) और अनिवासी विदेशी रुपया खाता (एन. आर. ई.) योजना के अधीन-विदेशी मुद्रा जमाराशियों में वृद्धि होना 1 मार्च 1982 से इन दो योजनाओं के अधीन एक वर्ष और उससे अधिक अवधि की मीयादी जमाराशियों पर देय ब्याज दर को इसी पुगाई अवधि की देशी जमाराशियों पर देय दर से दो प्रतिशत अंक अधिक कर दिया गया । विदेशों में जमा दरों में गिरावट आने के कारण ब्याज दर में यह वृद्धि कारगर सिद्ध हुई है । वर्ष 1982-83 के दौरान विदेशी मुद्रा अनिवासी खातों की बकाया जमाराशियों में 231 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई जबकि 1981-82 में उनमें 13 करोड़ रुपयों की गिरावट आयी थी । अनिवासी रुपया खातों में भी इसी प्रकार की प्रवृत्ति पायी गयी और वर्ष 1982-83 के दौरान उनमें 435 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई जबकि पिछले वर्ष उनमें 265 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई थी ।

72. अंतर्राष्ट्रीय मौद्रिक संबंध.—बिना तेल वाले विकासशील देशों को विशेष रूप से प्रभावित करने वाले विश्व की आर्थिक स्थिति के तनाव इस वर्ष के दौरान भी बने रहे । औद्योगिक देशों की स्थिति में सुधार भी स्पष्ट नहीं है और उनके द्वारा अपनायी जानेवाली नीतियां अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक सहयोग की प्रगति की दिशा में सहायक नहीं है । स्थिति में किसी भी सुधार के लिए और गरीबतर देशों की विशेष कठिनाइयों को दूर करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं द्वारा निश्चित रूप से विशेष प्रयास किये जाने की जरूरत है । विशेष रूप से अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष को विकासशील देशों के भुगतान संतुलनों की सहायता के लिए तथा समायोजन की प्रक्रिया में मदद करने के लिए पर्याप्त वित्त जुटाने के वास्ते केन्द्रीय भूमिका निभानी होगी । अंतर्राष्ट्रीय प्रारक्षित निधियों की वृद्धि की गति में कमी आने के परिणाम स्वरूप विशेष आहरण अधिकार (एस. डी. आर.) के नवीकृत आबंटन के जरिये बिना शर्त साधन जुटाने की आवश्यकता और भी प्रबल हो गयी है । हालांकि इस निधि के कोटे में वृद्धि करने के लिए हाल ही में किये गये करार का स्वागत है; किन्तु यह करार सदस्यों की आवश्यकताओं की पूर्ति में प्रभावशाली भूमिका निभाने में इस निधि के लिए साधनों की जरूरत पूरी नहीं कर पाता । इसके अतिरिक्त "प्राप्ति सीमा" अथवा निधि की विभिन्न सुविधाओं के अंतर्गत सदस्यों द्वारा प्राप्त की जाने वाली सहायता की सीमाओं में कमी करने का सुझाव कोटे में किसी भी वृद्धि की प्रभावशीलता नष्ट कर देगा । इसके साथ ही, चूंकि निधि के स्रोतों

की प्राप्ति शर्तों के अधीन निर्धारित की जाती है, अतः इस निधि के ऋणों से विकासशील देशों को लाभ पहुंचाना है, तो उसे लचीलेपन के साथ लागू करना होगा।

73. विनिमय दरों में उतार-चढ़ाव.—इस वर्ष के दौरान अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा बाजार में उतार-चढ़ाव की विशेष बात रही ऊंची उठानें और दिन-प्रति-दिन की अस्थिरता का ऊंचा स्तर। उदाहरण के लिए इस बात की गणना की गयी है कि 1982 में येन/डालर की हाजिर दर में अस्थिरता जो दिन प्रतिदिन के प्रतिशतता परिवर्तनों के औसत निरपेक्ष मूल्य के रूप में मापी गयी थी, 0.6 प्रतिशत से अधिक थी। यह 1973 में चल दरों में परिवर्तन के बाद से सब वर्षों से अधिक थी, अस्थिरता के अलावा विनिमय दर के उतार-चढ़ावों की दूसरी महत्वपूर्ण विशेषता यह थी संयुक्त राष्ट्र अमेरिका में चालू खाता शेष में गिरावट के बावजूद, अमरीकी डालर का निरंतर मजबूत बना रहना। पौंड स्टर्लिंग जो 1982 की दूसरी छमाही और 1983 की शुरुआत में तेल के मूल्यों में गिरावट के कारण काफी नीचे आ गया था, मार्च 1983 के बाद कुछ संभल गया।

74. रुपये की विनिमय दर में परिवर्तन.—रुपये का विनिमय मूल्य पौंड-स्टर्लिंग को मध्यवर्ती मुद्रा मानते हुए एक मुद्रा समूह के संबंध में निर्धारित किया जाता रहा। रुपये की विनिमय दर में वर्ष के दौरान 113 बार परिवर्तन हुए। 1982 के अंत की 16 रु० 50 पैसे प्रति पौंड स्टर्लिंग की मध्य दर से जून 1983 के अंत में 15 रु० 45 पैसे के स्तर तक गिरने के बाद इस वर्ष के दौरान पौंड-स्टर्लिंग के संदर्भ में रुपये का मूल्य 6.8 प्रतिशत बढ़ा। सितंबर 1975 में रुपये को मुद्रा समूह के साथ जोड़े जाने के बाद से पौंड के संबंध में रुपये की विनिमय दर में अधिकतम वृद्धि इस वर्ष के दौरान तब हुई जब उसकी मध्य दर 24 मार्च 1983 को बढ़कर 14.65 रुपये हो गयी। फ्रेंच फ्रांक (5.7 प्रतिशत), बेल्जियन फ्रांक (2.6 प्रतिशत) तथा इटली लीरा (2.9 प्रतिशत) की तुलना में रुपये का मूल्य बढ़ा। लेकिन कतिपय अन्य मुद्रा में गिरावट आयी, जैसे अमरीकी डालर (5.7 प्रतिशत), ड्यूश मार्क (2.5 प्रतिशत), तथा जापानी येन (11.5 प्रतिशत) की। रुपया विशेष आहरण अधिकार (एस. डी. आर.) दर में भी 3.8 प्रतिशत की गिरावट आयी।

75. मूल्य संबंधी स्थिति.—कृषि उत्पादन में आयी कमी, औद्योगिक विकास में आयी मंदी और अधिक तीव्र मुद्रा विस्तार के परिप्रेक्ष्य में आलोच्य वर्ष के अधिकांश हिस्से के दौरान मूल्यों की स्थिति अपेक्षाकृत अधिक स्थिर प्रतीत होती है। यदि बारीकी से देखा जाए तो जून 1982 के अंत में और जून 1983 के अंत की अवधि के बीच थोक मूल्यों के "सभी पण्यों" के सूचकांक में 7.0 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई जबकि 1981-82 में उसमें 2.5 प्रतिशत की गिरावट आयी थी। हां, साप्ताहिक औसत आधार पर देखने पर 1982-83 में हुई 4.2 प्रतिशत की वृद्धि 1981-82 की 5.8 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में कम थी।

76. सूचकांक के तीनों प्रमुख समूहों अर्थात प्राथमिक वस्तुओं; ईंधन, पावर, बिजली और चिकनाई पदार्थों तथा निर्मित उत्पादों में आलोच्य अवधि के दौरान नीचे दी गयी सारणी में दर्शाये गये अनुसार वृद्धि हुई:

कीमत विस्तार तथा थोक कीमत सूचकांक में प्रमुख पण्य समूहों का भारित अंशदान
(1970-71=100)

	भार	घट-बढ़ प्रतिशत में		भारित अंशदान (लगभग)	
		जून 1981 के अंत की तुलना में जून 1982 के अंत में	जून 1982 के अंत की तुलना में जून 1983* के अंत में	1981-82	1982-83
सभी पण्य	1000.00	+2.5	+7.0	+100.0	+1.00.0
प्रमुख वस्तुएं	416.67	+4.7	+8.9	+74.0	+50.1
ईंधन, पावर, बिजली तथा चिकनाई के पदार्थ	84.59	+11.7	+6.5	+56.0	+12.2
विनिर्मित उत्पाद	498.74	—1.6	+5.6	—30.0	+37.7

*अनंतिम

77. प्राथमिक वस्तुओं के समूह में सर्वाधिक वृद्धि पायी गयी अर्थात् इसने सूचकांक में हुई समग्र वृद्धि में 50 प्रतिशत का योगदान दिया। निर्मित उत्पाद समूह का 38 प्रतिशत पर भारित अंशदान काफी अधिक था। प्राथमिक वस्तुओं में मोटे अनाजों के सूचकांकों में हुई 16.3 प्रतिशत की वृद्धि विशेष उल्लेखनीय थी। निर्मित उत्पादों में चीनी के समूह में पिछले वर्ष हुई भारी गिरावट की तुलना में थोड़ी सी वृद्धि हुई। खाद्य तेलों में पिछले वर्ष की गिरावट की अपेक्षा काफी वृद्धि हुई। वर्ष 1982-83 तथा 1981-82 में जिन अन्य निर्मित उत्पादों में वृद्धि देखने में आयी उनमें वस्त्र, कागज और कागज से बनी वस्तुएं, सीमेंट, रसायन और रासायनिक उत्पाद, मूल धातु, मशीनें और मिश्र धातुएं तथा धातु उत्पाद तथा परिवहन उपकरण शामिल है। (देखिये सारणी 8)।

78. 1982-83 के दौरान थोक मूल्य सूचकांक में तीन स्पष्ट दौर देखे जा सकते हैं। इस अवधि के पहले आठ सप्ताहों में (21 अगस्त तक), मूल्यों में काफी तीव्र बढ़ोतरी की प्रवृत्ति पायी गयी जबकि समस्त पण्यों के सूचकांक में 2.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। दूध और दूध से बनी वस्तुओं, मछली और मांस जैसे प्राथमिक पण्यों के कुछ घटकों के अलावा मोटे अनाजों और दालों ने इस वृद्धि में काफी योगदान दिया। निर्मित उत्पादों में से वो० खाद्य उत्पादों के उप समूहों चीनी, खांडसारी और गुड़ तथा खाद्य तेलों में वृद्धि पायी गयी। 17 सप्ताहों के दूसरे चरण में (18 दिसंबर तक) सूचकांक में 2.7 प्रतिशत की गिरावट आयी जो पिछले चरण में हुई वृद्धि की मात्रा के लगभग समान ही थी। पूर्ववर्ती अवधि में जिन पण्यों के कारण बढ़ोतरी हुई थी, उनके मूल्यों में गिरावट आयी। तथापि मोटे अनाजों के मामले में यह गिरावट केवल मामूली थी। चीनी का समूह तथा फल और सब्जियां गिरावट लानेवाले प्रमुख तत्व थे।

79. दिसंबर 1982 के अंत में थोक मूल्य सूचकांक लगभग ठीक उसी स्तर पर था जिस पर वह छः महीने पहले था। सब से जून 1983 के अंत तक सूचकांक में 7.3 प्रतिशत की वृद्धि पायी गयी। इस दौर में फल और सब्जियां तथा चीनी समूह ने जिन्हें मौसमी प्रभावों के रूप में माना जा सकता है मूल्य वृद्धि में सर्वाधिक योगदान दिया। मोटे अनाजों, दालों और खाद्य तेलों के संदर्भ में भी सूचकांक में बढ़ोतरी हुई और साधारण मूल्य स्तर पर इन पण्यों का दीर्घकालीन प्रभाव रहेगा। यही वह तथ्य है, जो मूल्यों के तत्काल निर्धारण में महत्व रखता है।

80. प्रबंधित मूल्यों में परिवर्तन:— विभिन्न पण्यों के प्रबंधित मूल्यों में किये गये परिवर्तनों ने आलोच्य वर्ष के दौरान मूल्य वृद्धि में योगदान दिया। प्राथमिक वस्तुओं में धान और गेहूं के वसूली मूल्यों में प्रति क्विंटल क्रमशः 7 रुपये और 9 रुपये की वृद्धि की गयी। मोटे अनाजों के खरीद मूल्य में भी प्रति क्विंटल 2 रुपये की वृद्धि की गयी और चने के लिए प्रति क्विंटल 235 रुपये का खरीद मूल्य घोषित किया गया। वसूली के मूल्यों में हुई बढ़ोतरी के परिणामस्वरूप चीनी की साधारण, उत्तम और अति उत्तम किस्मों के विक्रय मूल्य में 1 अक्तूबर 1982 से प्रति क्विंटल 13 रुपये की एक समान वृद्धि-कर दी गयी। गेहूं के मामले में 15 अप्रैल 1983 से विक्रय मूल्य में वृद्धि की गयी और वह सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से तथा रोलर आटा मिलों के लिए की जाने वाली बिक्री के लिए प्रति क्विंटल क्रमशः 12 रुपये और 23 रुपये थी यह उल्लेखनीय है कि खाद्यान्नों के निर्गम मूल्यों में वृद्धियां उनके वसूली मूल्यों की वृद्धियों की तुलना में अधिक थीं। इस प्रकार निर्गम मूल्यों को चाल, बाजार मूल्यों के नजदीक लाया जा सकता है, जिनका सार्वजनिक वितरण प्रणाली से खाद्यान्न उठाये जाने पर कुछ प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। कुछ प्रमुख तिलहनों के समर्थनों मूल्यों में भी बढ़ोतरी की गयी, बिना छिली मूंगफली के मूल्यों में वृद्धि की मात्रा प्रति क्विंटल 25 रुपये थी। सरसों के दानों के लिए तीन वर्षों के अंतराल के बाद प्रति क्विंटल 355 रुपयों का समर्थन मूल्य घोषित किया गया।

81. विभिन्न पेट्रोलियम उत्पादों (पेट्रोल से इतर) के विक्रय मूल्यों में फरवरी 1983 से वृद्धि की गयी। संयुक्त संयंत्र समिति ने निर्मित उत्पादों में ढलवां लोहे और अन्य इस्पाती मदों के मूल्यों में अक्तूबर 1982 में संशोधन कर के, उसमें वृद्धि की। ढलवां लोहे के मूल्य में प्रति टन 100 रुपयों की वृद्धि की। प्लेटों और चादरों के प्लेटों में 250 रुपये प्रति मी. टन, संरचनात्मक सामग्री में 100 रुपये प्रति मी. टन, पहियों में 800 रुपये प्रति मी. टन और कोनिया लौह में 1000 रुपये प्रति मी. टन की वृद्धि की गयी। रेलवे भाड़ा दरों में बढ़ोतरी और समायोजन के परिणामस्वरूप संयुक्त संयंत्र समिति ने पहली अप्रैल 1983 से ढलवां लोहे के मूल्य में 105 रुपये प्रति मी. टन और इस्पात की वस्तुओं में

सारणी 8—थोक कीमतों के सूचकांक में घट-बढ़

(आधार 1970-71=100)

प्रमुख समूह/समूह/उप-समूह/पण्य	भार	जून 1981 के अन्त में	जून 1982 के अंत में	जून 1983 के अंत में	प्रतिशत बढ़ोतरी 1981-82 (2 से 3)	प्रतिशत बढ़ोतरी 1982-83 (3 से 4)
	1	2	3	4	5	6
सभी पण्य	1000	280.7	287.8	308.0	+2.5	+7.0
I. प्रमुख वस्तुएं	417	260.9	273.5	297.8	+4.8	+8.9
2. खाद्य वस्तुएं	298	229.6	250.4	279.2	+9.1	+11.5
(क)+(ख)	129	234.1	236.5	269.0	+1.0	+13.7
(क) अनाज	107	212.1	223.6	260.1	+5.1	+16.3
(i) चावल	51	220.8	243.2	296.6	+10.1	+22.0
(ii) गेहूं	34	184.8	191.3	210.0	+3.5	+9.8
(ख) दालें	22	339.9	300.2	313.3	—11.7	+4.4
(ग) फल और सब्जियां	61	238.1	275.1	305.8	+15.5	+11.2
(घ) दूध एवं दूध के उत्पादन	62	202.3	230.5	238.3	+13.9	+3.4
(ङ) अन्य खाद्यान्न वस्तुएं	16	244.0	261.5	384.9	+7.2	+47.2
(च) चाय	11	263.7	282.4	446.7	+7.2	+58.2
II. गैर खाद्यान्न वस्तुएं	106	241.1	239.7	268.6	+0.6	+12.1
रेशे	32	218.1	206.3	224.9	—5.4	+9.0
कपास	24	234.2	209.2	219.5	—10.7	—1.7
तिलहन	42	263.4	246.6	279.6	—6.4	+13.4
खनिज	13	1175.7	1112.8	989.3	—5.4	—11.1
पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस	6	2162.3	2006.4	1739.5	—7.2	—13.3
II. ईंधन, पावर, बिजली तथा चिकनाई के पदार्थ	84	401.0	447.9	477.1	+11.7	+6.5
कोयला	10	432.1	502.3	512.7	+16.2	+2.1
खनिज तेल	49	468.0	513.9	534.7	+9.8	+4.0
III. विनिर्मित उत्पादन	499	276.8	272.5	287.8	—1.6	+5.6

	1	2	3	4	5	6
1. खाद्य उत्पाद	133	336.1	270.7	288.5	−19.6	+6.6
(क) चीनी, खांडसारी तथा गुड़	72	403.5	283.4	293.0	−29.8	+3.4
(i) चीनी	22	276.5	238.5	233.8	−13.3	−2.8
(ii) गुड़	46	462.3	306.2	323.4	−33.8	+5.6
(ख) विविध खाद्य उत्पाद	49	261.7	256.8	284.8	−1.9	+10.9
खाद्य तेल	37	262.8	259.0	285.1	−1.4	+10.2
2. सूती वस्त्र उद्योग	110	223.2	229.6	241.6	+2.9	+5.2
3. कागज तथा कागज के उत्पाद	9	270.9	302.4	314.6	+11.6	+4.0
4. सीमेंट	7	231.7	357.2	399.7	+54.2	+11.9
5. रसायन तथा रासायनिक उत्पाद	56	254.7	265.5	277.7	+4.2	+4.6
6. मूल धातुएं, लौह मिश्रित धातुएं तथा लौह उत्पाद	60	305.7	349.2	375.4	+14.2	+7.5
7. मशीनरी तथा परिवहन उपकरण	67	259.0	275.5	288.3	+6.4	+4.6

*अनंतिम

160 रु० प्रति मी. टन की वृद्धि की। लेवी चीनी के विक्रय मूल्य में दिसंबर 1982 में प्रति किलोग्राम 10 पैसे की बढ़ोतरी की गयी। छपाई के सफेद कागज के प्रबंधित मूल्य में अप्रैल 1983 में प्रति टन 1,200 रु. की वृद्धि की गयी। सरकार ने 29 जून 1983 से सभी प्रकार के उर्वरकों के मूल्यों में 7.5 प्रतिशत की कमी की। 1983-84 के रेल बजट में प्रभावी भाड़ा दरों में वृद्धियां विभिन्न वस्तुओं पर लागू होती हैं तथा एक पैसे से 3.6 पैसे प्रति टन कि. मी. के बीच हैं। कृषि से इतर वस्तुओं का जिनके लिए प्रबंधित मूल्य वर्ष के दौरान बढ़ाये गये थे, थोक मूल्य सूचकांक में कुल वजन 8 प्रतिशत के आसपास है। चूंकि ये मुख्यतः माध्यमिक उत्पाद है, अतः विनिर्मित वस्तुओं के मूल्यों पर और प्रभाव पड़ेगा।

82. उपभोक्ता मूल्य सूचकांक: औद्योगिक कामगारों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में (1960=100) 1982-83 में बिन्दु-वार आधार पर 10.9 प्रतिशत की तीव्र वृद्धि हुई मगर वर्ष 1981-82 में उसमें 7.1 प्रतिशत की अल्प वृद्धि हुई थी। तथापि 1982-83 में हुई 9.0 प्रतिशत की औसत वृद्धि पिछले वर्ष की उसी अवधि में हुई 10.8 प्रतिशत की वृद्धि के मुकाबले कम थी। जैसा कि पिछले वर्ष की रिपोर्ट में चर्चा की गयी थी कि थोक मूल्य सूचकांक और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के स्वरूप और विन्यास में अंतर होने के कारण छोटी-सी अवधि के लिए उनकी गतिविधियों में असमानताएं पायी जाती हैं, परंतु लम्बी अवधि की दृष्टि से उनकी गतिविधियों में अपेक्षाकृत अधिक समानताएं पायी जाती है।

मूल्यांकन और सम्भावनाएं

83. कृषि उत्पादन में गिरावट और औद्योगिक वृद्धि में मन्दी इन, दोनों का राष्ट्रीय आय पर गंभीर प्रभाव पड़ा और वास्तविक राष्ट्रीय आय में 1982-83 में बहुत थोड़ी-सी वृद्धि हो पायी। यह अर्थव्यवस्था के बढ़े हुए लचीलेपन तथा आपूर्ति और मांग संबंधी नीतियों की प्रभाविष्णुता कारण ही है कि वर्ष के दौरान मूल्यों में सापेक्षित रूप से स्थिरता बनी रही। भयंकर सूखे तथा सहायता और व्यापार के लिए बिगड़े हुए विदेशी वातावरण के परिप्रेक्ष्य में मूल्य स्थिति और देश के विदेशी भुगतानों, दोनों की कुल व्यवस्था हो पाना, 1982-83 के दौरान आर्थिक कार्य निष्पादन की वस्तुतः एक बड़ी ही उत्साहजनक विशेषता रही।

84. वर्ष 1983-84 के लिए आर्थिक सम्भावनायें कृषि क्षेत्र में स्पष्ट सुधार की द्योतक है। कृषि उत्पादन में वृद्धि के परिणामस्वरूप मांग और आपूर्ति के असामंजस्य जैसी अल्पावधिक समस्याएं स्वयं हल हो जाने की वजह से औद्योगिक उत्पादन में बढ़ोतरी तीव्र पड़ने की सम्भावना है। फिर भी यह सुनिश्चित करने के वास्ते सावधानी बरतने की जरूरत है कि मूलभूत ढांचे की अपर्याप्तता उत्पादन में बाधक न बन जाय। कुल मिलाकर 1983-84 का वर्ष काफी सुधार का वर्ष होने की सम्भावना व्यक्त करता है। इसके साथ ही मूल्यों के मोर्चे पर सावधानी के साथ नजर रखनी होगी। जहां तक हाल के महीनों में कीमतों में वृद्धि पर मौसमी तत्वों के प्रभाव का सवाल है, अच्छी मानसून से निश्चय ही आपूर्ति में सुधार आयेगा और मुद्रास्फीति की सम्भावनाओं पर भी रोक लगेगी। साथ ही, गत वर्ष सामान्य-मूल्य-स्तर पर चीनी-समूह का जो नकारात्मक प्रभाव पड़ा था वह भी जारी रहने की सम्भावना नहीं है। पेट्रोलियम वस्तुओं, इस्पात और कोयले के मूल्यों में पहले की गयी वृद्धि के प्रभाव से विनिर्माण की लागतों और मूल्यों में आनेवाली और बढ़ोतरी को भी ध्यान में रखना होगा।

85. यद्यपि निकट भविष्य के लिए सम्भावनाएं उत्साहवर्धक हैं, अर्थ-व्यवस्था के लिए मध्यावधि संभावनाओं से उत्पन्न कुछ मुद्दों पर जोर देना जरूरी है जो नीति निर्माण को प्रभावित करते हैं।

86. इनमें से पहला मुद्दा कृषि से संबंधित है। कृषि के उत्पादन में धीमी वृद्धि के बारे में हाल ही में चिंता प्रकट की गयी है और यह विचार व्यक्त किया गया है कि विशेष रूप से अनाजों के उत्पादन के संबंध में एक गतिरोधक की स्थिति बन गयी है। इस संदर्भ में यह उल्लेखनीय है कि अब तक अधिकतम अन्न उत्पादन 1981-82 में 1330 लाख टन का रहा है जो कि 3 साल पहले अर्थात 1978-79 में हुए सर्वाधिक उत्पादन के केवल 10 लाख टन अधिक है। यद्यपि यह सत्य है किन्तु यह ध्यान में रखना होगा कि 1978-79 के बाद जो मानसून की दृष्टि से इस शताब्दी का सबसे अच्छा वर्ष माना जाता है मौसम कभी बहुत अनुकूल नहीं रहा है। 1979-80 में भारी सूखा पड़ा लेकिन उसके बाद के दो वर्षों में मानसून की समग्र स्थिति के बारे में ज्यादा से ज्यादा यह कहा जा सकता है कि वह "प्रतिकूल नहीं थी" 1982-83 का सूखा 1979-80 के सूखे से भी खराब माना जाता है। इस तरह पिछले चार वर्षों में मौसम की दृष्टि से सचमुच कोई अच्छा वर्ष नहीं रहा है। हां यहां इस बात का उल्लेख करना उचित है कि खाद्यान्न उत्पादन में गतिहीनता की इस प्रकार स्थितियां असामान्य नहीं है। उदाहरण के के लिए 1970-71 में उत्पादन 1084 लाख टन के उच्च शिखर पर पहुंच कर 1974-75 तक कमोबेश 970 से 1,050 लाख टन के बीच उतरता चढ़ता रहा। अगले वर्ष में उत्पादन एक नये स्तर तक जा पहुंचा। छठे और सातवें दशक में भी तेज उछालों के बाद उत्पादन के

गतिहीन हो जाने की इस प्रकार की घटनाएं होती रही हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि खाद्यान्न उत्पादन कमोबेश सीढ़ीनुमा तरीके से बढ़ता है। आठवें दशक के लिए समग्र और फसलवार दोनों वृष्टिकोणों से खाद्यान्न उत्पादन के आंकड़ों के विवेचनात्मक विश्लेषण से वृद्धि दर में कोई मंद गति दृष्टिगोचर नहीं होती। इसके साथ ही अगर प्रति व्यक्ति खाद्यान्नों की उपलब्धता को लगभग अपरिवर्तित मान लिया जाए तो पिछले दशक में प्राप्त की गई 2.50 प्रतिशत की वृद्धि दर जनसंख्या में वृद्धि की दर से केवल मामूली सी ही अधिक है। पिछले कुछ समय से यह बात स्पष्ट हो चुकी है कि कृषि के लिए आवश्यक है कि नई फसलों और नए क्षेत्रों के लिए औद्योगिकी के इस्तेमाल को विकसित किया जाए। सिंचाई की स्थापित क्षमता का भरपूर उपयोग सूखे का सामना कर सकने वाली बीजों की किस्मों पर अनुसंधान गुणक खेती का विकास तथा छोटे किसानों तक पहुंचने के लिए अधिक प्रभावशाली सघन कार्य आदि कुछ तात्कालिक आवश्यकताएं हैं।

87. यद्यपि अगले कुछ वर्षों में भुगतान संतुलन नियंत्रित और व्यवस्थित रह सकता है, मगर देश के विदेशी भुगतानों की निरंतर अर्थ-क्षमता सुनिश्चित करने के लिए सावधानीपूर्वक योजना बनाने की जरूरत है। हाल ही के वर्षों में लिए गए काफी अधिक विदेशी ऋणों के शोधन और अदायगी का बोझ नौवें दशक के उत्तरार्ध में और भी बढ़ेगा। तेल मूल्यों में परिवर्तनों के संदर्भ में निजी खातों में प्रेषणों के भावी प्रवाह के बारे में अनिश्चितताओं को भी ध्यान में रखना होगा। बाहरी सहायता के आसार भी बहुत उत्साहवर्धक नहीं हैं। ऐसी स्थिति का सामना करने के लिये शुरुआत के तौर पर व्यापार घाटे को काफी कम करना होगा। इस स्थिति में यह तर्कसंगत है कि निर्यात संवर्धन और आयात विकल्प पर नए सिरे से ध्यान दिया जाये। वर्तमान प्रतिकूल अन्तर्राष्ट्रीय परिस्थितियों में विशेष रूप से सबसे पहले निर्यात संवर्धन में लागतें घटाने और क्वालिटी में सुधार करने की जरूरत है। आयातों के क्षेत्र में सबसे अधिक उत्साहजनक स्थिति कच्चे तेल के संबंध में है। इधर कच्चे तेल के देशी उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है जिससे कुल उपलब्धता के प्रतिशत के रूप में आयात कम हुए हैं। इसके बावजूद ऊर्जा-उपभोग की वृद्धि की वर्तमान दर में कमी लाकर ऊर्जा के आयातित स्रोतों पर अपनी निर्भरता कम करने की जरूरत है। कच्चे तेल के अतिरिक्त कुछ और भी ऐसी वस्तुएं हैं जिनके बारे में आयात पर निर्भरता काफी तेजी से बढ़ी है उदाहरण के लिए वनस्पति तेल है। खाद्यान्नों के उत्पादन में वृद्धि पर अधिकतम जोर दिए जाने की जरूरत है ताकि अपनी बढ़ती हुई जनसंख्या की जरूरत के लिए देश को आयातों पर निर्भर न रहना पड़े। इस तरह से भुगतान संतुलनों में घाटों को कम करने के लिए भी कृषि में तीव्र वृद्धि दर जरूरी हो जाती है।

88. इसी से जुड़ी दूसरी चिंता जो न केवल निकट भविष्य की है बल्कि आने वाले कई वर्षों के लिए हो सकती है वह है मुद्रास्फीति और उसके नियंत्रण से संबंधित समस्या की। अब यह बात भली प्रकार मान ली गई है कि मुद्रास्फीति की स्थिति आर्थिक वृद्धि के लिए मार्ग प्रशस्त नहीं करती। मुद्रास्फीति को जीवन का अंग मान लेने का विकल्प अब कोई विकल्प नहीं रह गया है। यदि हमारे भुगतान संतुलनों की अर्थक्षमता और विशेष रूप से हमारे निर्यातों की प्रतियोगिता-त्मकता को बनाये रखना है तो उसके लिए भी मुद्रास्फीति का नियंत्रण आवश्यक हो जाता है। इसलिए अब प्रासंगिक सवाल है मुद्रास्फीति विरोधी नीति के सही आयामों, मुद्रास्फीति के स्वरूप पर ध्यान दिये बिना कि यह प्राथमिक रूप से मांग प्रेरित अथवा उसमें लागतें बढ़ाने वाले घटक अधिक महत्वपूर्ण है नीति का एक महत्वपूर्ण मुद्दा यह है कि मुद्रा विस्तार का नियंत्रण हो यदि प्राप्त किया जाने वाला लक्ष्य मूल्य स्थिरता का है तो मुद्रा तथा ऋण की वृद्धि दर किसी भी समय वास्तविक उत्पादन में वृद्धि के प्रतिकूल नहीं रह सकती। हां व्यावहारिक नीति यह है कि न केवल वास्तविक उत्पादन की वृद्धि को बल्कि मूल्य स्तर में वृद्धि की किसी स्वीकार्य मात्रा को भी ध्यान में रखते हुए समग्र विस्तार की वांछित मात्रा पर भी विचार किया जाय। चूंकि मुद्रा सृजन की प्रक्रिया ऋण सृजन की प्रक्रिया भी है अतः केवल यही तय करना काफी नहीं है कि मुद्रा आपूर्ति कितनी बढ़ सकती है यह तय करना भी उतना ही जरूरी है कि विभिन्न इस्तेमाल करने वालों के बीच ऋण किस प्रकार आवंटित किये जाएंगे। अतएव, एक बार वांछित विस्तार पर विचार कर लिये जाने के बाद सरकार तथा वाणिज्य क्षेत्र दोनों ही में ऋण में इस्तेमाल करनेवालों को ऋण में वृद्धि को न्यूनतम रखने और कुल विस्तार को तय सीमाओं के भीतर ही रखने के अपरिहार्य अनुशासन के अधीन रहना होगा। ऐसी स्थिति में ही यह संभव है कि मुद्रा आपूर्ति वस्तुतः पूरी तरह से मौद्रिक प्राधिकरण के नियंत्रण में वास्तव में आ जाये।

89. हां इसका यह अभिप्राय नहीं है कि मूल्यों में वृद्धि की सभी स्थितियों में मौद्रिक विनियमन कारगर होगा। मूल्य नियंत्रण करने के लिए मूल भूत मुद्दों जैसे उत्पादकता की उपेक्षा नहीं की जा सकती। यदि मूल्य वृद्धि उत्पादन की इकाई लागत बढ़ने के फलस्वरूप हुई हो तो मौद्रिक नियंत्रण को लागू करना सही नीतिगत उपाय नहीं होगा। ऐसी परिस्थि-तियों में दीर्घकालीन नीति निवेश वस्तुओं के उपयोग में कुशलता बढ़ाने पर केन्द्रित होनी चाहिए। भारतीय परिस्थिति में स्थिर लगान की स्थितियों में बढ़ते हुए उत्पादन के लिए बचत दर बढ़ाने और पूंजी के इस्तेमाल की क्षमता में सुधार लाने की जरूरत होगी। यहां तक कि यदि निवेश दर को वर्तमान स्तर पर बनाये रखना है तो भी घरेलू बचत दर में वृद्धि की जरूरत पड़ेगी ताकि विदेशी बचतों की गिरावट की क्षति-पूर्ति की जा सके जो कि भुगतान संतुलन अंतराल को कम करने के लिए अपेक्षित संरचनात्मक समायोजन की प्रक्रिया का अंग है। बचत दर में वृद्धि भी किसी फायदे की नहीं होगी अगर इसके साथ साथ पूंजी का बेहतर इस्तेमाल नहीं किया जाता।

90. निकट भविष्य में लिए ऋण नीति का उद्देश्य कृषि और औद्योगिक क्षेत्र में उत्पादन में होने वाली संभावित वृद्धि को आधार प्रदान करना होना चाहिए। इसके लिए मूल्य वृद्धि की प्रवृत्ति पर नियंत्रण को जरूरत को ध्यान में रखना होगा बदलती हुई स्थितियों का सामना करने के लिए ऋण और मुद्रा की वृद्धि के अनुकूल ढालने में लक्ष्य यह होना चाहिए कि तंत्र में नकदी की मात्रा को नियमित किया जाये ताकि अर्थव्यवस्था की उत्पादन क्षमता के समग्र उपयोग को गुंजाइश के साथ-साथ मुद्रागत संभावनाओं को नियंत्रण में रखा जा सके।

भाग II—बैंकिंग एवं अन्य गतिविधियां

91. वर्ष के दौरान प्रमुख मौद्रिक एवं ऋण नीति संबंधी गतिविधियों की चर्चा पहले भाग में की गयी थी। रिपोर्ट के इस भाग में न केवल बैंकिंग एवं मौद्रिक क्षेत्रों की अन्य प्रमुख गतिविधियों की, बल्कि रिजर्व बैंक के कार्य के विभिन्न क्षेत्रों की भी चर्चा की गयी है। वर्ष 1982-83 (जुलाई-जून) के लिए बैंक का तुलन-पत्र एवं लेखे इसके अंत में दिये गये है।

बैंकिंग गतिविधियां

92. 1982-83 के लिए शाखा विस्तार नीति जैसा कि पिछले वर्ष की रिपोर्ट में उल्लेख किया गया था, अप्रैल 1982 से मार्च 1985 तक की तीन वर्ष की अवधि के लिए बैंक द्वारा तैयार की गयी शाखा लाईसेंस नीति का प्रमुख ध्येय यही बना रहा कि ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों में बैंकिंग सुविधाओं में सुधार हो और ऐसी सुविधाओं के विस्तार में अन्तर्क्षेत्रीय विषमताएं कम की जायें। इस नीति का उद्देश्य ग्रामीण तथा अर्धशहरी क्षेत्रों में 1981 की जनगणना के आधार पर औसतन प्रति 17,000 की जनसंख्या के लिए एक बैंक कार्यालय का लक्ष्य प्राप्त करना है। राज्य सरकारों से ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे बैंकरहित स्थान निर्धारित करने के लिए कहा गया जहां नये बैंक कार्यालय स्थापित किये जा सकें। संबंधित राज्य सरकारों की सिफारिशों के आधार पर 18 राज्यों और 5 संघशासित क्षेत्रों के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए शाखा विस्तार कार्यक्रमों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। शेष राज्यों संघशासित क्षेत्रों संबंधी कार्यक्रम इस समय अंतिम रूप दिये जाने के विभिन्न चरणों में है ग्रामीण अंचलों में नये बैंक

कार्यालय खोलने के लिए निर्धारित स्थानों के संबंध में राज्य सरकारों के सुझावों के आधार पर अब तक 5,100 स्थान बैंकों को आवंटित किये जा चुके हैं। अप्रैल 1983 के अंत की स्थिति के अनुसार 5,946 स्थानों में कार्यालय खोलने के लिए बैंकों के पास प्राधिकरण/लाईसेंस थे।

93. जुलाई 1982 से अप्रैल 1983 की अवधि के बीच वाणिज्य बैंकों द्वारा 2,278 कार्यालय खोले गये जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान 3,115 कार्यालय खोले गये थे। इनमें से 363 कार्यालय भारतीय स्टेट बैंक और उसके सहयोगी बैंकों द्वारा 750 राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा तथा 99 निजी क्षेत्र के बैंकों द्वारा खोले गये क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों ने 1,066 कार्यालय खोले। 1,720 कार्यालय अथवा नयी शाखाओं की कुल संख्या में से 75.5 प्रतिशत कार्यालय बैंक रहित क्षेत्रों में खोले गये। प्रति बैंक कार्यालय औसत जनसंख्या जून 1982 के अंत के 18,000 से घटकर अप्रैल 1983 के अंत में 17,000 रह गयी। जून 1969 के लिए यह औसत 65,000 के उच्च स्तर पर था। कुल बैंक कार्यालय में ग्रामीण क्षेत्र के कार्यालयों का अनुपात जो जून 1982 के अंत में 52.0 प्रतिशत था, बढ़कर अप्रैल 1983 में 53.5 प्रतिशत हो गया। जून 1969 में यह प्रतिशत 22.1 था।

94. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान केवल एक भारतीय बैंक, अर्थात इंडियन ओवरसीज बैंक की एक शाखा श्रीलंका में खोली गयी। जून 1983 के अंत में 25 देशों में 12 भारतीय वाणिज्य बैंकों की 138 शाखाएं कार्यरत थीं। इनमें पाकिस्तान में 17 तथा बंगला देश में स्थित 22 निष्क्रिय कार्यालय शामिल नहीं हैं। वर्ष के दौरान भारतीय स्टेट बैंक ने मास्को (रूस) तथा मिलान (इटली) में एक-एक प्रतिनिधि कार्यालय खोला। वर्ष के दौरान टोरन्टो (कनाडा) में सहायक बैंक तथा नाईजीरिया में संयुक्त तत्वावधान मर्चेंट बैंक की स्थापना के कारण, टोरन्टो (कनाडा) तथा लागोस (नाईजीरिया) में इसके प्रतिनिधि कार्यालय बंद कर दिये गये थे। वर्ष के दौरान दार-अस्सलाम (तंजानिया) में बैंक का प्रतिनिधि कार्यालय बंद कर दिया गया। इन कार्यालयों के बंद होने के साथ विदेशों में भारतीय बैंकों के प्रतिनिधि कार्यालयों की संख्या 12 रह गयी।

95 भारतीय स्टेट बैंक ने एक लास एंजेल्स (अमरीका) में स्टेट बैंक आफ इंडिया (कैलिफोर्निया) लि०, तथा कनाडा में स्टेट बैंक आफ इंडिया (कनाडा) नामक दो सम्पूर्ण स्वामित्व वाले सहायक बैंक स्थापित किये। इसने लागोस (नाईजीरिया) में एक संयुक्त तत्वावधान मर्चेंट बैंक में 40 प्रतिशत की ईक्विटी सहभागिता भी ली और उसके साथ प्रबंधकीय करार किया।

96 एक विदेशी बैंक अर्थात बैंक क्रैडिट एण्ड कामर्स इन्टरनेशनल (ओवरसीज) लि० केमान, आईलैण्ड ने भारत में अपने वर्तमान प्रतिनिधि कार्यालय का दर्जा बढ़ाकर, बम्बई में अपनी पहली शाखा खोली। इसके साथ जून 1983 के अंत की स्थिति के अनुसार, भारत में कार्यरत विदेशी बैंकों की संख्या 17 और शाखाओं की कुल संख्या 131 हो गयी। ओमान अरब अफ्रीकन बैंक (ओमान) तथा बैंक आफ नोवास्कोशिया (कनाडा) को भी भारत में बैंकिंग कारोबार शुरू करने के लिए लाईसेंस जारी किये गये हैं। बैंक आफ नोवास्कोशिया अपने वर्तमान प्रतिनिधि कार्यालय का दर्जा बढ़ा कर कारोबार करेगा "द बैंक आफ फारेन" ट्रेड आफ द यू० एस० एस० आर० ने बम्बई में अपना प्रतिनिधि कार्यालय खोला जून 1983 के अन्त की स्थिति के अनुसार देश में 11 विदेशी बैंकों के एक एक प्रतिनिधि कार्यालय थे।

97. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक—समीक्षाधीन वर्ष के दौरान 21 नए क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक स्थापित किए गए। इसके साथ जून 1983 के अंत की स्थिति के अनुसार 245 जिलों को व्याप्त करते हुए क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की कुल संख्या 142 हो गई, जबकि छठी पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत, मार्च 1985 तक, 270 जिलों के लिए 170 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक स्थापित करने का लक्ष्य है। जून 1983 के अंत की स्थिति के अनुसार क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की जमाराशियां तथा अग्रिम क्रमशः 517.9 करोड़ रुपए तथा 623.7 करोड़ रुपए थे। एक वर्ष पहले ये राशियां क्रमशः 390.7 करोड़ रुपए तथा 465.6 करोड़ रुपए थीं।

98 नए शहरी सहकारी बैंकों का पंजीकरण—वर्ष के दौरान रिजर्व बैंक ने नए शहरी सहकारी बैंकों के प्रवर्तकों को सचेत किया कि वे सदस्य बनाना और उनसे शेयर पूंजी एकत्र करना शुरू न करें जब तक कि सम्बद्ध प्रस्तावों की जांच पूरी न हो जाए और उन्हें पंजीकरण के लिए स्वीकृत न कर लिया जाए। उन्हें प्रस्तावों के साथ, प्रारंभिक सर्वेक्षण रिपोर्ट तथा प्रस्तावित सदस्यता का विस्तृत व्यवसायवार वर्गीकरण भी प्रस्तुत करने के लिए कहा गया ताकि रिजर्व बैंक, अन्य बातों के साथ-साथ, उस क्षेत्र में प्रस्तावित बैंक की स्थापना की वास्तविक जरूरत का मूल्यांकन कर सके और साथ ही यह भी देख सके कि ये उस क्षेत्र में कमजोर वर्गों की जरूरतों को किस सीमा तक पूरा कर सकेंगे। यह कदम इसलिए उठाना पड़ा कि कई मामलों में इस बात के बावजूद कि उनके प्रस्ताव, कार्यक्षेत्र, उस क्षेत्र में प्रति बैंक कार्यालय औसतन जनसंख्या की सीमा आदि के मानदण्डों के अनुरूप नहीं थे, संचालकों ने सदस्यता अभियान और शेयर पूंजी एकत्र करने के लिए प्रयास शुरू कर दिए। रिजर्व बैंक को ये प्रस्ताव निरस्त करने पड़े, तथा संचालकों को उनके द्वारा पहले ही बना लिए गए सदस्यों की सदस्यता खारिज करनी पड़ी।

99. नया बीस-सूत्री कार्यक्रम लागू करने में बैंकों की भूमिका विषयक कार्यकारी दल—नया बीस सूत्री कार्यक्रम लागू करने में बैंकों की भूमिका विषयक कार्यकारी दल की सिफारिशों को भारत सरकार तथा रिजर्व बैंक द्वारा कतिपय संशोधनों के साथ मान लिया गया। रिजर्व बैंक ने बैंकों को 7 फरवरी 1983 को इस कार्यक्रम को लागू करने और प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों, विशेष रूप से कमजोर वर्ग को ऋण प्रदान करने के विभिन्न लक्ष्यों और उप लक्ष्यों को प्राप्त करने के संबंध में अनुदेश जारी किये। यह बात सुनिश्चित करने की दृष्टि से कि प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र का सारा ध्यान छोटे उधारकर्ताओं के वित्तपोषण की ओर हो, प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के कुछ घटकों की परिभाषाओं में संशोधन किये गये। हालांकि प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अग्रिमों के लिए निर्धारित बैंक ऋण के 40 प्रतिशत के समग्र लक्ष्य में कोई परिवर्तन नहीं किया गया, लेकिन कृषि और कमजोर वर्गों के लिए ऋणों के उपलक्ष्यों में संशोधन कर दिये गये। बैंकों से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि वे कृषि और संबंधित सेवाओं के लिए प्रत्यक्ष तथा परोक्ष दोनों प्रकार के वित्त के लिए 16 प्रतिशत के वर्तमान उपलक्ष्यों के स्थान पर सिर्फ कृषि (संबंधित सेवाओं सहित) के लिए प्रत्यक्ष वित्त का स्तर मार्च 1985 तक, कुल ऋण के कम से कम 15 प्रतिशत तक और मार्च 1987 तक कुल ऋण के कम से कम 16 प्रतिशत तक पहुंच जाये। प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र में कमजोर वर्गों की परिभाषा में 20-सूत्री कार्यक्रम के हिताधिकारियों के अनुरूप संशोधन किया गया। इसका लक्ष्य यह है कि समाज के कमजोर वर्गों के रहन सहन के स्तर में सुधार लाया जा सके। तदनुसार अब प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अन्तर्गत कमजोर वर्गों में निम्नलिखित शामिल होंगे—(क) 5 एकड़ अथवा कम की जोत की जमीन वाले छोटे एवं सीमांत कृषक, भूमिहीन मजदूर, काश्तकारी किसान तथा बटाईदार (ख) कारीगर, ग्राम तथा कुटीर उद्योग (ग) समेकित ग्रामीण विकास कार्यक्रम के हिताधिकारी (घ) अनुसूचित जातियां एवं अनुसूचित जनजातियां (अनु०जा० अनु०ज०जा०) तथा विभेदक ब्याज दर योजना के हिताधिकारी। यह भी तय किया गया है कि मार्च 1985 के अन्त तक कमजोर वर्गों को दिये जाने वाले अग्रिम, प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों के कुल अग्रिमों के 25 प्रतिशत अथवा कुल बैंक ऋणों के 10 प्रतिशत के स्तर तक अवश्य पहुंच जाने चाहिए।

100 बैंक तथा समेकित ग्रामीण विकास कार्यक्रम—इस समय भारत के सभी खण्डों में चल रहे समेकित ग्रामीण विकास कार्यक्रम (स०ग्रा० वि०का०) का उद्देश्य है सरकारी सहायता तथा संस्थागत वित्त की मदद से बिल्कुल ही गरीब लोगों, छोटे और सीमांत कृषकों, बटाईदारों, खेतिहर

मजदूरों, ग्रामीण कारीगरों, अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों तथा कमजोर वर्गों के जीवन स्तर सुधारना। हालांकि बैंकों को दिसम्बर 1981 में विस्तृत मार्गदर्शी सिद्धान्त जारी किये गये थे जिनमें उन्हें स०ग्रा०वि०का० के अन्तर्गत ऋण प्रदान करने की गति बढ़ाने के उद्देश्य के वास्ते उनके द्वारा की जाने वाली कार्रवाई के संबंध में बताया गया था, फिर भी प्रगति आशा के अनुरूप नहीं थी। फरवरी 1983 में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के कार्यपालकों के साथ हुई अपनी बैठक में गवर्नर ने उनका ध्यान इस ओर दिलाया और उनसे यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि समेकित ग्रामीण विकास कार्यक्रम के हिताधिकारियों को ऋण प्रदान करने में और प्रगति करने के लिए प्रभावशाली कार्रवाई की जाये। इसके अतिरिक्त, निधियों का अंतिम उपयोग सही हो, इसकी भी देखरेख की जानी है ताकि उक्त कार्यक्रम के मुख्य लक्ष्य प्राप्त किये जा सकें।

101. विभेदक ब्याज दर योजना—विभेदक ब्याज दर योजना के अन्तर्गत ऋण प्रदान करने के संबंध में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने और प्रगति की। उपलब्ध नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, उधार खातों की संख्या जो दिसम्बर 1980 के अन्त में 25.10 लाख थी वह बढ़कर दिसम्बर 1981 के अन्त में 29.25 लाख हो गयी। इन खातों में बकाया राशियों में 63 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई और वे 194 करोड़ रुपये से बढ़कर 257 करोड़ रुपये हो गयी। अनुपात के रूप में दिसम्बर 1981 के अन्त में विभेदक ब्याज पर अग्रिम (दिसम्बर 1980 के अन्त में) कुल अग्रिमों के 1.17 प्रतिशत तक पहुंच गये जबकि एक वर्ष पहले यह प्रतिशत 1.04 था। इस योजना के अंतर्गत अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के उधारकर्ताओं की स्थिति में भी सुधार हुआ। उनके उधार खातों की संख्या दिसम्बर 1980 के अन्त के 11.18 लाख से बढ़कर, दिसम्बर 1981 के अन्त में, 13.76 लाख हो गयी तथा उनके ऋण की बकाया राशियां 88 करोड़ रुपये से बढ़कर 123 करोड़ रुपये हो गयी। इस योजना के अन्तर्गत कुल अग्रिमों के अनुपात के रूप में अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के बकाया अग्रिम, दिसम्बर 1980 के 45.4 प्रतिशत से बढ़कर, दिसम्बर 1981 में, 47.9 प्रतिशत हो गये।

102 अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों को ऋण सुविधाएं—अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के सदस्यों को मिलने वाले संस्थागत ऋण की मात्रा को बढ़ाने की दृष्टि से सितम्बर 1982 में बैंकों से कहा गया था कि वे यह सुनिश्चित करें कि बैंक स्टाफ गरीब उधारकर्ताओं के फार्म आदि भरने और दूसरी खानापूरियां करने में मदद करें ताकि वे बिना किसी विलंब के ऋण सुविधाएं प्राप्त कर सकें। साथ ही उनका फील्ड स्टाफ अनपढ़ उधारकर्ताओं से संपर्क करें और उन्हें योजना की खास खास बातों और उनसे होने वाले लाभों के बारे में बताये। नवम्बर 1982 में उनसे यह भी कहा गया था कि वे इस वर्ग के वास्ते राज्य प्रायोजित विकास संगठनों को, इन संगठनों के हिताधिकारियों के लिए निवेश वस्तुओं की खरीद और आपूर्ति या विशिष्ट प्रयोजन और/अथवा उनके उत्पादनों के विपणन के लिए मंजूर किये गये अग्रिमों को प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों को दिया गया अग्रिम माने और उन पर कुछ शर्तों के अधीन 13.5 प्रतिशत वार्षिक रियायती दर पर ब्याज लिया जाना चाहिए। अप्रैल 1983 से इस दर को घटाकर 12.5 प्रतिशत कर दिया गया।

103 ऋण प्राधिकरण योजना—पिछले वर्ष की रिपोर्ट में निजी क्षेत्र के उधारकर्ताओं के लिए कार्यकारी पूंजी सीमाओं के वास्ते 17 जुलाई 1982 को घोषित विभाजन रेखा (कट आफ पाइंट) दो करोड़ रुपये से बढ़कर तीन करोड़ रुपये किये जाने का उल्लेख किया गया था। ऋण प्राधिकरण योजना से संबंधित नीति विषयक मार्गदर्शी सिद्धान्तों में इस वर्ष के दौरान किये गये कुछ और परिवर्तनों का उल्लेख आगे किया जा रहा है।

104. ऐसी, निर्यातोन्मुखी विनिर्माण इकाइयों के संबंध में, जिनका पिछले तीन वर्षों के दौरान वार्षिक औसत निर्यात पण्यावर्त उनके द्वारा निर्मित माल के कुल पण्यावर्त के 25 प्रतिशत से अधिक था और जिनका निर्यात पण्यावर्त आगे के वर्षों में उनके कुल पण्यावर्त के 25 प्रतिशत से कम नहीं होगा, कार्यकारी पूंजी सीमाओं के लिए कट आफ पाइंट बढ़ाकर 5 करोड़ रुपये कर दिया गया। निजी क्षेत्र में गैर ऋण प्राधिकृत योजना पार्टियों को बैंकों द्वारा अकेले अथवा अन्य बैंकों के साथ संयुक्त रूप में मंजूर किये गये एकल मीयादी ऋणों के लिए कट आफ पाइंट, 25 लाख रुपये से बढ़ाकर 50 लाख रुपये कर दिया गया। इसके अतिरिक्त, ऊपर बतायी गयी किस्म की निर्यातोन्मुखी विनिर्माण इकाइयों के लिए मीयादी ऋणों के लिए कट आफ पाइंट एक करोड़ रुपये निर्धारित किया गया।

105. कतिपय ऋण सुविधाओं को ऋण प्राधिकरण योजना के अन्तर्गत पूर्व प्राधिकरण से छूट दे दी गयी। इनमें निम्नलिखित शामिल हैं: तीन माह से अनधिक अवधि के लिए वर्तमान पैकिंग ऋण सीमाओं के 25 प्रतिशत तक अतिरिक्त पैकिंग ऋण सुविधाएं अथवा 50 लाख रुपये जो भी कम हो, तीसरी पार्टी के दूसरे स्टेशन के चेकों/बैंक ड्राफ्टों की खरीद, उधारकर्ताओं के नाम पर सावधि जमाराशियों पर अग्रिम, तीन महीने से अनधिक की अवधि के लिए ऐसी वर्तमान सुविधाओं के 10 प्रतिशत तक अस्थायी कार्यशील पूंजी सीमाएं अथवा 40 लाख रुपये, जो भी कम हो तथा जहां बैंक द्वारा मंजूर की गयी उच्च सुविधाओं जारी करने का मामला रिजर्व बैंक द्वारा प्राधिकरण के लिए अनिर्णीत हो, वहां 25 लाख रुपये अन्तरिम कार्यशील पूंजी सीमाएं।

106 कट आफ पाइन्टों में वृद्धि किये जाने के फलस्वरूप ऋण प्राधिकरण योजना के अन्तर्गत आने वाली पार्टियों की संख्या जून 1982 के अन्त की 1,251 (सार्वजनिक क्षेत्र के 204 उपक्रमों सहित) से घटकर, जून 1983 के अंत में, 897 (सार्वजनिक क्षेत्र के 188 उपक्रमों सहित) रह गयी। हां, उक्त योजना के अंतर्गत आने वाली कुल चालू कार्यकारी पूंजी सीमाएं 15,906 करोड़ रुपये से बढ़कर 17,051 करोड़ रुपये हो गयी। सार्वजनिक क्षेत्र की कम्पनियों के 10,380 करोड़ रुपये के हिस्से में 2,010 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई जबकि निजी क्षेत्र के 6,671 करोड़ रुपये के हिस्से में 865 करोड़ रुपये की कमी आयी।

ऋण प्राधिकरण योजना के कार्यचालन की समीक्षा के लिए समिति—ऋण प्राधिकरण योजना के परिचालनगत पहलुओं के दृष्टिकोण से उसके कार्यचालन की समीक्षा के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने नवम्बर 1982 में एक समिति नियुक्त की। समिति के विचारार्थ विषय इस प्रकार थे:—

(1) योजना के लक्ष्यों, दायरों और विषयवस्तु की जांच करना और बदलती हुई आर्थिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए उसमें यदि कोई संशोधन आवश्यक हों तो उनके लिए सुझाव देना।

(2) वाणिज्य बैंकों में मूल्यांकन मशीनरी प्रणालियों की पर्याप्तता अथवा अपर्याप्तता की जांच करना और उसके आधार पर, तत्संबंधी पद्धतियों में कोई सुधार आवश्यक हों तो उन्हें सुझाना।

(3) वाणिज्य बैंकों के भीतर प्रधान कार्यालय तथा उनके क्षेत्रीय कार्यालय, दोनों स्तरों पर इस योजना की अपेक्षाओं के अनुपालन के वर्तमान ढांचे का अध्ययन करना तथा सही मूल्यांकन तथा आवेदनों के शीघ्र निपटान और उनके अनुवर्तन की सुविधा के लिए यदि कोई संशोधन आवश्यक समझे जाएं तो उन्हें सुझाना।

(4) किसी पार्टी विशेष के लिए ऋण के विशेष स्तर के प्राधिकरण के लिए बैंकों द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक को सिफारिशें करने की वर्तमान आंकड़ा आधार की जांच करना और इस संबंध में कोई संशोधन/सरलीकरण आवश्यक हों तो सुझाना।

(5) प्राधिकरण मांगने के संबंध में बैंकों द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक को प्रस्तुत किये जाने वाले आवेदनपत्र के वर्तमान फार्मेट की जांच करना और उसमें यथावश्यक संशोधन सुझाना ।

(6) आवेदनपत्रों की जांच (प्रोसेसिंग) और निपटान में तेजी लाने के लिए, वाणिज्य बैंकों और रिजर्व बैंक के भीतर अपनाये जाने वाले समयबद्ध मार्गदर्शी सिद्धान्त शुरू करने की वांछनीयता का अध्ययन करना ।

(7) ऐसी अन्य सिफारिशें करना, जो योजना से संबंधित हों ।

107. समिति ने अपनी रिपोर्ट जून 1983 में रिजर्व बैंक को प्रस्तुत कर दी है और उसकी जांच चल रही है ।

108. रुग्ण औद्योगिक इकाइयां—बैंकिंग क्षेत्र से एक करोड़ रुपये अथवा अधिक की ऋण सीमाओं वाली रुग्ण इकाइयों के संबंध में बैंकों द्वारा दिसम्बर 1981 तक अन्तिम करायें गये आंकड़े दिखलाते हैं कि इस श्रेणी के अन्तर्गत जून 1982 के अंत में रुग्ण इकाइयों की संख्या 439 थी जिन पर कुल 1728.40 करोड़ रुपये के बैंक ऋण बकाया थे, जबकि जून 1981 के अंत में 422 इकाइयों पर 1453.29 करोड़ रुपये के बैंक ऋण बकाया थे । बैंकों द्वारा निर्धारित की गयी 439 बड़ी रुग्ण इकाइयों में से 374 के संबंध में व्यावहार्यता अध्ययन पूरे किये जा चुके हैं; इनमें से 320 में अर्थक्षमता की संभावना पायी गयी है और 235 इकाइयों को पोषण कार्यक्रम के अन्तर्गत रखा गया है ।

109. इसके अतिरिक्त, जून 1982 की स्थिति के अनुसार बैंकों ने 26,973 लघु रुग्ण इकाइयों को निर्धारित किया था, जिन पर कुल 393.67 करोड़ रुपये का बैंक बिल लगा हुआ था, जबकि जून 1981 के अंत में 22,360 रुग्ण इकाइयों के मामले में 321.52 करोड़ रुपये लगे हुए थे । बैंकों द्वारा इनमें से 5,316 इकाइयां अर्थक्षमता की संभावना वाली और 14,576 इकाइयां अक्षम समझी गयी थी । बैंकों ने 1982 अर्थक्षम इकाइयों को पोषण कार्यक्रम के अन्तर्गत रखा है ।

110. नाबार्ड के लिए सामान्य ऋण की व्यवस्था— जैसाकि पिछले वर्ष की रिपोर्ट में उल्लेख किया गया था, राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने 12 जुलाई, 1982 से कार्य करना प्रारंभ कर दिया । राज्य सहकारी बैंकों (एस सी बी) तथा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आर आर बी) को अल्पावधि पुनर्वित्त उपलब्ध करा सकने के लिए नाबार्ड को निधियां उपलब्ध कराने के वास्ते नाबार्ड के लिए एक सामान्य ऋण प्रणाली शुरू की गयी । भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम 1934 की धारा 17(4) के अन्तर्गत इसे 1,200 करोड़ रुपये की अल्पावधि ऋण सीमा मंजूर की गयी है । इस समय इस सुविधा पर जो ब्याज लिया जा रहा है वह बैंक दर से 4.75 प्रतिशत कम है ।

111. मीयादी ऋण देने वाली संस्थाओं को सहायता—रिजर्व केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित वित्तीय संस्थाओं को दीर्घावधि ऋणदेक और साथ ही साथ अल्पावधि उधार सुविधाएं प्रदान करता है । भारतीय औद्योगिक विकास बैंक को 1982-83 के दौरान राष्ट्रीय औद्योगिक ऋण (दीर्घकालीन प्रवर्तन) निधि में से 245 करोड़ रुपये के दीर्घावधि ऋण मंजूर किये गये जबकि 1981-82 के दौरान इनकी राशि 265 करोड़ रुपये थी । भा०औ०वि० बैंक ने 245 करोड़ रुपये की पूरी राशि का उपभोग किया । भा०औ०वि० बैंक द्वारा राष्ट्रीय औद्योगिक ऋण (दीर्घ-कालीन प्रवर्तन) निधि में से लिये गये कुल ऋण तथा बकाया की राशियां 30 जून, 1983 को 1,828 करोड़ रुपये हो गयी थीं ।

112. 1982-83 के दौरान भारतीय निर्यात आयात बैंक (एक्सिम बैंक) को राष्ट्रीय औद्योगिक ऋण (दीर्घावधि प्रवर्तन) निधि में से मंजूर किये गये दीर्घावधि ऋणों की राशि 45 करोड़ रुपये रही । इसकी तुलना में 1981-82 में यह राशि 25 करोड़ रु० थी । एक्सिम बैंक ने संपूर्ण ऋण सीमा का उपयोग कर लिया । एक्सिम बैंक द्वारा राष्ट्रीय औद्योगिक ऋण (दीर्घावधि प्रवर्तन) निधि से उधार ली गयी और बकाया राशि 30 जून, 1983 की स्थिति के मुताबिक 70 करोड़ रुपये थी ।

113. भारतीय औद्योगिक विकास बैंक को, उसके द्वारा 1982-83 में पुनर्भुनाये गये पात्र बिलों की जमानत पर मंजूर की गयी अल्पावधि ऋण सीमाएं 225 करोड़ रुपये रही जबकि 1981-82 में 190 करोड़ रुपये की सीमाएं मंजूर की गयी थीं । भा०औ०वि० बैंक को ये अल्पावधि सीमाएं इसलिए मंजूर की गयी थीं कि वह साधन जुटाने में अस्थायी अड़चनों को दूर कर सके और साथ ही, उसके द्वारा, राज्य सड़क परिवहन निगमों और राज्य विद्युत बोर्डों के वित्त पोषण के लिए निवेश संस्थाओं, जैसे, जीवन बीमा निगम तथा भारतीय यूनिट ट्रस्ट आदि से प्राप्त निधियों और भा०औ०वि० बैंक द्वारा इन निकायों के वास्तविक वितरणों के बीच के अंतराल को पार सके । भा०औ०वि० बैंक ने उपर्युक्त सीमा में से अल्पावधियों के लिए कई बार कुल 41.29 करोड़ रुपये की राशि के ऋण लिये तथा 30 जून 1983 को कुल बकाया राशि 1.95 करोड़ रुपये थी ।

114. भारतीय औद्योगिक वित्त निगम को मंजूर की गयी 3 करोड़ रुपये की अल्पावधि ऋण सीमा को रिजर्व बैंक द्वारा दिसम्बर 1982 को समाप्त हुए एक और वर्ष के लिए बढ़ाया गया था । जून 1982 में भारतीय औद्योगिक ऋण एवं निवेश निगम लि० (आई सी आई सी आई) को मंजूर की गयी 10 करोड़ रुपये की सीमा अगस्त 1983 में समाप्त हो जायेगी । निगम ने कई बार बहुत छोटी-छोटी अवधियों के लिए ऋण सीमा का उपभोग किया ।

115. बैंक ने 1983-84 के दौरान आठ राज्य वित्तीय निगमों को उनके तदर्थ बांडों के बदले कुल 16.75 करोड़ की नयी ऋण सीमा मंजूर की और 3 राज्य वित्तीय निगमों के संबंध में 9.20 करोड़ रुपये की ऋण सीमा अवधि बढ़ायी ।

116. जून 1983 के अंत में भारतीय औद्योगिक वित्त निगम तथा भारतीय औद्योगिक ऋण एवं निवेश निगम को मंजूर की गयी अल्पावधि सीमाओं में कोई राशि बकाया नहीं थी । राज्य वित्तीय निगमों की मंजूर की गयी सीमाओं के संबंध में 30 जून 1983 को बकाया राशियां 12 करोड़ रुपये थीं ।

117. चीनी मिलों के लिए वित्त—1981-82 के विस्तारित पेराई मौसम और 1982-83 के मौसम के पेराई कार्यों के शुरू होने से पहले मौसमेतर मरम्मतों के लिए बेजमानती ऋणों की तत्काल आवश्यकता को देखते हुए अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को 5 नवम्बर 1982 को सूचित किया गया था कि ऐसे प्रयोजनों के लिए चीनी मिलों को 25 लाख रुपये तक के बेजमानती ऋण मंजूर करने के लिए रिजर्व बैंक के पूर्व प्राधिकरण की जरूरत नहीं है । हां, ये ऋण 1982-83 का पेराई मौसम शुरू होने के बाद जितनी जल्दी हो सके, लेकिन हर हालत में 31 मार्च 1983 तक वापस अदा किये जाने थे । चूंकि इस उद्योग की अधिकतर इकाइयों द्वारा महसूस की जा रही तात्कालिक वित्तीय समस्या अनके खातों में मार्जिन घाटे को पूरा करने में उनकी असमर्थता थी, अतः बैंकों से यह कहा गया था कि वे अलग अलग मामलों की समीक्षा करें और गुणावगुण के आधार पर राहत प्रदान करें ।

118. अनसूचित वाणिज्य बैंकों को 6 नवम्बर 1982 को सूचित किया गया था कि वे 1982-83 के मौसम (जिसके दौरान उत्पादन 80 लाख टन के आसपास रहेंगे का अनुमान लगाया गया था) के लिए ऋण सीमाओं पर विचार करते समय सरकार द्वारा निर्धारित किये गये न्यूनतम गन्ना मूल्य को ध्यान में रखें तथा उन्हें, अलग अलग इकाइयों के चीनी उत्पादन के अनुमानों के अधीन, रिजर्व बैंक का पूर्व प्राधिकरण प्राप्त किये बिना वर्ष 1981-82 मौसम के दौरान ली गयी अधिकतम राशि (अस्थायी अतिरिक्त आहरणों को छोड़कर) के 125 प्रतिशत तक सीमाएं मंजूर करने की अनुमति दे दी गयी थी । उधारकर्ता खातों में

वास्तविक आहरण, मिलों के मासिक नकदी बजटों में दिखलाये गये आटे के आधार पर नियमित किये जाने थे। बैंकों से यह भी कहा गया कि वे गन्ना उत्पादकों को, चीनी मिलों द्वारा गन्ने के मूल्य की बकाया राशियों के भुगतान की देख रेख की प्रथा को और उधारकर्त्ताओं के परामर्श से, गन्ना उत्पादकों को भुगतान के लिए चीनी की गिरवी/दृष्टि-बंधक पर अग्रिमों में से निधियों को उद्दिष्ट करने की प्रणाली को यथावत जारी रखें।

119. जूट, चाय, चीनी और उर्वरकों के विषय में स्थायी समितियां—इन उद्योगों की वित्तीय समस्याओं के निरन्तर आधार अध्ययन के लिए रिजर्व बैंक द्वारा संस्थागत वित्त के समन्वयन के लिए जूट और चाय के वास्ते नवम्बर 1982 में तथा चीनी और उर्वरकों के लिए जनवरी 1982 में स्थायी समितियां गठित की गयी। इन समितियों के सदस्य भारतीय रिजर्व बैंक, मीयादी ऋणदात्री संस्थाओं, संबंधित उद्योगों, केन्द्र सरकार तथा विशेषज्ञों/प्रौद्योगिकीविदों में से चुने गये हैं।

120. चयनात्मक ऋण नियंत्रण—मूल्यों में घट-बढ़ वाली वस्तुओं के लिए ऋणों के संबंध में वर्तमान चयनात्मक ऋण नियंत्रण उपाय, कुछ वस्तुओं के लिए मार्जिन की अपेक्षाओं में समायोजनों और मार्जिन से छूट प्राप्त ऋणों के वर्गों में कुछ वृद्धियों के साथ, इस वर्ष के दौरान जारी रहे।

121. 1981-82 के मौसम में चीनी के काफी अधिक उत्पादन और मिलों के पास बड़े स्टाकों को देखते हुए चीनी के "न जारी किये गये" स्टाकों पर अग्रिमों की मार्जिन अपेक्षाओं को, 13 सितम्बर, 1982 से प्रभावी, 25 प्रतिशत से घटाकर 20 प्रतिशत कर दिया गया। इसी तरह गुड़ और खांडसारी के निर्माताओं को इन वस्तुओं के स्टाकों पर दिये जाने वाले अग्रिमों पर मार्जिन 65 प्रतिशत से घटाकर 50 प्रतिशत कर दिया गया। चीनी के "न जारी किये गये" स्टाकों (बफर स्टाकों को छोड़कर) पर मार्जिन को 18 नवम्बर, 1982 से प्रभावी, 20 प्रतिशत से भी और घटाकर 17.5 प्रतिशत कर दिया गया था। बैंकों से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया कि इस आधार पर चीनी इकाइयों के पास उपलब्ध होने वाली अतिरिक्त राशि का उपयोग जहां कहीं गन्ने का मूल्य बकाया हो, वहां उसका भुगतान करने तथा मुनाफाती व्यय पूरे करने के लिए किया जाये।

122. रोजगार के अवसर जुटाने के लिए संस्थागत आधार उपलब्ध कराने में खादी और ग्रामोद्योग आयोग की भूमिका की समीक्षा के पश्चात खादी और ग्रामोद्योग आयोग और उसकी सहयोगी संस्थाओं को मूल्यों में घट-बढ़वाली वस्तुओं के बदले दिये गये अग्रिमों को 26 अक्तूबर, 1982 से, लागू चयनात्मक ऋण नियंत्रणों के सीमा क्षेत्र से पूरी छूट दे दी गयी।

123. बम्बई में लम्बे अरसे से चली आ रही हड़ताल से प्रभावित सूती वस्त्र मिलों को सहायता उपलब्ध कराने और उनके तेजी से पुनर्वास में सहायता करने की दृष्टि से रिजर्व बैंक ने 1 दिसम्बर, 1982 से, रुई और कपास के स्टाकों पर सूत मिलों और साथ ही साथ नेशनल टैक्सटाईल कार्पोरेशन की बम्बई स्थित मिलों को अग्रिमों पर मार्जिन में, 3 जून, 1983 तक के 6 महीनों के लिए, 10 प्रतिशत पाईंटों की कमी कर दी।

124. पहली अप्रैल 1983 से प्रभावी बैंकों की ऋण दरों में कटौती के बारे में इस रिपोर्ट के भाग 1 में उल्लेख किया गया है। चयनात्मक ऋण नियंत्रण (चीनी मिलों को अग्रिमों के अतिरिक्त) के अधीन पण्यों पर लागू ब्याज की न्यूनतम दरों को भी 19.5 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया। सभी स्टाकों के संबंध में चीनी मिलों को दिये जाने वाले अग्रिमों के मामले में ब्याज की न्यूनतम दर 16.5 प्रतिशत पर तय की गयी और बैंकों को ऐसी दर वसूल करने की इजाजत दी गयी जो इस दर और अग्रिमों पर सामान्य न्यूनतम दर अर्थात् 18 प्रतिशत के बीच हो।

125. बैंकों को ऐसे निर्यातकों को पैकिंग ऋण मंजूर करने की अनुमति दी जाती है, जो आवश्यक कच्चे माल की सीमा तक संबंधित कच्चे माल (अर्थात् मूंगफली, बिनौले तथा चावल की भूसी) की जमानत पर तेल निकली हुई तथा खरदीरहित खली का निर्यात करते हैं चाहे मंजूर की गयी राशि निर्यात आदेश के मूल्य से अधिक ही क्यों न हो। लेकिन यह सुविधा इस शर्त पर दी जाती है कि निर्यात के मूल्य से अधिक राशि का समायोजन तेल निकालने के तुरंत बाद उसके सह उत्पाद के विक्रय द्वारा अथवा नकद रूप में समायोजित किया जाये, लेकिन यह समायोजन अग्रिम की तारीख से 15 दिन की अवधि में हो जाना आवश्यक है। निर्यातकों-उधारकर्त्ताओं द्वारा अतिरिक्त पैकिंग ऋण के समायोजन में अनुभव की जानेवाली कठिनाइयों को दृष्टि में रखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक ने पहली जुलाई 1983 को अथवा उसके बाद मंजूर किये गए पैकिंग ऋण के लिए समायोजन की अवधि को 15 दिन से बढ़ाकर 30 दिन कर दिया है।

126 बैंकों का निरीक्षण—समीक्षाधीन वर्ष के दौरान वार्षिक मूल्यांकन के अन्तर्गत सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंकों के निरीक्षण का दूसरा दौर लगभग पूरा कर लिया गया। तीसरे दौर के अंतर्गत 17 बैंकों के निरीक्षण का कार्य शुरू किया गया। इसके अतिरिक्त 24 बैंकों का द्वितीय निरीक्षण एवं भारतीय बैंकों की इंग्लैण्ड स्थित 13 विदेशी शाखाओं का निरीक्षण किया गया था। इनके अलावा, बहुत-सी छानबीन भी की गयी। ये अदा किये गये वाले और छोटे उधारकर्त्ताओं के संबंध में आवेदनों के संबंध में सत्यापन तथा साथ ही साथ निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम द्वारा जारी गारंटियों के अन्तर्गत आनेवाले (लघु उद्योग) अग्रिमों की परीक्षा जांच, विभिन्न शिकायतों/धोखाधड़ियों तथा बैंकों/उनके कर्मचारियों के खिलाफ आरोपों और चयनात्मक ऋण नियंत्रण निदेशों के उपबंधों के अनुपालन की जांच से संबंधित थे।

127 बैंकों में धोखाधड़ी—गवर्नर ने 25 फरवरी, 1983 को सरकारी क्षेत्र के बैंकों के कार्यपालकों के साथ हुई अपनी बैठक में बैंकिंग तंत्र की बिगड़ती हुई छवि, असंतोषजनक ग्राहक सेवा के बारे में बढ़ती हुई शिकायतों, बैंकों में व्याप्त भ्रष्टाचार/दुराचार, धोखाधड़ियों की बढ़ती हुई संख्या पर चिंता व्यक्त की। अतएव बैंकों से कहा गया कि वे सतर्कता मशीनरी की समीक्षा करें और उसका पुनर्गठन करें नियंत्रण और पर्यवेक्षण को बेहतर बनाने के लिए तत्काल कदम उठायें, प्रबंध सूचना प्रणाली अनुवर्तन और निरीक्षण/लेखा-परीक्षा व्यवस्थाओं को मजबूत करें और बहियों के तुलना और अंतरशाखा तथा अन्य खातों के समाशोधन के बकाया काम को निपटाने के लिए, समयबद्ध कार्यक्रम तैयार करें। धोखाधड़ियों की रोकथाम के लिए अप्रैल 1983 में उन्हें विस्तृत मार्गदर्शी सिद्धांत भी जारी किए गये। बैंक में एक विशेष आसूचना कक्ष स्थापित किया गया है जो अन्य बातों के साथ-साथ बैंक की जानकारी में आने वाली प्रमुख धोखाधड़ियों की विशेष रूप से जांच करेगा और साथ ही साथ धोखाधड़ियां रोकने की दृष्टि से जारी किये गये विभिन्न मार्गदर्शी सिद्धांतों के लागू किये जाने पर कड़ी नजर रखेगा।

128. बैंकों में ग्राहक सेवा—रिजर्व बैंक ने राष्ट्रीयकृत बैंकों, भारतीय स्टेट बैंक और भारतीय बैंक संघ (आइबीए) के साथ बैंकिंग सेवा के ऐसे कतिपय नाजुक क्षेत्रों के बारे में चर्चा करने के लिये, जहां ग्राहक सेवा सुधारने के लिए समन्वित प्रयास किये जा सकते हैं, एक बैठक आयोजित की। बैंकों से निम्नलिखित क्षेत्रों पर और अधिक ध्यान देने के लिए कहा गया है:—टैलर प्रणाली, बैंक ड्राफ्ट जारी करना/उनका भुगतान, यात्री चेकों के भुगतान की व्यवस्थायें, बाहरी चेकों की उगाही, उगाही के लिये अग्रे 2,500 रुपये तक की राशि के बाहरी चेकों के प्रस्तुत किये जाने पर तुरंत जमा लिखना, ग्राहकों को खातों का विवरण सही समय पर भेजना, स्टाफ का व्यवहार और सामान्य अनुशासन, बैंकों का इस्तेमाल करने वालों की शिकायतों/सुझावों पर अनुवर्ती कार्रवाई तथा ग्राहक सेवाओं विषयक कार्यकारी दल की सिफारिशों के बैंकों के स्तर पर कार्यान्वयन का पर्यवेक्षण एवं देखरेख। बैंक से कहा गया है कि अपनी प्रगति रिपोर्ट रिजर्व बैंक को भेजें।

129. बैंकों का पूंजीगत आधार—पिछले वर्ष की रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख किया गया था कि भारतीय बैंकों की अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर बढ़ती हुई स्थिति और विदेशों में उनकी छवि बनाने की जरूरत को देखते हुए बैंकों का पूंजीगत आधार बढ़ाने का निर्णय किया गया। भारत सरकार ने 1981-82 में 8 राष्ट्रीयकृत बैंकों की अतिरिक्त पूंजी के लिए 25 करोड़ रुपये प्रदान किये थे। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान 3 और राष्ट्रीयकृत बैंकों की अतिरिक्त शेयर पूंजी के लिए 5 करोड़ रुपये उपलब्ध कराये गये। इसके अतिरिक्त, आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36 में संशोधन किया गया है जिसके द्वारा सरकार द्वारा अभिसूचित किये जाने वाले बैंक अपनी कुल आय के 40 प्रतिशत से अनधिक राशियों के भाग को "विशेष प्रारक्षित खाते" में अन्तरित करने की स्थिति में हो सकेंगे। यह आयकर के प्रयोजन के लिए आय की गणना करते समय छूट की पात्र होगी।

130. बैंक जमाराशियों विषयक कार्यकारी दल : सिफारिशें—जैसा कि इस रिपोर्ट के भाग I में उल्लेख किया गया है रिजर्व बैंक ने पांच वर्ष और उससे अधिक की मीयादी जमाराशियों की श्रेणी फिर से शुरू करने और उस पर 11 प्रतिशत ब्याज दर की अनुमति देने की बैंक जमाराशियों विषयक कार्यकारी दल की सिफारिश को मान लिया है। बैंक ने रिपोर्ट में की गयी कतिपय अन्य सिफारिशों पर कार्रवाई शुरू की और बैंक जमाराशियों पर लागू होने वाले उपबंधों में कुछ संशोधन किये। अवधि समाप्ति से पहले पैसा वापस लेने पर दण्ड की दर दो प्रतिशत से घटाकर एक प्रतिशत कर दी गयी है। अवधि समाप्ति से पहले आहरण पर अथवा पुनर्निवेश योजना के अन्तर्गत जमाराशि के नवीकरण पर देय ब्याज चक्रवृद्धि दर पर होगा न कि साधारण दर पर। दैनिक जमा योजना तथा आवर्ती जमा योजना की राशियां अवधि समाप्ति से पहले बिना किसी दण्ड के सावधि जमाराशियों में परिवर्तित की जा सकती हैं। किसी मृत जमाकर्ता के नाम के चालू खाते में पड़ी शेष राशि पर तब तक बचत जमा की दर पर ब्याज देय होगा जब तक जमाराशि कानूनी उत्तराधिकारी को चुका नहीं दी जाती। पहले ही पात्र घोषित किये जा चुके कतिपय संगठनों के अतिरिक्त जो संस्थायें आयकर अधिनियम, 1961 के अन्तर्गत आयकर चुकाने के लिए बाध्य नहीं हैं, वे भी बैंकों में अपने बचत बैंक खातों पर ब्याज अर्जित करने की पात्र होंगी। रिपोर्ट में की गयी कतिपय अन्य सिफारिशों पर रिजर्व बैंक सक्रियता से विचार कर रहा है।

131. बैंकिंग विधि (संशोधन) विधेयक—बैंकिंग विधि (संशोधन) विधेयक, जिसमें कतिपय महत्वपूर्ण उपलब्ध हैं, 10 मई 1983 को लोकसभा में प्रस्तुत किया गया। बिल में अन्य बातों के अलावा निम्नलिखित की व्यवस्था की गयी है : बैंक खातों के संबंध में नामांकन सुविधायें प्रदान करना, अलग-अलग व्यक्तियों, फर्मों आदि द्वारा इस बिल में विहित संख्या से अधिक जमाकर्ताओं से जमाराशियां स्वीकार करने पर रोक लगाना, रिजर्व बैंक को यह शक्ति प्रदान करना कि वह अधिसूचना जारी करके सांविधिक नकदी अनुपात को 25 प्रतिशत से 40 प्रतिशत के बीच घटा-बढ़ा सके, बैंकों को यह सुविधा देना कि वे पट्टे पर लेने/देने के काम जैसे नवोन्मेष उपाय कर सकें तथा निजी क्षेत्र के बैंकों के ऐसे निदेशकों की कार्यावधि सीमित करना जो आठ वर्ष से अधिक की अवधि तक पद पर लगातार बने रहते हैं।

132. मौद्रिक प्रणाली की कार्य-विधि की समीक्षा के लिए समिति—रिजर्व बैंक ने दिसम्बर 1982 में, मौद्रिक प्रणाली की कार्यविधि का गहराई से अध्ययन करने के लिए एक पांच सदस्यीय समिति की नियुक्ति की। इस समिति को निम्नलिखित कार्य सौंपे गये हैं :—

(i) योजनाबद्ध विकास के मूल उद्देश्यों के संदर्भ में मौद्रिक प्रणाली के ढांचे और परिचालन की विवेचनात्मक समीक्षा करना।

(ii) मौद्रिक नीति और अन्य नीतियों, विशेष रूप से राजकोषीय नीति और लोक ऋण प्रबंध के बीच उस सीमा तक परस्पर प्रभाव का मूल्यांकन करना जिस सीमा तक वे मौद्रिक नीति की प्रभविष्णुता को प्रभावित करती हैं।

(iii) मौद्रिक तथा ऋण नीति के विभिन्न उपायों का ऋण प्रणाली और अर्थ व्यवस्था पर उनके प्रभाव के संदर्भ में मूल्यांकन करना। इसी संदर्भ में, बैंकिंग क्षेत्र, गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थाओं और असंगठित क्षेत्रों के बीच संबंधों का भी मूल्यांकन किया जा सकेगा;

(iv) मौद्रिक तथा ऋण नीतियों के ढांचे और परिचालन में सुधार के लिए उपायों की सिफारिश करना तथा ऐसे विशिष्ट क्षेत्रों के बारे में सुझाव देना जहां विभिन्न नीति संबंधी उपायों को मजबूत करने की जरूरत है; तथा

(v) ऐसी अन्य सिफारिशें करना जिन्हें समिति मौद्रिक तथा ऋण नीति के प्रभावशाली परिचालन के संबंध में उचित समझे।

133. समिति से जून 1984 के अन्त तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर देने के लिए कहा गया है।

134. अर्थशास्त्रियों के पैनल—अकादमिक समुदाय से निकट का संपर्क स्थापित करने की दृष्टि से रिजर्व बैंक ने इस वर्ष के दौरान अर्थशास्त्रियों के 4 पैनल बनाये जो समय-समय पर मिलकर निम्नलिखित से संबंधित मामलों पर चर्चा कर सकेंगे : (1) समष्टि अर्थशास्त्रीय प्रणाली (2) उद्योग और औद्योगिक वित्त (3) कृषि और ग्रामीण विकास तथा (4) भुगतान संतुलन।

135. पूर्वी भारत में कृषि संबंधी उत्पादन और उत्पादकता की प्रवृत्तियों के अध्ययन के लिए समिति—चूंकि पूर्वी भारत में कृषि संबंधी उत्पादन और उत्पादकता की हाल ही की प्रवृत्तियां चिंता उत्पन्न कर रही थी, अतः भारतीय रिजर्व बैंक तथा राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक ने मार्च 1983 में इन प्रवृत्तियों का अध्ययन करने तथा विशेष रूप से कृषि ऋण के क्षेत्र में ऐसे उपाय सुझाने के लिए समिति नियुक्त की थी जिन्हें नवें दशक की समाप्ति से पूर्व, जहां तक संभव हो सके, उत्पादन क्षमता में वृद्धि करने के लिए अपनाया जा सके।

136. इस समिति को जो कार्य सौंपे गये थे, उनमें बिहार, पश्चिमी बंगाल, उड़ीसा तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश में कृषि संबंधी उत्पादन की हाल ही के वर्षों की प्रवृत्तियों की समीक्षा करना तथा क्षेत्र की क्षमताओं तथा देश के शेष भागों की प्रवृत्तियों के साथ उनकी तुलना करना; ऊपर गिनाये गये राज्यों में उत्पादन के संभावित स्तर प्राप्त करने में आने वाली विभिन्न अड़चनों का पता लगाना और नवें दशक अर्थात् 1990 की समाप्ति तक यथासंभव सामर्थ्य प्राप्त करने के लिए आवश्यक ऋण तथा निवेश पर विशेष ध्यान देते हुए उपाय सुझाना।

137. समिति को अपनी रिपोर्ट 6 माह के भीतर प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है।

विदेशी मुद्रा नियंत्रण तथा अन्य मामलों से संबंधित गतिविधियां

138. भारतीय राष्ट्रिकता अथवा मूल के अनिवासियों द्वारा निवेश—भाग I में भारतीय राष्ट्रिकता अथवा मूल के अनिवासियों द्वारा निवेश और ऐसे निवेश की बिक्री-आयों की वापसी से संबंधित कार्यविधियों के सरलीकरण के बारे में संक्षेप में उल्लेख किया गया है। अधिक ब्यौरे नीचे दिये जा रहे हैं :—

139. भारतीय राष्ट्रिकता अथवा मूल के अनिवासियों (ऐसे विदेशी निकायों सहित जिनमें इस प्रकार के व्यक्तियों का कम से कम 60 प्रतिशत हिस्सा है) को भारतीय कंपनियों के ईक्विटी शेयरों में पोर्टफोलियो अथवा प्रत्यक्ष निवेश के लिए उपलब्ध सुविधा को अब अधिमान शेयरों और डिबेंचरों (परिवर्तनीय और अपरिवर्तनीय) में निवेशों के लिए भी बढ़ा दिया गया है।

140. भारतीय अनिवासियों के लिए पोर्टफोलियो निवेश योजना को भी, उसके परिचालन के दौरान हुए अनुभवों के प्रकाश में संशोधित किया

गया है। संशोधित योजना के अंतर्गत नामित बैंक हर मामले के लिए रिजर्व बैंक के विशिष्ट अनुमोदन के बिना निवेशिती कंपनी की कुल चुकता ईक्विटी पूंजी के 5 प्रतिशत तथा कंपनी द्वारा जारी किये गये परिवर्तनीय डिबेंचरों की प्रत्येक सिरीज के कुल चुकता मूल्य के 5 प्रतिशत की समग्र सीमा के अधीन एक प्रतिशत प्रति अनिवासी निवेशकर्ता की सीमा तक, ईक्विटी शेयर तथा परिवर्तनीय डिबेंचर खरीद सकते हैं। 5 प्रतिशत की सीमा प्रत्यावर्तन तथा गैर-प्रत्यावर्तन दोनों आधारों पर शेयर बाजार के जरिये ईक्विटी शेयरों और परिवर्तनीय शेयरों की खरीदियों पर लागू होगी। ऐसे ईक्विटी शेयर जो अनिवासी निवेशकर्ता, डिबेंचरों के परिवर्तन पर प्राप्त कर सकते हैं, 5 प्रतिशत की उच्चतम सीमा की गणना करने के प्रयोजन के लिए शामिल नहीं किये जायेंगे। कुल ऊपरी सीमा पर भारतीय रिजर्व बैंक के बम्बई स्थित केन्द्रीय कार्यालय द्वारा नजर रखी जायेगी। निवासी भारतीयों की ओर से स्टाफ एक्सचेंज के माध्यम से 5 प्रतिशत की सीमा से अधिक के ईक्विटी शेयर और परिवर्तनीय ऋणपत्रों की खरीद के लिए रिजर्व बैंक की पूर्वानुमति आवश्यक होगी।

141. साथ ही, 40 प्रतिशत और 74 प्रतिशत वाली योजनाओं के अंतर्गत, पूर्ण प्रत्यावर्तन के लाभ सहित नये निर्गमों में सीधे निवेश की सुविधा जो पहले निर्माण कार्यों में संलग्न कंपनियों और विनिर्दिष्ट प्राथमिकता प्राप्त उद्योगों के नये निर्गमों के संबंध में उपलब्ध थी, उसे अब अस्पतालों तथा "थ्री स्टार", "फोर स्टार", "फाइव स्टार" होटलों के संबंध में भी लागू कर दिया गया है।

142. भारतीय राष्ट्रिकता अथवा मूल के अनिवासी और कम से कम 60 प्रतिशत की सीमा तक उनके स्वामित्व वाले विदेशी निकायों को अब यह अनुमति दे दी गयी है कि वे "पब्लिक लिमिटेड कंपनियों" (सीमित दायित्व वाले सरकारी उपक्रमों सहित) में, पूर्ण प्रत्यावर्तन के लाभ सहित, 3 वर्षीय जमाराशियों के रूप में अपनी निधियां नियोजित कर सकते हैं बशर्ते कि जमाराशियां विदेश से प्रेषण के माध्यम से अथवा एन०आर० (ई०) रुपया खातों/एफ०सी०एन०आर० खातों/प्रेषणों से उपलब्ध करायी जायें और कि वे पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा ऐसी जमाराशियां स्वीकार किये जाने से संबंधित विद्यमान नियमों के अनुसार हों।

143. प्रत्यावर्तन के आधार पर स्टॉक एक्सचेंज के माध्यम से अनिवासियों द्वारा प्राप्त किये गये शेयरों की बिक्री से प्राप्त आय के प्रत्यावर्तन की सुविधा केवल तभी उपलब्ध होगी जब धारक, अथवा उसके बैंक, अथवा बैंक द्वारा नामित व्यक्ति के नाम में, शेयरों के पंजीकरण की तारीख से कम से कम एक वर्ष के लिए, निवेश को जारी रखा गया हो। ऐसे मामलों में, पूंजी निवेश की प्राप्ति की लागत की सीमा तक बिक्री से प्राप्त आय, अथवा वास्तविक बिक्री आय जो भी कम हो, आयकर प्राधिकारियों का "अनापत्ति प्रमाणपत्र" अथवा कर भुगतान प्रमाणपत्र प्रस्तुत किये बिना, प्रत्यावर्तित की जा सकती है। पूंजीगत लाभ की राशि का प्रत्यावर्तन आयकर प्राधिकारियों का कर भुगतान प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने पर किया जा सकता है।

144. शेयरों और ऋणपत्रों के नये निर्गमों में सीधे निवेश को प्रोत्साहन देने की दृष्टि से रिजर्व बैंक भारतीय कंपनियों को विदेशों में अपने एजेंट नियुक्त करने तथा उनकी सहायता से प्राप्त वास्तविक निवेश की मात्रा के आधार पर, उन्हें उचित सीमा तक मेहनताने के भुगतान की अनुमति प्रदान करेगा।

145. आयात-निर्यात विषयक विशेषज्ञ समिति—रिजर्व बैंक ने नवंबर 1982 में निर्यात और आयात से संबंधित विदेशी मुद्रा नियंत्रण विनियमों की जांच तथा दस्तावेज-क्रियाविधियों को सरल और सुगम बनाने के लिए उपाय सुझाने के वास्ते एक विशेषज्ञ समिति की नियुक्ति की। यह समिति, भारतीय फर्मों/कंपनियों द्वारा विदेशों में अपने कार्यालय खोलने, व्यापारिक प्रतिनिधियों को कमीशन का भुगतान करने, रायल्टी और लाइसेंस शुल्कों के प्रेषण भारतीय कार्मिकों की विदेशों में प्रतिनियुक्ति करने, विदेशी मुद्रा के प्राधिकृत डीलरों को अधिकारों के प्रत्यायोजन की वर्तमान प्रणाली का अध्ययन करने, जहां और अधिकारों का प्रत्यायोजन किया जा सकता है उन क्षेत्रों का सुझाव देने तथा विदेशी मुद्रा नियंत्रण विभाग के क्षेत्रीय कार्यालयों के कार्यों में और अधिक विकेन्द्रीकरण की संभावना की जांच करने जैसे अन्य संबंधित मामलों के बारे में विदेशी मुद्रा नियंत्रण विनियमों की समीक्षा भी करेगी। आशा है, यह समिति दिसंबर 1983 तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर देगी।

146. क्रियाविधियों में छूट/उनका सरलीकरण—भारत में स्थायी तौर से बसे व्यक्तियों द्वारा पूर्णतः अथवा मुख्यतः स्वर्ण से बने व्यक्तिगत आभूषण भारत से बाहर ले जाने से संबंधित 5,000 रुपये तक की प्रति व्यक्ति सीमा को बढ़ाकर 10,000 रुपये कर दिया गया है। अफगानिस्तान, ईरान और खाड़ी के देशों को छोड़कर किसी भी अन्य देश में जाने वाले किसी भी यात्री के लिए, पूर्णतः अथवा मुख्यतः स्वर्ण से बने आभूषणों को छोड़कर अन्य जवाहरात और आभूषणों के भारत से बाहर ले जाने से संबंधित प्रति व्यक्ति सीमा को भी 5,000 रुपये से बढ़ाकर 10,000 रुपये कर दिया गया है।

147. निवेश को छोड़कर अन्य प्रयोजनों के लिए एन०आर० (ई) रुपया तथा एफ०सी०एन०आर० जमाराशियों की जमानत पर अनिवासियों को मंजूर किये जाने वाले ऋणों की सीमा को 25,000 रुपये से बढ़ाकर 50,000 रुपये कर दिया गया है।

148. विदेशी मुद्रा के प्राधिकृत डीलरों को यह अनुमति दे दी गई है कि वे भारत में स्थायी रूप से ऐसे विदेशियों को, जिन्होंने विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम, 1973 की धारा 30 के अन्तर्गत रिजर्व बैंक से अनुमति प्राप्त कर ली हो, उनकी शुद्ध मासिक आय के 50 प्रतिशत तक की राशि के उनके परिवारों के भरण पोषण आदि के लिए आवर्ती प्रेषण की सुविधा दे सकते हैं। 2,500 रु० प्रतिमाह वाली पिछली मैट्रिक सीमा को समाप्त कर दिया गया है।

149. विदेश यात्रा योजना—अब "विदेश यात्रा योजना" के अंतर्गत यात्रा को, निर्यात संवर्धन अथवा व्यापारिक दौरों, हज तथा "पड़ौसी देशों की यात्रा योजना" के अंतर्गत आने वाली यात्राओं को छोड़कर, किसी भी अन्य प्रयोजन के लिए की जाने वाली विदेश यात्रा के साथ जोड़ा जा सकता है।

150. विदेशी कंपनियों का भारतीयकरण तथा विदेशी ईक्विटी को कम करना—जून 1983 के अन्त में ऐसे मामलों की संख्या 365 थी जिनमें विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम, 1973 की धारा 29(2) (ए) के अंतर्गत यह अंतिम निर्णय दिये गये थे कि विनिर्दिष्ट स्तर तक कंपनियों का भारतीयकरण किया जाये अथवा उनकी ईक्विटी में कमी की जाये। इस वर्ष के दौरान 15 और कंपनियों ने निदेशों का अनुपालन कर लिया और इस प्रकार ऐसी कंपनियों की कुल संख्या 332 हो गयी। शेष 33 कंपनियां भी अनुपालन के विभिन्न चरणों में हैं।

151. निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम (डी०आइ०सी०जी०सी०)—निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम ने गैर औद्योगिक तथा लघु उद्योग क्षेत्रों के लिए अपनी एक जमा बीमा योजना और 4 ऋण गारंटी योजनाओं के अलावा 1 जनवरी 1983 से सहकारी क्षेत्र से संबंधित एक और गारंटी योजना अर्थात् सहकारी क्षेत्र (लघु ऋण सहकारी ऋण समितियां) गारंटी योजना, 1982, प्रारंभ की।

152. जमा बीमा योजना के अंतर्गत बीमाकृत बैंकों की कुल संख्या जून 1982 के 1,661 से बढ़कर जून 1983 के अंत में 1,718 हो गयी। इसमें 83 वाणिज्य बैंक, 140 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक और 1,495 सहकारी बैंक शामिल थे। अब इस योजना में 14 राज्यों और 3 संघ-शासित क्षेत्रों के सहकारी बैंकों की जमाराशियां शामिल हैं। 30 जून 1918 को बीमाकृत खातों की संख्या 1,377 लाख थी जिसमें लगभग 35,004 करोड़ रुपये की कुल निर्धारणीय जमाराशियां आती थीं। यह संख्या 30 जून 1982 को बढ़कर 1,598 लाख खाते और लगभग 42,360 करोड़ रुपये हो गयी।

153. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान 19 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक लघु ऋण गारंटी योजना 1971 में, तथा और 9 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक सेवा सहकारी समितियां गारंटी योजना, 1971 में शामिल हुए। इसके साथ ही इन दो योजनाओं में भाग लेने वाली ऋण संस्थाओं की संख्या बढ़कर क्रमश: 188 (75 वाणिज्य बैंक और 113 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक) तथा 149 (61 वाणिज्य बैंक, 51 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक तथा 37 सहकारी बैंक) हो गयी। वित्त निगम गारंटी योजना 1971 में भाग लेनेवाली संस्थाओं की संख्या 18 ही बनी रहीं। गैर औद्योगिक क्षेत्र से संबंधित इन तीनों गारंटी योजनाओं के अंतर्गत कुल गारंटीकृत अग्रिमों की राशि जून 1982 के अंत के 4,840 करोड़ रुपये से बढ़कर दिसम्बर 1982 के अंत में 5,025 करोड़ रुपये हो गयी। यह वृद्धि 3.9 प्रतिशत की थी।

154. निगम की लघु ऋण गारंटी योजना 1981 में भाग लेने वाली संस्थाओं की संख्या जून 1983 के अन्त में बढ़कर 339 हो गयी जिसमें 71 वाणिज्य बैंक, 88 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, 15 राज्य वित्त निगम, 5 अन्य राज्य विकास एजेंसियां और 160 सहकारी बैंक शामिल थे। 2 राज्य वित्त निगमों, 1 राज्य विकास एजेंसी और 4 सहकारी बैंकों ने इस योजना में शामिल होने की अपनी इच्छा व्यक्त की लेकिन उन्होंने अभी तक करार का निष्पादन नहीं किया है। 31 दिसम्बर 1982 को लघु उद्योगों की गारंटीकृत अग्रिमों की राशि 4,087 करोड़ रुपये थी।

155. गैर बैंकिंग कंपनियों की जमाराशियां.—वित्तीय कंपनी विभाग द्वारा गैर बैंकिंग कम्पनियों की जमाराशियों के बारे में किये गये सर्वे से यह स्पष्ट होता है कि जमाराशियों में वृद्धि की प्रवृत्ति निरंतर बनी हुई है। मार्च 1982 को समाप्त वर्ष के दौरान कम्पनियों की कुल जमाराशियां 1,304.8 करोड़ रुपये (छूट प्राप्त जमाराशियों सहित) बढ़कर 5,492.8 करोड़ रुपये हो गयी। 5,420 रिपोर्टिंग कम्पनियों में से 2,750 गैर वित्तीय कम्पनियों, 2,129 वित्तीय कम्पनियों और 541 विविध गैर बैंकिंग कम्पनियों (चिट फंड कंपनियां) की बकाया जमाराशियां क्रमश: 3,746 करोड़ रु० (68.2 प्रतिशत) 1,535.9 करोड़ रुपये (28.0 प्रतिशत) और 211.0 करोड़ रु० (3.8 प्रतिशत) थी।

156. करेंसी चेस्ट.—देश में जून 1983 के अंत में कुल 4327 करेंसी चेस्ट थे, जिन में से 593 कोषागार (रिपोजिटरी) थे। इनमें से, रिज़र्व बैंक के पास 5, स्टेट बैंक समूह के पास 3,095 राष्ट्रीयकृत बैंकों के पास 352, सरकारी कोषागारों/उपकोषागारों के पास 268 तथा जम्मू और कश्मीर बैंक लि०, के पास 4 करेंसी चेस्ट थे।

157. सर्वेक्षण/संगोष्ठियां.—वर्ष के दौरान "अखिल भारतीय ऋण और निवेश सर्वेक्षण 1981-82" के लिए आंकड़ों के अभिसंस्करण तथा सांख्यिकीय सारणियों के बनाने के काम में प्रगति हुई। भारतीय रिज़र्व बैंक के अनुरोध पर यह सर्वेक्षण, राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संस्थान द्वारा आयोजित किया गया।

158. "भारत की विदेशी देयताएं और आस्तियां, 1981 और 1982" की गणना शुरू की गयी। इस गणना के लिए मुख्य रूप से विदेशी देयताओं और अस्तियों से संबंधित सूचनाएं एकत्रित की जा रही है; जिसमें शेयर और ऋण पत्र, आयात और निर्यातों से संबंधित आस्थगित ऋण जमाराशियां और अग्रिम जैसी मदें शामिल है।

159. वर्ष 1983-84 के दौरान वाणिज्य बैंकों से सहायता प्राप्त लघु औद्योगिक इकाइयों के संबंध में वैसा ही एक सर्वेक्षण करने का प्रस्ताव है जैसाकि 1977 में रिज़र्व बैंक द्वारा किया गया था।

160. "भारत सरकार द्वारा नियुक्त बचतों विषयक कार्यकारी दल" की रिपोर्ट पर विचार करने के लिए मार्च 1983 में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में बचत और पूंजी निर्माण की अवधारणाओं, परिभाषाओं, पद्धतियों, आंकड़ों के स्रोतों तथा निर्वचनों और नीति के कार्यान्वयन पर विचार विमर्श किया गया।

161. सी० डी० देशमुख स्मारक व्याख्यान माला.—स्वर्गीय डॉ० सी० डी० देशमुख द्वारा की गयी रिज़र्व बैंक और देश की उल्लेखनीय सेवाओं को मान्यता प्रदान करने तथा उनकी स्मृति को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक ने यह निर्णय किया है कि डॉ० सी० डी० देशमुख स्मारक व्याख्यानमाला के अंतर्गत किसी प्रख्यात भारतीय अथवा विदेशी व्यक्ति से आर्थिक विकास, मुद्रा और केन्द्रीय बैंकिंग से संबंधित किसी भी विषय पर साल में एक बार व्याख्यान कराया जाये।

216GI/84—5

बैंक के संगठनात्मक मामले और लेखे

162. संगठनात्मक सुधार रिज़र्व बैंक के कुछ कार्य राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक को सौंपे जाने के फलस्वरूप 12 जुलाई 1982 से "ग्रामीण आयोजना और ऋण विभाग" के नाम से एक नया विभाग बनाया गया। शहरी बैंक कक्ष जो अब तक कृषि ऋण विभाग जो अब नाबार्ड का हिस्सा बन चुका है, का हिस्सा था, रिज़र्व बैंक के बैंकिंग परिचालन और विकास विभाग को अंतरित कर दिया गया है तथा इसका नाम बदल कर शहरी बैंक प्रभाग कर दिया गया। ग्रामीण आयोजना और ऋण विभाग ये कार्य करता है; जिला ऋण आयोजना सहित अग्रणी बैंक योजना, प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्रों को अग्रिम, विशेष कार्यक्रमों और ग्रामीण विकास कार्यक्रमों के अंतर्गत कमजोर वर्गों को ऋण, राज्य सहकारी बैंकों मध्यवर्ती सहकारी बैंकों तथा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों से संबंधित भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 तथा बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की विभिन्न धाराओं का अनुपालन तथा इन बैंकों द्वारा सांविधिक विवरणियों का प्रस्तुतीकरण, राज्य सहकारी बैंकों और उनकी शाखाओं को जमाराशियों तथा अग्रिमों पर ब्याज के संबंध में निदेश जारी करना, नाबार्ड को विशेषज्ञ मार्गदर्शन/सहायता तथा ऋण उपलब्ध करना, समन्वित ग्रामीण विकास के संवर्धन के लिए विशेष अध्ययन करना तथा ग्रामीण विकास के संबंध में रिज़र्व बैंक की नीति निर्धारित करने का काम करता है। शहरी बैंक प्रभाग शहरी बैंकों से संबंधित सभी मामले देखता है जिनमें बैंकों को लाइसेंस देना तथा भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम और बैंककारी विनियमन अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों का अनुपालन शामिल है।

163. मशीनीकरण/कम्प्यूटरीकरण.—उत्पादकता तथा ग्राहक सेवा में सुधार की दृष्टि से इस वर्ष के दौरान जमा लेखा विभाग में चालू लेखे रखने तथा बंबई, मद्रास तथा नई दिल्ली के समाशोधनगृहों में समाशोधन तथा तुलन के लिए मशीनीकरण तथा कम्प्यूटरीकरण किया गया। 7 प्रतिशत पूंजी निवेश बांडों के जारी करने और तत्संबंधी सेवाएं उपलब्ध करने तथा बंबई में वेतन रोल के कार्य का भी कम्प्यूटरीकरण कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त केन्द्रीय लेखा अनुभाग, नागपुर में रिज़र्व बैंक प्रेषण सुविधा योजना के अन्तर्गत सरकारी खाते में प्राप्तियों और भुगतानों के समेकन तथा समाधान के कार्य करने के लिए मिनी-कम्प्यूटर प्रणाली की शुरूआत करने के प्रस्ताव के संबंध में भी प्रगति हुई।

164. बाहरी चैकों का राष्ट्रीय समाशोधन शुरू करने की दिशा में पहल के तौर पर मैकेनिकल चैक विलगन (सौर्टिंग) की सुविधा के लिए चैक लेखन के लिए मेग्नेटिक इंक कैरेक्टर रिकगनीशन का प्रयोग आरंभ करने के संबंध में एक अंतर-संस्थागत दल अपनी रिपोर्ट को अंतिम रूप दे रहा है। दल राष्ट्रीय समाशोधन के लिए चैक प्रपत्रों के मानकीकरण, कागज मुद्रण विनिर्देशन तथा संगठनात्मक व्यवस्था से संबंधित विषयों पर भी विचार करेगा।

165. नियोजक-नियोक्ता संबंध.—पिछले वर्ष की रिपोर्ट में उस आंदोलन का उल्लेख किया गया था जो 12 अप्रैल 1982 से "अखिल भारतीय तृतीय श्रेणी कर्मचारी संघ" द्वारा राष्ट्रीय औद्योगिक विवाद न्यायाधिकरण के निर्णय के कुछ उपबंधों के विरुद्ध चलाया जा रहा था। यद्यपि यह आंदोलन वर्ष की समाप्ति से पहले ही विभिन्न कार्यालयों में समाप्त कर दिया गया था लेकिन यह कलकत्ता में जारी रहा; जिसके कारण विभिन्न विभागों में बहुत अधिक काम इकट्ठा हो गया और इसके परिणामस्वरूप सरकारी प्राप्तियों और भुगतान का काम राष्ट्रीयकृत बैंकों को सौंपना आवश्यक हो गया। कलकत्ता का यह आंदोलन, अगस्त 1982 में समाप्त हुआ तथा नोट परीक्षण और सत्यापन अनुभागों के कर्मचारियों ने काम का पुनरीक्षित कोटा निपटाना शुरू किया। मई 1982 में कर्मचारी संघ ने कलकत्ता उच्च न्यायालय में न्यायाधिकरण के

गठन तथा विशेष रूप से प्रबंध कार्यों से समबद्ध कार्यों से संबंधित मदों के बारे में उसके निर्णय को चुनौती दी, जो अभी तक न्यायालय के विचाराधीन है। इस वर्ष के दौरान बैंक ने न्यायाधिकरण के निदेशों की सीमाओं के भीतर चरणबद्ध रूप से मशीनीकरण और कम्प्यूटरीकरण का काम प्रारंभ किया। मशीनीकरण/कम्प्यूटरीकरण और किन क्षेत्रों में किया जा सकता है इसका अध्ययन किया जा रहा है।

166. बैंक के चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के मांगपत्र की कुछ अनिर्णीत मांगों पर विचार-विमर्श करने के लिए मार्च 1983 में बैंक तथा अखिल भारतीय रिज़र्व बैंक कर्मचारी संघ' के बीच एक बैठक का आयोजन किया गया। तृतीय श्रेणी कर्मचारियों की कुछ समस्याओं को हल करने के लिए भी बैंक और अखिल भारतीय रिज़र्व बैंक कर्मचारी संघ के बीच बैठकों का आयोजन किया गया।

167. इस वर्ष के दौरान "रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया ऑफिसर्स एसोसिएशन" के साथ संयुक्त परामर्श परिषद् की बैठक के अलावा अधिकारियों के दोनों संघों के साथ वार्षिक समझौता बैठकें भी आयोजित की गयी जिनमें अधिकारियों के हितों को प्रभावित करने वाले विभिन्न मामलों तथा उनको दी जाने वाली सुविधाओं को उदार बनाने के विषय पर विचार-विमर्श किया गया। वर्ष के दौरान अपने अधिकारियों के साथ बैंक के संबंध सौहार्दपूर्ण बने रहे।

168. दिसंबर 1982 में प्रबंधकों और विभागीय प्रमुखों के एक सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें बाहर के विभिन्न कार्यालयों में औद्योगिक संबंधों की स्थिति, मुद्रा प्रबंध की समस्याओं आदि पर विचार-विमर्श किया गया।

169. बैंक की सेवा में अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों का प्रतिनिधित्व.—1 जनवरी, 1983 को बैंक में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के कर्मचारियों की कुल संख्या तीनों वर्गों अर्थात चतुर्थ श्रेणी, तृतीय श्रेणी और प्रथम श्रेणी में क्रमशः 1,915 (अनु० जा० 1,547, अनु० जन० जा० 368), 3,128 (अनु० जा० 2,147, अनु० जन० जा० 981) और 305 (अनु० जा० 268, अनु० जन० जा० 37) थी। इनकी तुलना में पहली जनवरी 1982 की स्थिति के अनुसार श्रेणी IV में 2,154 (अनु० जा० 1,747, अनु० जन० जा० 407), श्रेणी III में 3165 (अनु० जा० 2,159, अनु० जन० जा० 1,006) तथा श्रेणी I में 326 (अनु० जा० 284, अनु० जा० जा० 42) कर्मचारी थे। नाबार्ड से तथा नाबार्ड को कर्मचारियों के स्थानांतरण के कारण जनवरी 1983 तक के इन आकड़ों में कुछ परिवर्तन हो सकता है और अंतिम स्थिति 1984 तक सामने आयेगी।

170. कैलेंडर वर्ष, 1982 के दौरान बैंक में विभिन्न श्रेणियों में की गयी सीधी भर्ती तथा कुल भर्ती में अनु० जा०/अनु० जन० जा० के प्रतिनिधित्व का विवरण निम्न प्रकार है :

श्रेणी	उम्मीदवारों की कुल संख्या	भर्ती किये गये कुल उम्मीदवारों में अनु०जा०/अनु० जन० जा० के उम्मीदवारों की संख्या		भर्ती किये गये कुल उम्मीदवारों में अनु० जा०/अनु० जन० जा० के उम्मीदवारों की प्रतिशत	
		अनु० जा०	अनु जन जा०	अनु० जा०	अनु० जन जा०
श्रेणी I (अधिकारी) . .	192	12	3	6.3	1.6
श्रेणी II (लिपिकीय स्टाफ आदि)	1572	215	127	13.7	8.1
श्रेणी III (अधीनस्थ स्टाफ)					
(i) सफाई कर्मचारियों को छोड़कर)	523	132	43	25.2	8.2
(ii) सफाई कर्मचारी	24	16	5	66.7	20.9

171. पिछले वर्ष की रिपोर्ट में स्टाफ अधिकारी ग्रेड "बी" के पद के लिए लिखित परीक्षा में अनु० जन० जा० के उम्मीदवारों द्वारा स्तरीय उत्तर न दिये जाने के संबंध में जिस अध्ययन का उल्लेख किया गया था, उसे भारतीय शिक्षण संस्थान, पुणे को सौंपा गया था। उक्त संस्थान द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट की जांच की जा रही है। भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड ने स्टाफ अधिकारी ग्रेड "ए" पदों पर नियुक्ति के लिए केवल अनु० जाति/अनु० जन० जा० के उम्मीदवारों से ही आवेदन आमंत्रित करते हुए विशेष विज्ञापन जारी किये हैं ताकि उनके संबंध में बकाया पिछले रिक्त स्थानों की अधिक से अधिक पूर्ति की जा सके। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए स्टाफ अधिकारी ग्रेड "ए" (सीधी भर्ती) हेतु आवेदन के लिए अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों के वास्ते निर्धारित 31 वर्ष की अधिकतम आयु सीमा को और बढ़ाकर अब 34 वर्ष कर दिया गया है।

172. वर्ष के दौरान अनु०जा० और अनु० जन० जा० विषयक संपर्क अधिकारी के एक प्रतिनिधि ने बैंक के पटना और कानपुर कार्यालयों तथा बम्बई में निर्गम विभाग द्वारा रखे जा रहे रोस्टरों का निरीक्षण किया। इन केन्द्रों पर पदोन्नति में आरक्षण हेतु रिज़र्व बैंक की योजना के कार्यान्वयन में जो अनियमितताएं पायी गयीं उनमें से कुछ को सुधारा जा चुका है, तथा अन्य अनियमितताओं को दूर किया जा रहा है।

173. बैंक की सेवा में भूतपूर्व सैनिकों को रोजगार.—अब यह निर्णय लिया गया है कि अब तक श्रेणी III में सभी अन्य पदों पर भूतपूर्व सैनिकों को दिये जाने वाले आरक्षण को वर्ष 1983 से लिपिक ग्रेड II, सिक्का नोट परीक्षक ग्रेड II के लिए भी उपलब्ध कराया जाये। कैलेंडर वर्ष 1982 के दौरान श्रेणी III (लिपिकों के सामान्य वर्ग को छोड़ कर) तथा श्रेणी IV में भरे गये क्रमशः 251 तथा 634 पदों में से क्रमशः 11 और 75 पदों पर भूतपूर्व सैनिकों की भर्ती की गयी, जबकि निर्धारित दरों अर्थात् श्रेणी III के लिए 14-1/2 प्रतिशत तथा श्रेणी IV के लिए 24-1/2 प्रतिशत के अनुसार क्रमशः 37 और 155 पद उनके लिए आरक्षित थे। भूतपूर्व सैनिकों में से उचित उम्मीदवार उपलब्ध न होने के कारण कुल भर्ती में भूतपूर्व सैनिकों का प्रतिशत श्रेणी III तथा श्रेणी IV में क्रमशः 4.4 तथा 11.8 रहा।

174. हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा.—हिन्दी के प्रयोग से संबंधित वैधानिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए बैंक ने अपने कार्यालयों में हिन्दी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ाने के वास्ते कई उपाय किये।

175. क्षेत्र "क" (हिन्दी भाषी प्रदेश) तथा क्षेत्र "ख" (महाराष्ट्र गुजरात और पंजाब) में स्थित बैंक के विभिन्न कार्यालयों को 1982 के लिए वार्षिक समयबद्ध कार्यक्रम भेजा गया। इस कार्यक्रम के अनुसार यह आवश्यक है कि उक्त कार्यालय अपने कुल पत्राचार में हिन्दी के पत्राचार के प्रतिशत को क्रमशः 66-2/3 तथा 30 तक बढ़ाएं। इसके अलावा इन कार्यालयों से यह भी कहा गया कि वे अपने सभी श्रेणी के कर्मचारियों तथा जनता से संबंधित परिपत्र, आदेश आदि हिन्दी में जारी करें। उक्त आवश्यकताओं का पूर्णतः अनुपालन करने के लिए बैंक के सभी अधिकारियों को जांच-सूची और जांच-बिन्दुओं की प्रतियां भी उपलब्ध करायी गयी हैं।

176. बैंक तथा उससे संबंद्ध संस्थाओं की विविध रिपोर्टों का हिन्दी में प्रकाशन जारी रहा। इनके अलावा निम्नलिखित छः प्रकाशन भी इस वर्ष के दौरान हिन्दी में जारी किये गये। बैंकिंग शब्दावली (हिन्दी-अंग्रेजी), बैंकिंग शब्दावली (अंग्रेजी-हिन्दी), संशोधित संस्करण, उच्च-स्तरीय बैंकिंग उन्मुख हिन्दी पाठ्यक्रम, हिन्दी के प्रयोग के लिए जांच सूची, हिन्दी के प्रयोग लिए जांच-बिन्दु और भारतीय अर्थव्यवस्था मूल सांख्यिकी (फोल्डर)।

177. बैंकर प्रशिक्षण महाविद्यालय, बंबई.—बैंकर प्रशिक्षण महाविद्यालय ने केन्द्रीय, वाणिज्य और विकास बैंकिंग के क्षेत्र में सामान्य कार्यक्रम, ऋण-क्षेत्र में विशेष/प्रयोजनमूलक कार्यक्रम तथा कार्मिक प्रबंध, औद्योगिक

संबंध और संगठन तथा पद्धति से संबंधित क्षेत्रों के लिए विशेष प्रबंधकीय कार्यक्रमों आदि का आयोजन करना जारी रखा। इसके अलावा निष्पादन बजटिंग, बैंकरों के लिए सांख्यिकी, बैंकिंग के विधिक पहलू, व्यापार बैंकिंग, संकाय विकास, पोर्टफोलियो मैनेजमेंट आदि विषयों पर भी कार्यक्रम आयोजित किये गये।

178. आलोच्य अवधि के दौरान बैंकर प्रशिक्षण महाविद्यालय ने नौ नये कार्यक्रम शुरू किये। अन्य बैंकों के अनुरोध पर महाविद्यालय ने अपने संकाय सदस्यों को उनके महाविद्यालयों में सत्रों का संचालन करने के लिए भी प्रतिनियुक्त किया।

179. यह महाविद्यालय प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अलावा विशेष अध्ययनों का आयोजन तथा पुस्तकों आदि का प्रकाशन भी करता है। इस वर्ष के दौरान इस महाविद्यालय ने निम्नलिखित पांच प्रकाशन जारी किये :—

बैं० प्र० म०—बुलेटिन, वाणिज्य बैंकों में निष्पादन बजट बनाना, अनुशासनात्मक कार्रवाई पर गाइड, उत्पादकता पर आयोजित सेमिनार का कार्य विवरण और तम्बाकू पर आयोजित सेमिनार का कार्य विवरण।

180. उक्त अवधि के दौरान कुल 78 कार्यक्रमों का आयोजन किया; जिनमें 44 विभिन्न प्रकार के पाठ्यक्रम शामिल थे। इनमें से 14 कार्यक्रम अंतर-कंपनी कार्यक्रम थे जो प्रायोजक संस्थाओं (जिनमें से अधिकांश सार्वजनिक क्षेत्र के छोटे बैंक और निजी क्षेत्र के बैंक थे) की विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप बनाये गये थे। इन 14 में से 13 कार्यक्रम प्रायोजक संस्थाओं के स्वयं के केन्द्रों पर चलाये गये।

181. उक्त अवधि में महाविद्यालय में भारतीय रिजर्व बैंक, वाणिज्य बैंकों, विकास वित्त संस्थाओं, सरकार और विदेशी बैंकों के 2,440 अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया। इस प्रकार 1954 में महाविद्यालय की स्थापना से लेकर अब तक प्रशिक्षित अधिकारियों की कुल संख्या बढ़कर 23,957 हो गयी है।

182. कृषि बैंकिंग महाविद्यालय, पुणे.—कृषि वित्त और उससे संबंधित विषयों पर सामान्य और विशिष्ट कार्यक्रम करने के अलावा कृषि बैंकिंग महाविद्यालय ने निम्न आय वर्ग वाले व्यक्तियों को उपलब्ध की जानेवाली सेवाओं में सुधार की दृष्टि से ग्रामीण ऋण संस्थाओं के कर्मचारियों के लिए राष्ट्रीय स्तर की एक प्रशिक्षण कार्यशाला का भी आयोजन किया। यह कार्यशाला खाद्य और कृषि संगठन द्वारा गठित समन्वित ग्रामीण विकास विषयक अंतर-एजेन्सी समिति तथा संयुक्त राष्ट्र-संघ की अन्य संस्थाओं के सहयोग से चलायी गयी।

183. महाविद्यालय ने नवंबर 1982 में "कमजोर वर्गों को ऋण सहायता" पर एक सेमिनार का आयोजन किया। यह सेमिनार केन्द्रीय गृह मंत्रालय के कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग द्वारा प्रायोजित की गयी थी। इस सेमिनार में वाणिज्य बैंकों, ग्रामीण बैंकों तथा राज्य सरकारों आदि के वरिष्ठ कार्यपालक अधिकारियों ने भाग लिया।

184. महाविद्यालय ने राष्ट्रमण्डल (कामनवेल्थ) सचिवालय, लंदन के सहयोग से लघु कृषक पशुधन, परियोजना तैयार करने के बारे में भी एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया।

185. भारत, बंगलादेश, श्रीलंका और नेपाल के बीच "कृषि बैंकिंग में प्रशिक्षण के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग केन्द्र" की स्थापना के बारे में अन्तर सरकार परामर्श के बाद यह निर्णय किया गया कि बैंकिंग में प्रशिक्षण के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग केन्द्र की ओर से वर्ष 1983 में यह महाविद्यालय "परियोजना-वित्त" और "उत्पादन वित्त" पर दो कार्यक्रमों का आयोजन करे। महाविद्यालय ने सेंट्रल बैंक ऑफ सीलोन के श्रीलंका स्थित ग्रामीण बैंकिंग और कर्मचारी प्रशिक्षण महाविद्यालय में ग्रामीण बैंकिंग विंग की स्थापना के लिए किया गया परामर्श-अनुबंध भी पूरा कर लिया है।

186. आलोच्य वर्ष के दौरान महाविद्यालय ने 83 नियमित कार्यक्रमों के अलावा 2 विशेष कार्यक्रम और सरकार द्वारा प्रायोजित एक सेमिनार का आयोजन किया जिनमें भारत तथा विदेश की विविध बैंकिंग संस्थाओं तथा सरकार के 1,872 अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया। इस प्रकार सितंबर 1969 में महाविद्यालय की स्थापना से लेकर अब तक प्रशिक्षित अधिकारियों की कुल संख्या बढ़कर 19,170 हो गयी है।

187. रिजर्व बैंक स्टॉफ महाविद्यालय, मद्रास.—रिजर्व बैंक स्टॉफ महाविद्यालय बैंक के विभिन्न विभागों में कार्यरत ग्रेड "ए" से ग्रेड "सी" तक के स्टाफ अधिकारियों की प्रशिक्षण आवश्यकताओं की पूर्ति करता रहा। आलोच्य वर्ष के दौरान महाविद्यालय ने 57 कार्यक्रमों का आयोजन किया जिनमें 1,332 अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया। 1963 में महाविद्यालय की स्थापना से लेकर अब तक प्रशिक्षित अधिकारियों की कुल संख्या 12,151 हो गयी है।

188. सामान्य रूप से चलाये जाने वाले व्यापक तथा अन्य प्रयोजनमूलक कार्यक्रमों के अलावा "निजी सचिव ग्रेड ए" के लिये मार्गदर्शी कार्यक्रम तथा स्टाफ अधिकारी ग्रेड "बी" (सीधी भर्ती) के लिए "व्यवहार विज्ञान" पर कार्यक्रम आयोजित किये गये।

189. सहायक कोषपालों के लिए एक कार्यक्रम पूर्णतः हिन्दी माध्यम से तथा ऋणमूल्यांकन पर एक संशोधित कार्यक्रम भी चलाये गये, जिसमें कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं तथा मीयादी वित्त से संबंधित नवीनतम तकनीकों को शामिल किया गया।

190. अन्तर कंपनी प्रशिक्षण कार्यक्रम—बैंक में ग्रेड "ई" और "एफ" में कार्यरत प्रबंधकों तथा संभावित प्रबंधकों में अवधारणात्मक तथा प्रबंधकीय दक्षता बढ़ाने की दृष्टि से, फरवरी 1983 में नयी दिल्ली में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। मैनेजमेंट डेवलपमेंट इन्स्टिट्यूट नयी दिल्ली के सहयोग से "समय प्रबंध" पर भी दो दिन का एक अंतर-कंपनी कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कुछ तकनीकें अपनाकर समय के अधिक सफल उपयोग के वास्ते कुछ ठोस सुझाव देने के अलावा "समय प्रबंध" के विविध पहलुओं पर जानकारी उपलब्ध कराना था। फरवरी 1983 में एक "कम्प्यूटर परिबोधन सेमिनार" का आयोजन किया गया, जिसमें बैंक के अधिकारियों को यह बताया गया कि एक बड़ी संस्था में आधुनिक कम्प्यूटर प्रणाली का उपयोग और उसकी क्षमताएं क्या हैं।

191. आंचलिक प्रशिक्षण केन्द्र—बैंक द्वारा भायखला (बंबई), कलकत्ता, मद्रास और नयी दिल्ली के आंचलिक प्रशिक्षण केन्द्रों में बैंक के लिपिकीय वर्ग के कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाता है। आंचलिक प्रशिक्षण केन्द्रों ने लिपिकीय कर्मचारियों, लिपिक ग्रेड II तथा टेलर सिक्का नोट परीक्षण ग्रेड I के लिए क्रमशः विशेष पाठ्यक्रमों, प्रारंभिक पाठ्यक्रमों तथा विशेष कार्यक्रमों का आयोजन करना जारी रखा। वर्ष के दौरान आंचलिक प्रशिक्षण केन्द्रों में 2,218 कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया और इस प्रकार आंचलिक प्रशिक्षण केन्द्रों की स्थापना से लेकर अब तक प्रशिक्षण पानेवाले इस प्रकार के स्टाफ की कुल संख्या बढ़कर 24,884 हो गयी।

192. प्रशिक्षण के लिए कर्मचारियों की देश और विदेश में प्रतिनियुक्ति—बैंक ने अपने अधिकारियों को देश विदेश की प्रतिष्ठित संस्थाओं आदि द्वारा आयोजित किये जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों, सेमिनारों और सम्मेलनों में भाग लेने के लिए प्रतिनियुक्त करना जारी रखा।

193. इस वर्ष के दौरान बैंक ने भारत स्थित संस्थाओं द्वारा प्रबंध तथा उससे संबंधित विषयों तथा वाणिज्य बैंकिंग, प्रशासन, विदेशी मुद्रा नियंत्रण आदि विषयों पर आयोजित किये गये विविध कार्यक्रमों में अपने 174 अधिकारियों को नामित किया।

194. बैंक ने अपने 22 अधिकारियों को पश्चिम जर्मनी, अमरीका, जापान, फिलिपाइन्स, इंडोनेशिया, मलयेशिया, थाइलैंड आदि देशों की बैंकिंग और वित्तीय संस्थाओं में अध्ययन के लिए भेजा।

195. विदेशी बैंकों के अधिकारियों को उपलब्ध करायी गयी प्रशिक्षण सुविधाएं—बैंक ने विदेशी केन्द्रीय और वाणिज्यिक बैंकों से प्राप्त विशेष अनुरोधों के अनुसरण में अनके अधिकारियों को प्रशिक्षण और अध्ययन सुविधाएं देना जारी रखा। इनमें एशियाई और पैसिफिक क्षेत्रीय कृषि ऋण संघ (ए पी आर ए सी ए) स्टाफ एक्सचेंज प्रोग्राम, कॉमनवेल्थ फन्ड टेक्निकल को-ओपरेशन लंदन, कोलम्बो प्लान की तकनीकी सहयोग योजना, युनाइटेड नेशन्स् डेवलपमेन्ट प्रोग्राम आदि जैसी अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता की योजनाओं के अंतर्गत प्रायोजित कार्यक्रम भी शामिल थे। जिन 76 प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण सुविधायें प्रदान की गयी उनमें से, 27 श्रीलंका से, 17 नेपाल से, 9 सूडान से तथा 6 तंजानिया तथा केन्या तथा सिंगापुर से दो-दो थे। इनके अतिरिक्त थाइलैण्ड, इंडोनेशिया, मॉरीशस, घाना, भूटान आदि से भी प्रशिक्षणार्थी आये थे।

196. राष्ट्रीय बैंक प्रबंध संस्थान—राष्ट्रीय बैंक प्रबंध संस्थान ने 19 प्रशिक्षण कार्यक्रम/सेमीनार/सम्मेलन/कार्यशालायें आयोजित कीं जिनमें लगभग 800 व्यक्तियों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त बैंकों में लागत तथा लाभप्रदता, भारतीय वाणिज्यिक बैंकों के घरेलू कारोबार में लाभ तथा लाभप्रदता की प्रवृत्तियां, विदेशी मुद्रा प्रकटन का जोखिम प्रबंध, विभेदक ब्याज दर योजना के प्रभाव का अध्ययन, बैंकरहित क्षेत्रों का विकास और बैंकिंग की भूमिका और समेकित ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अध्ययन पर, अनुसंधान परियोजनाएं पूरी की गयी। इस समय जो योजनाएं हाथ में हैं, वे इस प्रकार हैं: कार्यकारी पूंजी प्रबंध (साइकिल उद्योग तथा ऑटोमोबाईल उद्योग के विशेष संदर्भ में) महानगरीय शाखाओं में हाउस कीपिंग समस्याएं, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के निष्पादन का मूल्यांकन तथा औद्योगिक ऋण प्रस्तावों की प्रोसेसिंग तथा मंजूरी का अध्ययन।

197. प्रेस संपर्क—प्रेस संपर्क प्रभाग ने रिज़र्व बैंक तथा जनता के बीच रिज़र्व बैंक तथा निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम के विभिन्न विभागों के कार्यों के बारे में जानकारी जारी करते हुए, प्रभावशाली संप्रेषण बनाये रखने का काम जारी रखा।

198. इस प्रभाग ने समस्त भारत से आमंत्रित आर्थिक संपादकों का सम्मेलन आयोजित किया ताकि उनके तथा बैंक के गवर्नर और अन्य वरिष्ठ कार्यपालकों के बीच विचारों के अनौपचारिक आदान प्रदान के जरिये, बैंक की नीतियों को बेहतर तरीके से समझने के लिए वातावरण तैयार किया जा सके।

199. इस प्रभाग ने अनिवासी भारतीयों के लिए उपलब्ध विभिन्न निवेश सुविधाओं पर वर्तमान नीतियों और कार्यविधियों के बारे में सूचना देते हुए पुस्तिका प्रकाशित की। इस प्रभाग ने (i) समाशोधन गृह के लिए मिनी कम्प्यूटर प्रणाली (तथ्य और आंकड़े) तथा (ii) निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम में कम्प्यूटरीकरण पर भी फोल्डर प्रकाशित किये हैं।

200. परिसर—चंडीगढ़ में कार्यालय भवन के निर्माण का पहला चरण पूरा हो गया है। जयपुर में कार्यालय भवन का निर्माण कार्य चल रहा है। नागपुर में अतिरिक्त भवन पर कार्य शुरू कर दिया गया है।

201. आवासीय क्वार्टर—वर्ष के दौरान 306 फ्लैट जिनमें अहमदाबाद में अधिकारियों के लिए 64 फ्लैट (4 स्वयंपूर्ण सिंगल कमरों सहित), भोपाल में अधिकारियों के लिए 110 (8 स्वयंपूर्ण सिंगल कमरों सहित), और श्रेणी III और IV के लिए 112 फ्लैट, नयी दिल्ली में अधिकारियों के लिए 90 फ्लैट तथा 10 स्वयंपूर्ण सिंगल कमरे तथा त्रिवेन्द्रम में श्रेणी IV के लिए 56 फ्लैट शामिल हैं, लगभग पूरे कर लिये गये हैं तथा कब्जा लेने के लिए जल्द ही तैयार हो जायेंगे।

202. 821 फ्लैटों का निर्माण कार्य चल रहा है। इन में अहमदाबाद में श्रेणी III और IV के स्टाफ के लिये 370 फ्लैट, कलकत्ता में अधिकारियों के लिए 92 फ्लैट (और 10 स्वयंपूर्ण सिंगल कमरे सहित) गौहाटी में श्रेणी IV के लिए 196 फ्लैट और श्रेणी IV स्टाफ के लिए 78 फ्लैट एवं कानपुर में अधिकारियों के लिए 85 फ्लैट (6 स्वयंपूर्ण सिंगल कमरे सहित) शामिल हैं।

203. अधिकारियों के लिए 310 फ्लैटों, नयपल्ली, भुवनेश्वर में 100 फ्लैट (8 सिंगल स्वयंपूर्ण कमरों सहित), कल्लूर-कोचीन में 28 फ्लैट, राजेन्द्र नगर-पटना में 4 फ्लैट, अमीर पेठ हैदराबाद में 178 फ्लैट (तथा श्रेणी III और IV के लिए 308 फ्लैटों), कल्लूर-कोचीन में 84 क्वार्टर, दिघा-पटना में 224 क्वार्टर का निर्माण कार्य शीघ्र ही शुरु किये जाने की संभावना है।

204. अंधेरी-बंबई में बैंक के चकाला ऑफिसर्स क्वार्टर्स में अधिकारियों के लिए 36 स्वयंपूर्ण सिंगल कमरे और 4 छोटे फ्लैटों वाले "जी" ब्लॉक का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। मालाड-बंबई में श्रेणी IV स्टॉफ के लिए 120 फ्लैटोंवाली 6 इमारतों वाली आवासीय परियोजना का पहला चरण लगभग पूरा होने वाला है। कनिंघम क्रेसेंट बंगलूर में अधिकारियों के लिए 56 फ्लैटों और शालीमार बाग-नयी दिल्ली में श्रेणी III और IV के स्टाफ के लिए 315 फ्लैटों का निर्माण कार्य भी लगभग पूरा होने वाला है। 547 फ्लैटों जयपुर में अधिकारियों के लिए 108 फ्लैट, (6 सिंगल स्वयंपूर्ण कमरों सहित), पुणे में 41 फ्लैट (अधिकारियों के लिए 17, श्रेणी III स्टाफ के लिए 24 फ्लैट) तथा हैदराबाद में अधिकारियों के लिए 14 फ्लैटों और श्रेणी III स्टाफ के लिए 384 फ्लैटों का निर्माण कार्य चल रहा है।

205. एक मुश्त आधार पर अथवा टर्नकी आधार पर फ्लैटों की खरीद—समीक्षाधीन वर्ष के दौरान एक मुश्त आधार पर 401 फ्लैटों (बेगमपेट, हैदराबाद में श्रेणी III स्टाफ के लिए 384 फ्लैटों तथा गणेशखिंड रोड (पुणे) में अधिकारियों के लिए 9 फ्लैट) तथा कोथरूड़, पुणे में अधिकारियों के लिए चार फ्लैटों की खरीद के लिए तीन करार निष्पादित किये गये।

206. जमीन की खरीद—बंबई में बैंक में बांदरा-कुर्ला कम्प्लेक्स में तथा शिवडी में आवासीय क्वार्टरों के निर्माण के लिए प्लॉट प्राप्त किये। जयपुर में बैंक के स्टाफ के लिए रिहायसी आवास निर्माण के वास्ते 8 एकड़ जमीन खरीदी गयी है।

207. आवासीय ऋण योजना—पहली जुलाई 1982 से 30 जून 1983 तक की अवधि के दौरान नीचे लिखे अनुसार आवासीय ऋण मंजूर किये गये थे—

(क) सहकारी आवासीय समिति	समितियों की संख्या	राशि
		रु०
नयी सहकारी समितियां	9	52,94,822
पहले से गठित सहकारी समितियों को अतिरिक्त ऋण	15	15,73,903
		56,67,833

(ख) ऋण: अलग अलग कर्मचारी	कर्मचारियों की संख्या	राशि
		रुपये
नये ऋण	396	2,06,27,527
पहले ऋण ले चुके कर्मचारियों को अतिरिक्त ऋण	280	64,11,220
		2,70,38,728

1961 में योजना के शुरू होने से लेकर अब तक मंजूर किये गये समिति एवं अलग-अलग ऋणों के जोड़ क्रमशः रु० 13,41,66 620.00 तथा रु० 17 13,81,207.00 बैठते हैं।

208. कुल मिलाकर अब तक 7,608 कर्मचारी इस योजना का लाभ उठा चुके हैं।

209. केन्द्रीय बोर्ड डा० आई जी पटेल 15 सितम्बर को कारोबार की समाप्ति पर बैंक के गवर्नर के पद सेवानिवृत्त हुए। डा० मनमोहन सिंह ने 16 सितम्बर 1982 को गवर्नर के रूप में कार्यभार संभाला। बोर्ड डा० आई०जी०पटेल द्वारा की गयी मूल्यवान सेवाओं की भूरि-भूरि सराहना करता है।

210. सर्वश्री ए. एन हक्सर अकबर हैदरी, जहांगीर सी पटेल शं० ल० किर्लोस्कर तथा एम पी जित्तल और डा० भरत राम डा० कुरियन डा० बी वेंकटप्पय्या तथा डा० डी पी सिंह अपनी नियुक्ति की अवधि की समाप्ति पर केन्द्रीय बोर्ड के निदेशकों के रूप में 18 मार्च को सेवानिवृत्त हुए और उनके स्थान पर उसी तारीख से सर्वश्री जवाहरलाल सेन गुप्ता, अशोक कुमार जैन, आर पी. गोएंका, रघुराज, आदित्य वी बिरला, आर गणेशन तथा पी एन देवराजन एवं डा० एस आर सेन तथा डा ए एस कहलोन नियुक्त किये गये। भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम की धारा 8 (1) (घ) के अंतर्गत नामित निदेशक श्री रा० ना० मल्होत्रा ने 12 अक्तूबर 1982 को त्याग पत्र दिया और उनके स्थान पर श्री एम नरसिंहम नियुक्त किये गये। फिर श्री नरसिंहम द्वारा पहली जुलाई 1983 को पद त्यागने पर श्री पी के कौल उनके स्थान पर 11 जुलाई 1983 को नियुक्त किये गये। बोर्ड सेवानिवृत्त निदेशकों की सेवाओं की सराहना करता है।

211. श्री मा० रामकृष्णय्या ने 31 जुलाई 1983 को बैंक के उपगवर्नर का पद त्याग दिया। बोर्ड उनके द्वारा की गयी बैंक की सेवाओं की भूरि-भूरि सराहना करता है।

212. स्थानीय बोर्ड श्री ए० एन० हक्सर, जो 18 मार्च 1983 को केन्द्रीय बोर्ड के निदेशक पद से सेवानिवृत्त हुए, पूर्वी क्षेत्र के स्थानीय बोर्ड के सदस्य नहीं रहे और उनका स्थान उसी तारीख से श्री जवाहर लाल सेन गुप्ता द्वारा भर गया। 18 मार्च 1983 को उत्तरी क्षेत्र के बोर्ड से सदस्य के रूप में डा० भरत राम की सेवानिवृत्ति के फलस्वरूप उसी तारीख से उनका स्थान डा० एस० आर० सेन ने ले लिया।

213. वर्ष के दौरान केन्द्रीय बोर्ड की छः बैठकें हुईं। इसमें से दो बंबई में तथा एक-एक मद्रास, कलकत्ता, जयपुर तथा नई दिल्ली में हुई।

214. सर्वश्री आर० मित्रा तथा वा० श्री ताम्बे ने क्रमशः 24 जुलाई 1982 और 10 दिसम्बर 82 से कार्यपालक निदेशकों के पद त्याग दिये। श्री बी० एन० श्रीवास्तव 24 जुलाई 1982 से कार्यपालक निदेशक नियुक्त किये गये थे तथा 11 दिसम्बर से सर्वश्री वि०ब० कदम तथा टी एम० ए० अय्यर कार्यपालक निदेशक नियुक्त किये गये।

215. कार्यालयों का खोला जाना तथा बंद किया जाना ग्रामीण आयोजना और ऋण विभाग के इंदौर क्षेत्रीय कार्यालय तथा शहरी बैंक प्रभाग 23 अप्रैल 1983 से बंद कर दिये गये थे और उन्होंने 2 मई 1983 से भोपाल में कार्य करना शुरू कर दिया।

216. लेखा 30 जून 1983 को समाप्त हुए लेखा वर्ष के दौरान विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए समायोजना करने के बाद बैंक को 1,040.42 करोड़ रुपयों की आय हुई जबकि पिछले वर्ष उसे 956.76 करोड़ रुपयों की आय हुई थी। विभिन्न स्रोतों से प्राप्त आय का विवरण आगे दिया गया है।

217. राष्ट्रीय ग्रामीण ऋण (दीर्घकालीन प्रचलन) निधि राष्ट्रीय ग्रामीण ऋण स्थिकरण निधि* तथा राष्ट्रीय औद्योगिकरण (दीर्घ कालीन) प्रचलन निधि में वर्ष 1982-83 के दौरान क्रमशः 225 करोड़ रुपयों, 75 करोड़ रुपये और 315 करोड़ रुपये का अंशदान किया गया। ऋण (दीर्घविधि प्रचलन) निधि की राशियां 1981-82 के दौरान क्रमशः 180 करोड़ रुपये, 75 करोड़ रुपये तथा 290 करोड़ रुपये रहीं। पिछले वर्ष में क्रमशः 180 करोड़ रुपये, 75 करोड़ रुपये तथा 290 करोड़ रुपये थीं।

*पहले ये निधियां राष्ट्रीय कृषि निधियां कहलाती थीं।

218. इस वर्ष किये गये 215.42 करोड़ रुपये के कुल व्यय को 426.76 करोड़ की शेष में से निकालने के बाद (पिछले वर्ष की शेष आय 411.76 करोड़ रुपये थी और व्यय की राशि 201.67 करोड़ रुपये थी)। केन्द्रीय सरकार को अदा करने के लिए अलग रखे गये लाभ की अधिशेष राशि 210 करोड़ रुपये (पिछले वर्ष के बराबर ही) बनाये रखी गयी।

(राशि करोड़ रुपयों में)

	वर्ष	
	1982-83	1981-82
1. राज्य सरकारों के अर्थोपाय अग्रिमों पर ब्याज	26.07	666.01
2. राज्य सरकारों को (ऊपर मद (1) में उल्लिखित अर्थोपाय अग्रिमों को छोड़कर तथा वाणिज्य तथा सहकारी बैंकों को दिये गये ऋणों एवं अग्रिमों पर ब्याज	128.83	95.74
3. रुपयों प्रतिभूतियों पर ब्याज और खजाना बिलों पर बट्टा	626.06	381.51
4. विदेशी प्रतिभूतियों, निवेशों तथा खजाना बिलों पर, ब्याज तथा बट्टा	520.58	598.48
5. कमीशन तथा विनिमय	40.73	42.54
6. अन्य आय	40.73	42.54
	1.34	1.14
	1343.61	1185.42
घटायें : अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को उनके द्वारा रिजर्व बैंक के पास रखी गयी अतिरिक्त औसत शेष राशियों पर चुकाया गया ब्याज	303.19	228.66
	1040.42	956.76
घटायें : पैरा 217 में उल्लिखित के अनुसार निधियों को अंतरित	615.00	545.00
	425.42	411.76

219. पिछले वर्ष की 956.76 करोड़ रुपये की कुल आय में इस वर्ष 83.66 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई और यह बढ़कर 1,040.42 करोड़ रुपये हो गयी। इस वृद्धि का मुख्य कारण रुपया तथा विदेशी प्रतिभूतियों में निवेश पर अर्जित उच्चतर ब्याज था, जो अनुसूचित वाणिज्य बैंकों से अर्जित उच्चतर पैमल बकाया ब्याज जो अंशतः विदेशी मुद्रा आस्तियों से आय में कमी तथा अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को उनकी अतिरिक्त नकदी प्रारक्षती निधियों पर अदा किये गये अधिक ब्याज के कारण निष्प्रभावी हो गया था। व्यय में 13.66 करोड़ रुपये की वृद्धि मुख्यतः सरकारी लेनदेन निपटाने के लिए एजेंसी बैंकों को दिये गए कुल कमीशन की राशि में वृद्धि के कारण थी।

220. लेखा परीक्षक मेसर्स बाटलीबॉय एण्ड पुरोहित, बंबई, मेसर्स लखलोक एण्ड लेधिस, कलकत्ता, मेसर्स डी० रंगास्वामी एण्ड कं०, मद्रास तथा मेसर्स के० सी० खन्ना कं०, नई दिल्ली द्वारा बैंक के लेखों की परीक्षा की गयी। इनमें से पहले तीन को भारत सरकार ने पुनर्नियुक्त किया था, जबकि चौथे क्रम पर उल्लिखित फर्म को सरकार की 8 अप्रैल 1983 की अधिसूचना सं० 1 (4)-83-एकाउंटस द्वारा मेसर्स पी० के० चोपड़ा एण्ड कं० के स्थान पर पहली बार नियुक्त किया गया है। इस वर्ष बैंक के सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा केन्द्रीय कार्यालय, कलकत्ता, मद्रास, नयी दिल्ली और नागपुर स्थित कार्यालयों के अलावा जयपुर और गोहाटी (पिछले वर्ष अहमदाबाद तथा हैदराबाद कार्यालय) की लेखा बहियों की भी परीक्षा की गयी है। लेखा परीक्षकों का पारिश्रमिक प्रत्येक कार्यालय के लिए रु० 15,000 निश्चित किया गया है।

भारतीय रिजर्व बैंक

30 जून 1983 तक का तुलन-पत्र

निर्गम (इशू) विभाग

देयताएं	रु०	पै०	रु०	पै०	आस्तियां	रु०	पै०	रु०	पै०
बैंकिंग विभाग में रखे हुए नोट	23 78,09,256.00				सोने का सिक्का और बुलियन (क) भारत में रखा हुआ	225,58,28,275.87			
					(ख) भारत के बाहर रखा हुआ	—			
संचलन में नोट	18383,22,09,928.50				विदेशी प्रतिभूतियां	1564,05,75,253.50			
					जोड़			1789,64,03,529.37	
जारी किये गये कुल नोट			18407,00,19,184.50		रुपये का सिक्का			17,52,34,596.57	
					भारत सरकार की रुपया प्रतिभूतियां				
					देशी विनिमय बिल और दूसरे वाणिज्य पत्र			16599,83,81,058.56	
कुल देयताएं			18407,00,19,184.50		कुल आस्तियां			18407,00,19 184.50	

भारतीय रिजर्व बैंक

30 जून 1983 का तुलन-पत्र

बैंकिंग विभाग

देयताएं	रुपये	पैसे	आस्तियां	रुपये	पैसे
प्रदत्त पूंजी	5,00,00,000.00		नोट	23,78,09,256.00	
प्रारक्षित निधि	150,00,00,000.00		रुपया सिक्के	3,65,669.00	
राष्ट्रीय औद्योगिक ऋण (दीर्घावधि परिचालन) निधि	2230,00,00 000.00		छोटे सिक्के	5,91 155.10	
			खरीदे तथा भुनाये गये बिल:		
जमाराशियां :			(क) आभ्यंतरिक	—	
(क) सरकार			(ख) बाह्य	—	
(i) केन्द्रीय सरकार	553,40,89,627.05		(ग) सरकारी खजाना बिल	7041,89,22,878.10	
(ii) राज्य सरकारें	199,64,91,588.21		विदेशों में रखे गये बकाया शेष	2760,67,12,211.97	
			निवेश*	2989,23,76,625.17	
(ख) बैंक			निम्नलिखित को दिये गये ऋण तथा अग्रिम :		
(i) अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक	6623,69,58,507.04		(i) केन्द्रीय सरकार	—	
(ii) अनुसूचित राज्य सहकारी बैंक	140.85.24,067.51		(ii) राज्य सरकारें@	213,19.00,000.00	
(iii) गैर अनुसूचित राज्य सहकारी बैंक	4,77,83,457.62		निम्नलिखित को दिये गये ऋण तथा अग्रिम		
(iv) अन्य बैंक	15,06.54,857.42		(i) अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक	544,83,52,047.14	
			(ii) राज्य सहकारी बैंक	51,05,64,500.00	
(ग) राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक की जमाराशियां :			(iii) राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक	904,10,40,000.00	
			(iv) अन्य	11,75,59,586.40	
(i) राष्ट्रीय ग्रामीण ऋण (दीर्घावधि परिचालन) निधि	349,58,65,242.03				
(ii) राष्ट्रीय ग्रामीण ऋण (स्थिरीकरण) निधि	281,28,55,673.58				
			राष्ट्रीय औद्योगिक ऋण (दीर्घावधि परिचालन) निधि से ऋण अग्रिम तथा निवेश :		
(घ) अन्य	4857,21 51,997.27		(क) निम्नलिखित को दिये गये ऋण तथा अग्रिम :		
देय बिल	96,09,58,888.52		(i) भारतीय औद्योगिक विकास बैंक	1827,73,98,575.00	
अन्य देयताएं £	3483,55 45,032.61		(ii) भारतीय निर्यात आयात बैंक	70,00,00,000.00	
			(ख) निम्नलिखित द्वारा जारी किये गये बांडों/डिबेंचरों में निवेश:		
			(i) भारतीय औद्योगिक विकास बैंक		
			(ii) भारतीय निर्यात-आयात बैंक		
			अन्य आस्तियां†	2551,82,86,435.38	
कुल देयताएं	18990,18,78,938.86		कुल आस्तियां	18990,18,78,938.86	

आकस्मिकता देयता : अंशत : चुकता शेयरों पर 50,000 पौंड के बराबर 7,72,499.03 रुपये ।

£इसमें आकस्मिकता लेखा शामिल है ।

* विदेशों में विदेशी मुद्राओं में रखे हुए 480,45,16,934.37 रुपये शामिल हैं ।

@ अर्थोपाय अग्रिम शामिल हैं ।

† विशेष व्यवस्था के अधीन अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों में जमा किये गये या उन्हें अग्रिम के रूप में दिये 1885,19,90,000.00 रुपये शामिल है।

आर० एन० मजुमदार
मुख्य लेखाकार
तारीख 5 अगस्त 1983

मनमोहन सिंह गवर्नर
अमिताभ घोष उप गवर्नर
सी० रंगराजन उप गवर्नर
म० वि० छाटे उप गवर्नर

30 जून 1983 को समाप्त वर्ष का लाभ-हानि लेखा

	रु० पै०
आय	
ब्याज, बट्टा, विनिमय शुल्क, कमीशन आदि $	425,41,84,605.11
	425,41,84,605.11
व्यय	
स्थापना व्यय	79,53,86,973.96
निदेशकों और स्थानीय बोर्डों के सदस्यों की फीस और व्यय	2,16,293.85
लेखा परीक्षकों की फीस .	1,20,000.00
किराया, कर, बीमा बिजली आदि	4,32,03,931.97
विधि प्रभार	10,51,089.15
डाक और तार खर्च . . .	41,54,009.81
कोष-प्रेषण	1,76,66,753.46
लेखन-सामग्री आदि . . .	1,23,41,143.02
प्रतिभूति छपाई (चैक, नोट फार्म, आदि) .	35,93,68,425.58
बैंक संपत्ति का मूल्यह्रास और उसकी मरम्मत .	3,51,78,963.81
एजेंसी प्रभार	82,27,61,920.37
कर्मचारी उपदान और अधिवार्षिकी निधियों में अंशदान	1,35,00,000.00
विविध व्यय	4,92,34,166.55
उपलब्ध शुद्ध शेष राशि .	210,00,00,933.38
जोड़ . .	425,41,84,605.11
केन्द्रीय सरकार को देय अधिशेष . .	210,00,00,933.58

प्रारक्षित निधि लेखा	4,32,03,931.97
30 जून 1983 को शेष . . .	150,00,00,000.00
लाभ-हानि लेखे से अंतरित . .	कुछ नहीं
जोड़ . .	150,00,00,000.00

$भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम की धारा 47 के अनुसार

नियमित या आवश्यक व्यवस्थाएं करने के बाद

आर० एन० मजुमदार
मुख्य लेखाकार

तारीख : 18 अगस्त 1983

मनमोहन सिह गवर्नर
अमिताभ घोष उप गवर्नर
सी० रंगराजन उप गवर्नर
म० वि० भाटे उप गवर्नर

लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट

भारत के राष्ट्रपति की सेवा में

हम भारतीय रिजर्व बैंक के अधोहस्ताक्षरित लेखा परीक्षक इसके द्वारा 30 जून, 1983 तक के रिजर्व बैंक के तुलन-पत्र तथा लेखों पर केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करते हैं।

हमने केन्द्रीय कार्यालय और कलकत्ता, बंबई (फोर्ट) मद्रास, नयी दिल्ली, नागपुर, गौहाटी और जयपुर के कार्यालयों के लेखों और उनसे संबंधित प्रमाणपत्रों और वाउचरों से और साथ ही दूसरे कार्यालयों और शाखाओं के प्रबंधकों द्वारा प्रस्तुत और प्रमाणित उन विवरणियों से जिन्हें उक्त तुलन-पत्र में समाविष्ट किया गया है, उपर्युक्त तुलन-पत्र की जांच कर ली है और हम यह सूचित करते हैं कि हमने केन्द्रीय बोर्ड से जो स्पष्टीकरण और जानकारी मांगी है, वह सारा स्पष्टीकरण और जानकारी हमें दी गयी है और वह संतोषजनक है। हमारी राय में यह तुलन-पत्र पूर्ण और सही तुलन-पत्र है। इसमें भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 और उसके अधीन बनाये गये विनियमों द्वारा निर्धारित विवरण दिये गये हैं और इसमें उक्त अधिनियम और विनियमों के अनुसार आस्तियों का मूल्य-निर्धारण किया गया है। यह तुलन-पत्र जहां तक हमारी जानकारी है, तथा हमें दिये गये स्पष्टीकरणों और बैंक की बहियों के अनुसार उचित ढंग से तैयार किया गया है ताकि इससे बैंक कार्यों की सच्ची और सही स्थिति का पता लग सके।

मेसर्स बाटलीबाय एण्ड पुरोहित
मेसर्स डी रंगस्वामी एण्ड कं०
मेसर्स लवलॉक एण्ड ल्यूइस
मैसर्स के सी खन्ना एण्ड कं०
} लेखा परीक्षक

तारीख : 18 अगस्त, 1983

भारतीय रिजर्व बैंक के तुलन-पत्र का विवरण

विवरण	निम्नलिखित तारीख को समाप्त वर्ष 30 जून 1981		30 जून 1982	
	रु० पै०	रु० पै०	रु० पै०	रु० पै०
इशू विभाग				
देयताएं 4				
बैंकिंग विभाग में रखे हुए नोट	13,64,49,690.00		29,80,93,643.00	
संचलन में नोट	14383,44,03,639.50		16034,70,25,652.00	
जारी किये गये कुल नोट		14397,08,53,329.50		16064,51,19,295.50
कुल देयताएं		14397,08,53,329.50		16064,51,19,295.50
आस्तियां				
सोने का सिक्का और बुलियन				
(क) भारत में रखा हुआ	225,58,27,914.78		225,58,28,023.95	
(ख) भारत के बाहर रखा हुआ	......		......	
विदेशी प्रतिभूतियां	2364,05,75,253.50		1564,05,75,253.50	
रुपये का सिक्का	47,53,65,997.06		29,96,70,632.13	
भारत सरकार की रुपया	....		....	
प्रतिभूतियां	11759,90,94,164.16		11244,90,45,385.92	
देशी विनिमय बिल और दूसरे वाणिज्य-पत्र	....		......	
कुल आस्तियां		14397,08,53,329.50		16064,51,19,295.50

भारतीय रिजर्व बैंक के तुलन-पत्र का विवरण (जारी)

विवरण	निम्नलिखित तारीख को समाप्त वर्ष			
	30 जून 1981		30 जून 1982	
	रु०	पै०	रु०	पै०
बैंकिंग विभाग				
देयताएं				
चुकता पूंजी	5,00,00,000.00		5,00,00,000.00	
प्रारक्षित निधि	150,00,00,000.00		150,00,00,000.00	
राष्ट्रीय कृषि ऋण (दीर्घकालीन प्रवर्तन) निधि	1025,00,00,000.00		1205,00,00,000.00	
राष्ट्रीय कृषि ऋण (स्थिरीकरण) निधि	356,05,00,000.00		440,00,00,000.00	
राष्ट्रीय औद्योगिक ऋण (दीर्घकालीन प्रवर्तन) निधि	1625,00,00,000.00		1915,00,00,000.00	
जमा राशियां				
(क) सरकारी				
(i) केन्द्रीय सरकार	214,19,36,326.66		152,69,64,302.53	
(ii) राज्य सरकारें	85,46,04,916.55		247,45,88,183.23	
(ख) बैंक				
(i) अनुसूचित वाणिज्य बैंक	5476,65,26,624.23		5932,14,52,798.59	
(ii) अनुसूचित राज्य सहकारी बैंक	96,76,94,390.99		99,79,88,837.59	
(iii) गैर अनुसूचित राज्य सहकारी बैंक	4,24,85,571.49		3,66,14,617.53	
(iv) अन्य बैंक	5,69,18,424.03		8,44,49,052.84	
(ग) अन्य	1727,71,30,546.18		2542,94,67,026.11	
देय बिल	57,20,09,450.21		82,94,97,597.15	
अन्य देयताएं (क)	2159,19,47,556.23		2802,41,88,950.07	
कुल देयताएं		12997,12,53,806.57		15587,52,11,365.64
(क) इसमें आकस्मिकता लेखे शामिल हैं।				
आस्तियां				
नोट	13,64,49,690.00		29,80,93,643.00	
रुपये का सिक्का	4,19,877.00		3,36,507.00	
छोटा सिक्का	6,71,042.99		6,39,904.89	
खरीदे और भुनाये गये बिल				
(क) देशी	3,71,33,861.40			
(ख) विदेशी	..		..	
सरकारी खजाना बिल	4529,87,80,697.45		6701,75,54,790.65	
विदेशों में रखा हुआ बकाया (ख)	1602,64,28,160.37		1364,39,68,647.46	
निवेश	2157,50,02,729.35(ग घ)		2335,47,60,580.05(ग ङ)	
ऋण और अग्रिम	..		..	
(i) केन्द्रीय सरकार को	116,04,00,000.00			
(ii) राज्य सरकारों को (च)	570,69,92,396.18		567,96,94,312.37	
(iii) अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को	340,75,09,800.00		630,52,90,500.00	
(iv) राज्य सहकारी बैंकों को (छ)	16,40,76,000.00		6,22,19,000.00	
(v) दूसरों को				
राष्ट्रीय कृषि ऋण (दीर्घकालीन प्रवर्तन) निधि से ऋण अग्रिम और निवेश				
(क) ऋण और अग्रिम				
(i) राज्य सरकारों को	128,70,44,388.00		125,23,37,960.00	
(ii) राज्य सहकारी बैंकों को	30,96,28,877.00		32,94,82,516.00	
(iii) केन्द्रीय भूमि बंधक बैंकों को				
(iv) कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम को	366,40,00,000.00		513,93,30,000.00	
(ख) केन्द्रीय भूमि बंधक बैंकों के डिबैंचरों में निवेश	4,69,01,795.00		3,50,17,695.00	
राष्ट्रीय कृषि ऋण (स्थिरीकरण) निधि से राज्य सहकारी बैंकों को ऋण और अग्रिम	94,79,93,317.00		84,46,19,803.00	

भारतीय रिजर्व बैंक के तुलन-पत्र का विवरण (जारी)

विवरण	निम्नलिखित तारीख को समाप्त वर्ष			
	30 जून 1981		30 जून 1982	
	रु०	पै०	रु०	पै०
राष्ट्रीय औद्योगिक ऋण (दीर्घकालीन प्रचलन) निधि से ऋण, अग्रिम और निवेश				
(क) विकास बैंक को ऋण और अग्रिम	1322,50,78,575.00		1610,59,88,575.00(झ)	
(ख) विकास बैंक द्वारा जारी किये गये बांडों/डिबेंचरों में निवेश				
अन्य आस्तियां	1697,67,42,599.83(ञ)		1580,58,76,931.24(ट)	
कुल आस्तियां		12997,12,53,806.57		15587,52,11,365 64

टिप्पणी : 30 जून 1981—आकस्मिक देयता :

(i) अंशत : चुकता शेयरों पर 50,000 पौंड के बराबर के 8,49,993,20

30 जून 1982—आकस्मिक देयता :

(i) अंशत : चुकता शेयरों पर 50,000, पौंड के बराबर के रु० 8,25,000.83

(ख) इनमें नकदी, सावधि जमाराशियां और अल्पकालीन प्रतिभूतियां शामिल हैं।

(ग) राष्ट्रीय कृषि ऋण (दीर्घकालीन प्रचलन) निधि और राष्ट्रीय औद्योगिक ऋण (दीर्घकालीन प्रचलन) निधि में से किये गये निवेश शामिल नहीं हैं।

(घ) विदेशों में विदेशी मुद्राओं में रखे हुए रु० 360,52,01,369.45 शामिल हैं।

(ङ) विदेशों में विदेशी मुद्राओं में रखे हुए रु० 345,73,03,767.85 शामिल हैं।

(च) राष्ट्रीय कृषि ऋण (दीर्घकालीन प्रचलन) निधि से प्रदत्त ऋण और अग्रिम शामिल नहीं हैं।

(छ) भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम की धारा 17(4) (ग) के अधीन अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को मीयादी बिलों पर अग्रिम दिये गये रु० 'कुछ नहीं' शामिल हैं।

(ज) राष्ट्रीय कृषि ऋण (दीर्घकालीन प्रचलन) निधि और राष्ट्रीय कृषि ऋण (स्थिरीकरण) निधि से प्रदत्त ऋण और अग्रिम शामिल नहीं हैं।

(झ) निर्यात-आयात बैंक को दिये गये रु० 25,00,00,000.00 के ऋण और अग्रिम शामिल हैं।

(ञ) विशेष व्यवस्थाओं के अधीन अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को अग्रिम दिये गये या उनमें जमा किये गये रु० 1138,11,10,000.00 शामिल हैं।

(ट) विशेष व्यवस्थाओं के अधीन अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को अग्रिम दिये गये या उनमें जमा किये गये रु० 1056,41,50,000.00 शामिल हैं।

30 जून 1981 और 1982 को समाप्त वर्षों का लाभ-हानि लेखा

	1981		1982	
आय	रु०	पै०	रु०	पै०
ब्याज, बट्टा, विनिमय शुल्क, कमीशन आदि	373,95,20,480.32		411,76,16,023.68	
	373,95,20,480.32		411,76,16,023.68	
व्यय				
स्थापना व्यय	71,83,73,677.16		76,21,37,205.92	
निदेशकों और स्थानीय बोर्डों के सदस्यों की फीस और व्यय	1,92,947.32		2,04,826.12	
लेखा परीक्षकों की फीस	1,15,000.00		1,20,000.00	
किराया, कर, बीमा, बिजली आदि	2,89,77,904.60		3,30,23,722.17	
विधि प्रभार	6,86,737.47		8,35,249.32	
डाक और तार खर्च	29,98,712.17		36,16,506.63	
कोष प्रेषण	1,49,17,273.55		1,68,67,824.29	
लेखन सामग्री आदि	1,40,18,699.35		1,15,08,627.55	
प्रतिभूति छपाई (चेक, नोट, फार्म आदि)	23,20,11,612.85		41,57,76,715.55	
बैंक संपत्ति का मूल्यह्रास और मरम्मत	1,87,46,996.12		2,42,64,795.13	
एजेंसी प्रभार	56,09,71,562.84		70,16,50,118.42	
कर्मचारी उपदान और अधिवार्षिकी निधियों में अंशदान	1,05,00,000.00		1,35,00,000.00	
विविध व्यय	3,69,78,980.50		3,41,09,689.39	
उपलब्ध शुद्ध शेष राशि	210,00,00,376.39		210,00,00,712.89	
जोड़	373,95,20,480.32		411,76,16,023.68	
केन्द्रीय सरकार को देय अधिशेष	210,00,00,376.39		210,00,00,712.89	
30 जून को शेष	प्रारक्षित निधि लेखा	150,00,00,000.00		150,00,00,000.00
लाभ हानि लेखे में अंतरित		कुछ नहीं		कुछ नहीं
जोड़		150,00,00,000.00		150,00,00,000.00

†भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम की धारा 17 के अनुसार नियमित या आवश्यक व्यवस्थाएं करने के बाद।

[सं० एफ० 12/22/83-बी० ओ०-I]

च० वा० मीरचन्दानी, निदेशक

New Delhi, the 17th April, 1984

S.O. 1752.—In accordance with section 52 (2) of the Reserve Bank of India Act, 1934, the Central Board of Directors has submitted to the Government of India the following Annual Report on the working of the Reserve Bank of India during the year ended June 30, 1983.

THE ANNUAL REPORT

ON THE WORKING OF THE RESERVE BANK OF INDIA

For the year July 1, 1982—June 30, 1983

Part I—The Economic Situation

In 1982-83, the economy suffered a serious setback with agricultural output affected by severe drought and a marked decline in the pace of increase in industrial production. In consequence, the national income registered only a marginal rise. The overall balance of payments showed improvement even though it still continued to be understrain. Despite these adverse trends, prices were fairly stable for the greater part of the year.

परन्तु टाईप-1, टाईप 2, टाईप 3 या टाईप 4 के निवासस्थानों के संबंध में, वह तारीख जब से अधिकारी केन्द्रीय सरकार अथवा राज्य सरकार की सेवा में, जिसमें अन्यत्र सेवा की अवधि भी है, निरन्तर रहा है, उसकी उस टाईप के लिए पूर्विकता तारीख होगी :

परन्तु यह और कि जहां दो या अधिक अधिकारियों की पूर्विकता तारीख एक ही हो वहां उनके बीच ज्येष्ठता उपलब्धियों की रकम से अवधारित की जाएगी। अधिक उपलब्धियां प्राप्त करने वाले अधिकारी को कम उपलब्धियां प्राप्त करने वाले अधिकारी से अग्रता दी जाएगी, और जहां उपलब्धियां समान है वहां ज्येष्ठता सेवा काल की दीनता के अनुसार अवधारित की जाएगी;

(ठ) "निवास स्थान" से ऐसा कोई निवास स्थान अभिप्रेत है जो समय निदेशक के प्रशासनिक नियंत्रण में है।

(ड) "शिकमी देने" के अन्तर्गत किसी आबंटित द्वारा अन्य व्यक्ति के साथ उस व्यक्ति द्वारा अनुज्ञप्ति फीस का संदाय करने पर अथवा उसके बिना वास सुविधा का सहभोग करना भी है।

स्पष्टीकरण : आबंटिती द्वारा अपने निकट संबंधियों के साथ वाससुविधा का सहभोग शिकमी देना नहीं समझा जाएगा;

(ढ) "अस्थायी स्थानांतरण" से ऐसा स्थानान्तरण जिसमें अनुपस्थिति की अवधि चार मास से अनधिक है, अभिप्रेत है।

(ण) "स्थानान्तरण" से हैदराबाद / सिकन्दराबाद से किसी अन्य स्थान को या तिलहन विकास निदेशालय के कार्यालय से हैदराबाद या सिकन्दराबाद में किसी अन्य कार्यालय में स्थानान्तरण अभिप्रेत है और इसके अन्तर्गत राज्य सरकार के अधीन सेवा में स्थानांतरण अथवा प्रतिवर्तन और किसी अन्य कार्यालय संगठन में किसी पद पर प्रतिनियुक्ति भी है ;

(त) किसी अधिकारी के संबंध में "टाईप" से निवास स्थान का वह टाईप अभिप्रेत है जिसको वह भू० नि० 317 ख ग 5(1) के अधीन पात्र है।

भ० नि० 317-ख ग-3 जिन अधिकारियों के अपने मकान हैं उनको आबंटन :—

(1) इस नियम में :—

(क) "लगी हुई नगरपालिका अभिप्रेत है जो किसी स्थानीय नगरपालिका से लगी हुई है ;

(ख) किसी अधिकारी या उसके कुटुम्ब के किसी सदस्य के सम्बन्ध में 'मकान' से ऐसा भवन या उसका कोई भाग अभिप्रेत है जिसका प्रयोग निवास के प्रयोजन के लिए किया जा रहा हो और जो स्थानीय नगरपालिका या किसी लगी हुई नगरपालिका की अधिकारिता के भीतर स्थित हो।

स्पष्टीकरण :—किसी भवन का कोई भाग जिसका प्रयोग निवास के के प्रयोजन के लिए किया जा रहा है, इस खण्ड के प्रयोजन के लिए इस बात के होते हुए भी मकान समझा जाएगा कि उसका कोई भाग अनिवार्यी प्रयोजनों के लिये प्रयोग में लाया जा रहा है;

(ग) किसी अधिकारी के संबंध में "स्थानीय नगरपालिका" से वह नगर पालिका अभिप्रेत है जिसकी अधिकारिता के भीतर उस अधिकारी का कार्यालय स्थित है ;

(घ) किसी अधिकारी के संबंध में "कुटुम्ब के सदस्य" से यथास्थिति, पति/पत्नी, या अधिकारी की उस पर आश्रित सन्तान अभिप्रेत है ;

(ङ) नगरपालिका" के अन्तर्गत नगरनिगम, नगरपालिका समिति या बोर्ड, टाऊन एरिया समिति, नोटीफाईड एरिया समिति और छावनी बोर्ड आते हैं।

(2) यदि किसी अधिकारी के नाम में या उसके कुटुम्ब के किसी सदस्य के नाम में कोई मकान उसकी ड्यूटी के स्थान में या उससे लगी हुई नगरपालिका में, उसके स्वामित्व में है तो वह सरकार द्वारा समय समय पर अवधारित की गई ऐसी दर पर सरकारी वाससुविधा के लिए अनुज्ञप्ति फीस का संदाय करके सरकारी निवास स्थान के आबंटन के लिए पात्र होगा।

(3) यदि किसी अधिकारी को जिसके पास सरकारी निवास स्थान है, वह या उसके कुटुम्ब का कोई व्यक्ति उस अधिकारी के ड्यूटी के स्थान में या उससे लगी हुई नगरपालिका में किसी मकान का स्वामी हो जाता है, तो ऐसा अधिकारी उस तथ्य की बाबत ऐसे मकान को किराये पर दिए जाने या अधिभोग की तारीख से या मकान पूरा किया जाने की तारीख से इनमें से जो भी पहले हो एक मास के भीतर संपदा अधिकारी को सूचित करेगा।"

अनु० नि० 317—ख ग—4 पति और पत्नी को आबंटन, एक दूसरे से विवाहित अधिकारियों के मामले में पात्रता :—

(1) किसी अधिकारी को, यथास्थिति, जिसकी पत्नी या जिसके पति को पहले ही निवास स्थान आबंटित किया जा चुका है, इन नियमों के अधीन कोई निवास स्थान तब तक आबंटित नहीं किया जाएगा जब तक ऐसा निवास स्थान अभ्यर्पित नहीं कर दिया जाता ;

परन्तु यह उपनियम वहां लागू नहीं होगा जहां पति और पत्नी किसी न्यायालय द्वारा किए गए न्यायिक पृथक्करण के आदेश के अनुसरण में पृथक पृथक निवास कर रहे हैं।

(2) जहां दो अधिकारी, जो इन नियमों के अधीन पृथक रूप से आबंटित निवास स्थानों के अधिभोगी हैं एक दूसरे से विवाह कर लें वहां वे विवाह के एक मास के भीतर उन निवास स्थानों में से एक अभ्यर्पित कर देंगे।

(3) यदि निवास स्थान का अभ्यर्पण उपनियम (2) की अपेक्षानुसार नहीं किया जाता है तो निम्नतर टाईप के निवास स्थान का आबंटन ऐसी अवधि के अवसान पर रद्द समझा जाएगा और यदि निवास स्थान एक ही टाईप है तो संपदा अधिकारी के विनिश्चयानुसार उनमें से एक का आबंटन ऐसी अवधि के अवसान पर रद्द समझा जाएगा।

(4) जहां पति और पत्नी दोनों ही तिलहन निदेशालय हैदराबाद में या किसी ऐसे कार्यालय में जिसके कर्मचारिवृन्द को निवास स्थान के आबंटन के लिए पात्र घोषित किया गया है नियोजित है वहां उन दोनों में से प्रत्येक को इन नियमों के अधीन निवास स्थान के आबंटन के हक पर स्वतंत्र रूप से विचार किया जाएगा।

(5) उपनियम (1) से (4) तक में किसी बात के होते हुए भी—

(क) यदि यथास्थिति पत्नी या पति को जो इन नियमों के अधीन निवास स्थान का आबंटिती है ऐसे पूल से, जिसे ये नियम लागू नहीं होते, एक ही स्टेशन पर बाद में निवास स्थान संबंधी कोई वास-सुविधा आबंटित कर दी जाती है तो यथास्थिति पत्नी या पति ऐसे आबंटन के एक मास के भीतर इन निवास स्थानों में से कोई एक अभ्यर्पित कर देगा :—

परन्तु यह खंड वहां लागू होगा जहां पति और पत्नी किसी न्यायालय द्वारा किए गए न्यायिक पृथक्करण के आदेश के अनुसरण में पृथक पृथक निवास कर रहे हैं—

(ख) जहां दो अधिकारी, जो एक ही स्टेशन पर ऐसे पृथक निवास स्थानों के अधिभोगी हैं जिनमें से एक निवास स्थान इन नियमों के अधीन आबंटित किया गया है और दूसरा ऐसे पूल से, जिसे ये नियम लागू नहीं होते, एक दूसरे से विवाह करलें, वहां उनमें से कोई भी एक अधिकारी ऐसे विवाह के एक मास के भीतर उन निवास स्थानों में से किसी एक को अभ्यर्पित कर देगा;

(ग) यदि निवास स्थान का अभ्यर्पण (क) या खंड (ख) की अपेक्षानुसार नहीं किया जाता है तो निवास स्थान का आबंटन ऐसी अवधि के अवसान पर रद्द समझा जाएगा और उसके पश्चात निवास के अभिभोग के लिए नुकसानी वसूलीय होगी।

अनु० नि० 317—ख ग 5 निवास स्थानों का वर्गीकरण

इन नियमों में अन्यथा उपबंधित के सिवाय, आबंटन के प्रयोजनों के लिए कोई अधिकारी नीचे दी गई सारणी में दर्शित टाईप के निवास स्थान के आबंटन का पात्र होगा :—

निवास स्थान का टाईप	उस आबंटन वर्ष के पहले दिन जिसमें आबंटन किया जाता है, अधिकारी का प्रवर्ग या उसकी मासिक उपलब्धियां
1	2
टाईप—1	260 रुपए से अधिक
टाईप—2	500 रुपए से कम किन्तु 260 रुपए से कम नहीं
टाईप—3	1000 रु० से कम किन्तु 500 रु० से कम नहीं
टाईप—4	1500 रु० से कम किन्तु 1000 रुपए से कम नहीं
टाईप—5	1500 रुपए और उससे अधिक
टाईप—6	तिलहन विकास हैदराबाद के निदेशक के लिए अलग से रखा जाएगा।

(2) यदि तिलहन विकास निदेशालय के किसी अधिकारी के लिए उस टाईप की वास सुविधा जिसका वह हकदार है, उपलब्ध नहीं है तो सम्बद्ध अधिकारी में आबंटन पर ठीक उससे नीचे वाली टाईप की वास सुविधा का आबंटन, ऐसी वास सुविधा के लिए हकदार व्यक्तियों की आवश्यकताओं की पूर्ति किए जाने के पश्चात तब किया जा सकता है जब ऐसी कोई वास सुविधा उपलब्ध हो और वह इस शर्त के अधीन होगा कि ज्यों ही उस टाईप की वास सुविधा जिसका वह हकदार है उपलब्ध होती वह सम्बद्ध व्यक्ति को आबंटित कर दी जाएगी।

(3) यह और कि, निदेशक, तिलहन विकास निदेशालय हैदराबाद के किसी ऐसे कर्मचारिवृन्द को जिसे उस टाईप की वास सुविधा जिसका वह हकदार है, आबंटित नहीं हुई है, अनुरोध पर उस टाईप से जिसका/जिसकी वह हकदार है, ठीक एक ऊपरवाली निवासी वास सुविधा का आबंटन निम्नलिखित शर्तों के अधीन कर सकेगा, अर्थात :-

(क) ऐसी वास सुविधा के आबंटन के समय, तिलहन विकास निदेशालय, हैदराबाद के ऐसी कर्मचारिवृन्द की ऐसी उच्चतर टाईप की वास सुविधा की बाबत वेतनमान के अनुसार उनके हकदार होने की आवश्यकताओं को पूर्ण रूप से पूरा कर दिया गया है ;

(ख) जैसा खंड (क) में दर्शित किया गया है, जहां उच्चतर टाईप की वास सुविधा तिलहन विकास निदेशालय के कर्मचारिवृन्द की आवश्यकताओं से अधिक है वहां उसे तिलहन विकास निदेशालय के ऐसे कर्मचारिवृन्द को आबंटित की जा सकती है जो कि उसका हकदार नहीं है ;

परन्तु यह कि उक्त अधिकारी जो उक्त उच्चतर वास सुविधा का हकदार नहीं है ऐसे आबंटन की तारीख से एक वर्ष की अवधि के भीतर उप नियम (1) के अनुसार उस वास सुविधा का हकदार हो जाएगा उस वास सुविधा के लिए हकदार न होने की अवधि के दौरान वसूलीय अनुज्ञप्ति फीस मू० नि० 45-क के अधीन उपलब्धियों को 10 प्रतिशत तक सीमित किए बिना पूर्ण मानक अनुज्ञप्ति फीस होगी।

अनु० नि० 317—ख ग 6 आबंटन के लिए आवेदन :—

प्रत्येक सरकारी सेवक, तिलहन विकास निदेशालय, हैदराबाद में या हैदराबाद और सिकन्दराबाद में स्थित किसी अन्य केन्द्रीय सरकार के कार्यालय में अपनी तिनुक्ति/तैनाती के एक माह के भीतर अपनी पर्याप्त प्रास्थिति के लिए समुचित टाईप के निवासीय क्वार्टर के आबंटन के लिए आवेदन कर सकेगा। सभी टाईप के निवासों के आबंटन के लिए आवेदन उचित माध्यम से निदेशक को भेजे जाएंगे जो प्रत्येक टाईप के निवास स्थानों के लिए, प्रतीक्षा सूची बनाए रखेगा जिसमें से एक सूची तिलहन विकास निदेशालय के कर्मचारियों के लिए और दूसरी सूची अन्यों के लिए पृथक पृथक होगी प्रतीक्षा सूची अधिकारियों की पूर्विकता की तारीख के अनुसार क्रमांकित की जाएगी। ऐसे अधिकारी जिनके पास पहले से ही वास सुविधा है वह स्वतः ही उच्चतर टाईप के निवास स्थान के लिए उस तारीख से जिस तारीख से वह ऐसी टाईप की वास सुविधा के लिए हकदार होंगे प्रतीक्षा सूची में आ जाएंगे हकदार बनने की तारीख के आधार पर प्रतीक्षा सूची के अनुसार आबंटन किया जाएगा।

अनु० नि० 317—ख ग 7 निवास स्थानों का आबंटन और प्रस्थापनाएं:—

(1) इन नियमों में अन्यथा उपबंधित के सिवाय, किसी निवास स्थान के खाली होने पर वह निदेशक द्वारा अधिमान्यतः उस आवेदक को आबंटित किया जाएगा जो उस टाईप की आवास सुविधा का परिवर्तन चाहता है, और यदि उस प्रयोजन के लिए अपेक्षित न हो तो, उस आवेदक को आबंटित किया जाएगा जिस के पास उस टाईप की आवास सुविधा नहीं है और जिसकी, उस टाईप के लिए पूर्विकता तारीख सब से पहले हो, आबंटन निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगा।

(1) संपदा अधिकारी उस टाईप से उच्चतर टाईप का निवास स्थान आबंटित नहीं करेगा जिसका आवेदक पात्र है ;

(2) संपदा अधिकारी किसी आवेदक को इस बात के लिए विवश नहीं करेगा कि वह जिस टाईप के निवास स्थान का पात्र है उससे निम्नतर टाईप का निवास स्थान स्वीकार करें ;

(2) संपदा अधिकारी निम्नतर प्रवर्ग के निवास स्थान के आबंटन के लिए किसी आवेदक (जो केवल तिलहन विकास निदेशालय का होगा) के अनुरोध पर उसे ऐसे टाईप में ठीक निम्नतर टाईप के निवास स्थान को आबंटित कर सकता है जिसके लिए आवेदक उसके लिए अपनी पूर्विकता तारीख के आधार पर पात्र है।

(3) यदि किसी अधिकारी के अधिभोग के निवास स्थान को खाली करवा अपेक्षित हो तो संपदा अधिकारी उस अधिकारी का विद्यमान आबंटन रद्द कर सकता है और उसे उसी टाईप का अनुकल्पी निवास स्थान या अत्यावश्यकता की स्थिति में, उस अधिकारी के अधिभोग के निवास स्थान के टाईप से ठीक निम्नतर टाईप का अनुकल्पी निवास स्थान आबंटित कर सकता है ;

(4) खाली निवास स्थान को, पूर्वोक्त उपनियम (1) के अधीन उसे किसी अधिकारी को आबंटित किए जाने के अतिरिक्त अन्य पात्र अधिकारियों को, उनकी पूर्विकता तारीखों के क्रम से, आबंटन के लिए प्रस्थापित किया जा सकता है।

अनु० नि० 317 ख ग 8 आबंटन या प्रस्थापना का स्वीकार न किया जाना या आबंटित स्थान को स्वीकार करने के पश्चात अधिभोग में न लेना :—

(1) यदि कोई अधिकारी किसी निवास स्थान का आबंटन, आबंटन पत्र की प्राप्ति की तारीख से पांच दिन के भीतर स्वीकार नहीं करता है अथवा स्वीकार करने के बाद भी आठ दिन के भीतर उस निवास स्थान का कब्जा नहीं लेता है तो वह उस आबंटन पत्र की तारीख से एक वर्ष की अवधि पर्यन्त दूसरे आबंटन का पात्र न होगा।

(2) यदि किसी अधिकारी को, जिसके अधिभोग में किसी निम्नतर टाईप का निवास स्थान ऐसे टाईप का निवास स्थान आबंटित या प्रस्थापित किया जाता है जिसके लिए वह का० नि० ख ग 5 (1) के अधीन पात्र है या जिसके लिए वह का० नि० ख ग 5(2) के अधीन आवेदन किया है तो उसे उक्त आबंटन को या आबंटन की प्रस्थापना को अस्वीकार कर देने पर, पूर्वतन आबंटित निवास स्थान में रहने के लिए निम्नलिखित शर्तों पर अनुज्ञात किया जा सकता है, अर्थात :—

(क) ऐसा अधिकारी, उच्चतर श्रेणी वास सुविधा के लिए आबंटन की तारीख से वह 6 मास की अवधि के लिए अन्य आबंटन के लिए पात्र नहीं होगा,

(ख) वर्तमान निवास स्थान रखे रहने के दौरान उस पर वही अनुज्ञप्ति फीस प्रभारित की जाएगी, जो उसे म० नि० 45-क के अधीन इस प्रकार आबंटित या प्रस्थापित निवास स्थान के लिए संदत्त करनी पड़ती अथवा वह अनुज्ञप्ति फीस जो उस निवास स्थान के लिए देय है जो पहले ही उसके अधिभोग में है, दोनों में से जो भी अधिक हो।

अनु० नि० 317 ख ग 9 आबंटन प्रभावी रहने की अवधि और तत्पश्चात कब्जा बनाए रखने की रियायती अवधि :—

(1) आबंटन उस तारीख से प्रभावी होगा जिसको वह अधिकारी द्वारा स्वीकार किया जाता है और तब तक प्रवृत्त रहेगा जब तक कि—

(क) अधिकारी के कर्तव्यारूढ़ न रह जाने के पश्चात वह रियायती अवधि समाप्त नहीं हो जाती जो उपखंड (2) के अधीन अनुज्ञेय है ;

(ख) वह संपदा अधिकारी द्वारा रद्द नहीं कर दिया जाता या इन नियमों के किन्हीं उपबन्धों के अधीन रद्द किया गया नहीं समझा जाता ;

(ग) वह अधिकारी द्वारा अभ्यर्पित नहीं कर दिया जाता;

(घ) अधिकारी निवास स्थान का अधिभोग समाप्त नहीं कर देता।

(2) अधिकारी उसे आबंटित निवास स्थान को उपनियम (3) के अधीन रहते हुए निम्न सारणी के स्तम्भ (1) में विनिर्दिष्ट घटनाओं में से किसी के होने पर उस अवधि पर्यन्त अपने पास रख सकता है जो उक्त सारणी के स्तम्भ (2) में तत्संबंधी प्रविष्टि में विनिर्दिष्ट है; परन्तु यह तब जब कि वह निवास स्थान उस अधिकारी या उसके कुटुम्ब के सदस्यों के वास्तविक उपयोग के लिए अपेक्षित हो ;

घटनाएं	निवास स्थान पर कब्जा बनाए रखने की अनुज्ञेय अवधि
1	2
1. पदत्याग, पदच्युति या सेवा से हटाया जाना पूर्व सेवा का पर्यवसान अथवा बिना अनुज्ञा के अप्राधिकृत अनुपस्थिति	एक मास
2. सेवा निवृत्ति या सेवान्त छुट्टी	दो मास
3. आबंटिती की मृत्यु	चार मास
4. हैदराबाद से बाहर किसी स्थान के लिए स्थानान्तरण	दो मास
5. किसी ऐसे कार्यालय को स्थानान्तरण जो इन नियमों के अधीन निवास स्थान के लिए पात्र नहीं है	दो मास
6. भारत से अन्यत्र सेवा पर जाना	दो मास
7. भारत में अस्थायी स्थानान्तरण अथवा भारत से बाहर किसी स्थान के लिए स्थानान्तरण	चार मास
8. (छुट्टी) जो निवृत्ति पूर्व छुट्टी, अस्वीकृत छुट्टी की अवधि पर्यन्त किन्तु छुट्टी, सेवान्त छुट्टी, चिकित्सीय छुट्टी या अध्ययनार्थ छुट्टी से भिन्न हो	चार मास से अधिक नहीं।

1	2
9. निवर्तित पूर्व छुट्टी या मू० नि० 86 या के० सि० से० छुट्टी नियम, 1972 के नियम 39 के अधीन दी गई अस्वीकृत छुट्टी।	पूरे औसत वेतन पर छुट्टी की पूर्ण अवधि पर्यन्त किन्तु चार मास की अधिकतम सीमा के अधीन रहते हुए इसमें सेवा निवृत्ति की दशा में अनुज्ञेय अवधि भी सम्मिलित है।
10. अध्ययनार्थ छुट्टियां भारत से बाहर प्रतिनियुक्ति	छुट्टी की पूरी अवधि के लिए किन्तु छह मास से अधिक नहीं।
11. चिकित्सीय आधार पर छुट्टी	छुट्टी की पूर्ण अवधि पर्यन्त
12. भारत मे अध्ययनार्थ छुट्टी	छुट्टी की पूर्व अवधि पन्त किन्तु छह मास से अधिक नहीं।
13. प्रशिक्षणार्थ जाने पर	प्रशिक्षण की पूर्ण अवधि पर्यन्त।

स्पष्टीकरण I जहां स्थानांतरण या अन्यत्र सेवा में किसी अधिकारी को छुट्टी दी जाती है और वह नए कार्यालय में ड्यूटी प्रारंभ करने से पूर्व उसका उपभोग करता है वहां उसको मद संख्या (4), (5), (6), (7) और (8) के सामने उल्लिखित अवधि के लिए या छुट्टी की अवधि के लिए, इनमें से जो भी अधिक हो, निवास स्थान प्रतिधारित करने की अनुज्ञा दी जाएगी।

स्पष्टीकरण–II जहां किसी ऐसे अधिकारी को स्थानांतरण का या भारत में अन्यत्र सेवा का आदेश जारी किया जाता है जो पहले से ही छुट्टी पर है तो स्पष्टीकरण के खंड (1) के अधीन अनुज्ञात अवधि, ऐसे आदेश के जारी किए जाने की तारीख से संगणित की जाएगी।

(3) यदि उपनियम (2) के अधीन किसी निवास स्थान का कब्जा बनाए रखा जाता है तो आबंटन, अनुज्ञेय रियायती अवधि के अवसान पर रद्द समझा जाएगा जब तक कि उसके अवसान पर तुरन्त अधिकारी किसी पात्र कार्यालय में ड्यूटी पुनः प्रारंभ न कर दे।

(4) जब कोई अधिकारी बिना वेतन और भत्तों के चिकित्सा छुट्टी पर है तो वह उपनियम (2) के नीचे सारणी के पद (11) के अधीन रियायत के आधार पर अपने निवास स्थान का कब्जा बनाए रख सकता है :

परन्तु यह तब जब कि वह ऐसे निवास स्थान के लिए अनुज्ञप्ति फीस प्रतिमास नकद भेजता रहता है और जहां वह ऐसी अनुज्ञप्ति दो क्रमवर्ती मास की अधिक फीस दो मास के अधिक तक न भेजने में असफल रहता है तो आबंटन रद्द हो जाएगा।

(5) वह अधिकारी जिसने उपनियम (2) के नीचे सारणी की मद (1) या मद (11) के अधीन रियायत के आधार पर निवास-स्थान का कब्जा बनाए रखा है वह किसी पात्र कार्यालय में उक्त सारणी में विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर पुनः नियोजित हो जाने पर इस बात का हकदार होगा कि उस निवास स्थान का कब्जा बनाए रखें और वह इन नियमों के अधीन निवास-स्थान के और किसी आबंटन का भी पात्र हो जाएगा :

परन्तु यह कि यदि ऐसे पुनर्नियोजन पर अधिकारी की उपलब्धियां उसे उस टाइप के क्वार्टर के लिए जिसका अधिभोग वह कर रहा है हकदार नहीं बनाती हैं तो उसे निम्नतर टाइप का निवास-स्थान आबंटित किया जाएगा।

(6) इस नियम के उपनियम (2) का उपनियम (3) या उपनियम (4) में किसी बात के होते हुए भी जब कोई अधिकारी पदच्युत किया जाता है या सेवा से हटाया जाता है या जब उसकी सेवा पर्यवसित की जाती है और उस विभाग के प्रधान को जिसमें वह अधिकारी; ऐसी पदच्युति; हटाए जाने या समापन के ठीक पूर्व नियोजित था; यह समाधान हो जाता है कि लोकहित में ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है तो वह सम्पदा अधिकारी से यह अपेक्षा कर सकेगा कि उस अधिकारी को किए गए निवास स्थान का आबंटन या तो तुरन्त रद्द कर दे या उस तारीख से रद्द कर दे जो उपनियम (2) के नीचे की सारणी के मद (1) में निर्दिष्ट एक मास की अवधि की समाप्ति से पूर्वतर है और जो वह विनिर्दिष्ट करे तथा सम्पदा अधिकारी तदनुसार कार्रवाई करेगा।

अ० नि० 317 खण्ड–10 अनुज्ञप्ति फीस से संबंधित उपबंध :—

(1) जहां जब वास-सुविधा या अनुकल्पिक वास-सुविधा का आबंटन स्वीकार कर लिया जाता है तो अनुज्ञप्ति फीस का दायित्व अधिभोग की तारीख से अथवा आबंटन की प्राप्ति की तारीख के आठवें दिन से जो भी पूर्वतर हो; प्रारम्भ होगा।

(2) कोई अधिकारी जो आबंटन स्वीकार करने के तत्पश्चात् उस वास-सुविधा का कब्जा आबंटन-पत्र की प्राप्ति की तारीख से आठ दिन के भीतर नहीं लेता उससे उस तारीख से बारह दिन की अवधि तक अनुज्ञप्ति फीस ली जाएगी परन्तु यह कि इसमें अंतर्विष्ट कोई भी बात उस मामले में लागू नहीं होगी जिसमें लोक निर्माण विभाग यह प्रमाणित करता है कि निवास स्थान अधिभोग के योग्य नहीं है और उसके परिणाम-स्वरूप अधिकारी ने निवास-स्थान का अधिभोग पूर्वोक्त अवधि के भीतर नहीं किया।

(3) जहां किसी अधिकारी को जो एक निवास-स्थान का अधिभोगी है दूसरा निवास-स्थान आबंटित किया जाता है और वह नए निवास-स्थान का अधिभोग प्राप्त कर लेता है तो पहले निवास-स्थान का आबंटन नए निवास-स्थान का अधिभोग प्राप्त करने की तारीख से रद्द समझा जाएगा। तथापि निवास-स्थान के परिवर्तन के लिए वह पहले निवास-स्थान को उस दिन तथा उसके बाद के एक दिन तक बिना अनुज्ञप्ति फीस दिए अपने पास रख सकता है।

अनु० नि० 317-खण्ड 11: निवास स्थान के खाली किए जाने तक अधिकारी का अनुज्ञप्ति फीस देने का वैयक्तिक दायित्व तथा अस्थायी अधिकारियों द्वारा प्रतिभू दिया जाना :—

(1) वह अधिकारी जिसको निवास-स्थान का आबंटन किया गया है उसकी अनुज्ञप्ति फीस के संदाय तथा उस नुकसान के लिए व्यक्तिगत रूप से दायी होगा जो उचित टूट-फूट के अतिरिक्त हो और जो उस निवास-स्थान को अथवा सरकार द्वारा उसमें दिए गए फर्नीचर; फिक्सचर; फिटिंग या सेवा-व्यवस्था को उस अवधि के दौरान हो; जब निवास-स्थान उसे आबंटित कर दिया जाता है और उसे आबंटित रहता है या; जहां आबंटन इन नियमों के किसी उपबंध के अधीन रद्द कर दिया जाता है; वहां जब तक निवास-स्थान तथा उससे संलग्न उपग्रह खाली नहीं कर दिए जाते हैं और उनका पूर्णतः खाली रूप में कब्जा सरकार को वापस नहीं कर दिया जाता है।

(2) जहां वह अधिकारी जिसे निवास-स्थान आबंटित किया गया है; न तो स्थायी सरकारी सेवक है और न स्थायीवत् वहां वह प्रतिभू सहित; केन्द्रीय सरकार द्वारा इस निमित्त विहित प्ररूप में; प्रतिभूति-पत्र निष्पादित करेगा। वह प्रतिभू केन्द्रीय सरकार के अधीन सेवा करने वाला स्थायी सरकारी सेवक होना चाहिए। वह प्रतिभूति पत्र अनुज्ञप्ति फीस तथा अन्य ऐसे प्रभारों के संदाय के लिए होगा जो उस निवास-स्थान और अन्य सेवाओं की बाबत तथा उसके बदले में दिए गए किसी अन्य निवास-स्थान की बाबत उसके द्वारा देय हों।

(3) यदि प्रतिभू सरकारी सेवा में नहीं रह जाता या दिवालिया हो जाता है या किसी अन्य कारण से उपलब्ध नहीं रह जाता है तो अधिकारी किसी अन्य प्रतिभू द्वारा निष्पादित एक नया बन्धपत्र उस घटना या

सक्ष्य की जानकारी प्राप्त होने की तारीख से तीस दिन के भीतर देगा और यदि वह ऐसा न करे तो; जब तक कि निदेशक अन्यथा विनिश्चय न करे; उस निवास-स्थान का उसे आबंटन उस घटना की तारीख से रद्द किया गया समझा जाएगा।

अनु० नि० 317 ख०ग० 12 आबंटन की अभ्यर्पण और सूचना की अवधि :—

(1) अधिकारी ऐसी सूचना देकर जो निवास-स्थान को खाली करने की तारीख से कम से कम दस दिन पूर्व निदेशक के पास पहुंच जाए किसी भी समय आबंटन को अभ्यर्पित कर सकता है। निवास-स्थान का आबंटन उस दिन के पश्चात् जिसको पत्र निदेशक को प्राप्त होता है; ग्यारहवें दिन से या पत्र में विनिर्दिष्ट तारीख से; जो भी पश्चातवर्ती हो; रद्द किया गया समझा जाएगा। यदि अधिकारी सम्यक सूचना न दे तो वह दस दिन की अथवा दस दिन की सूचना देने में जितने दिन की कमी हो उतने दिन की अनुज्ञप्ति फीस देने के लिए उत्तरदायी होगा परन्तु निदेशक अवधि की सूचना स्वीकार कर सकता है यदि उसका समाधान हो जाता है कि विहित सूचना उस कारण से न दी जा सकी जो आबंटिती के नियंत्रण से परे था।

(2) उप-नियम (1) के अधीन निवास-स्थान अभ्यर्पित करने वाले अधिकारी के संबंध में उसी स्टेशन पर सरकारी आवास-सुविधा का आबंटन करने के लिए ऐसे अभ्यर्पण की तारीख से एक वर्ष की कालावधि तक पुनः विचार नहीं किया जाएगा।

अनु० नि० 317 ख०ग० 13 :—निवास-स्थान का परिवर्तन :—

(1) जिस अधिकारी को इन नियमों के अधीन निवास स्थान का आबंटन किया गया है वह आवेदन कर सकता है कि उसको उसके बदले में उस टाइप का अथवा उस टाइप का जिसका वह पात्र है निवास-स्थान दिया जाए। किसी अधिकारी को आबंटित एक टाइप के निवास-स्थान की बाबत केवल एक बार से अधिक परिवर्तन की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी। किसी विशेष निवास-स्थान के लिए परिवर्तन की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी।

(2) परिवर्तन के लिए वे सभी आबंटन जो संपदा अधिकारी द्वारा विहित प्ररूप में किए गए हों और किसी कलैण्डर मास के उन्नीसवें दिन तक प्राप्त हों अगले मास की प्रतीक्षा सूची में सम्मिलित किए जाएंगे। इन नियमों के प्रयोजनों के लिए; वे अधिकारी; जिनके नाम पूर्ववर्ती मास की प्रतीक्षा सूची में सम्मिलित किए गए हैं; समुच्चयित रूप से उन अधिकारियों से ज्येष्ठ होंगे जिनके नाम पश्चातवर्ती मास की सूची में सम्मिलित किए जाते हैं। किसी विशिष्ट मास की सूची में सम्मिलित किए गए अधिकारियों की परस्पर ज्येष्ठता उनकी पूर्विकता तारीखों के क्रम में अवधारित की जाएगी।

(3) परिवर्तन का अवसर; उपनियम (2) के अनुसार अवधारित ज्येष्ठता के क्रम से तथा अधिकारियों की अपनी पसन्द का यथासंभव स्थान रखते हुए दिया जाएगा।

(परन्तु अधिवार्षिता की तारीख से ठीक छः मास पहले की अवधि के दौरान निवास के परिवर्तन की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी)।

(4) यदि कोई अधिकारी निवास स्थान के परिवर्तन की प्रस्थापना या आबंटन जारी किए जाने के पांच दिन के भीतर उसे स्वीकार नहीं करता तो उसके नाम पर; उस टाइप के निवास स्थान के परिवर्तन के लिए पुनः विचार नहीं किया जाएगा।

(5) जो अधिकारी; निवास स्थान का परिवर्तन स्वीकार करने के पश्चात् उसका कब्जा नहीं लेता उससे ऐसे निवास स्थान के लिए अनु० नि० 317-ख०ग–11 के उपनियम (1) के उपबंधों के अनुसार अनुज्ञप्ति फीस ली जाएगी, जो उस निवास स्थान के लिए जो पहले ही उसके कब्जे में है और जिसका आबंटन बराबर बना रहेगा; मू०नि० 45-क के अधीन प्रसामान्य अनुज्ञप्ति फीस के अतिरिक्त होगी।

अनु० नि० 317 ख०ग–14 निवास-स्थानों का पारस्परिक विनिमय :—

जिन अधिकारियों को इन नियमों के अधीन एक ही टाइप के निवास स्थान आबंटित किए गए हैं वे आवेदन कर सकते हैं कि उन्हें अपने निवास स्थानों का पारस्परिक विनिमय करने की अनुज्ञा दी जाए। जब इस बात की उचित तौर पर प्रस्थापना हो कि दोनों अधिकारी ऐसे विनिमय के अनुमोदन की तारीख से कम से कम छह मास कर्तव्यारूढ़ रहते और पारस्परिक रूप से विनिमय में प्राप्त अपने निवास स्थानों में रहेंगे तब पारस्परिक विनिमय की अनुज्ञा दी जा सकती है।

अनु० नि० 317 ख०ग–15—निवास स्थान का रख रखाव :—

(1) जिस अधिकारी को निवास स्थान का आबंटन किया गया है वह उसे और परिसरों को केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग तथा हैदराबाद नगर निगम के समाधानप्रद रूप से साफ दशा में रखेगा। ऐसा अधिकारी उस निवास स्थान से संलग्न किसी बाग; लॉन या चार दिवारी में न तो सरकार या केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी किए गए अनुदेशों के विरुद्ध कोई वृक्ष गाड़ी या पौधे उगाएगा और न ही किसी विद्यमान वृक्ष या झाड़ी को केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग की लिखित पूर्व अनुज्ञा के बिना काटेगा या छांटेगा। इस नियम के उल्लंघन में उगाए गए वृक्ष पौधे या वनस्पति संबंधित अधिकारी की जोखिम पर और उसके खर्च पर निदेशक या लोक निर्माण विभाग द्वारा हटवाए जा सकेंगे।

अनु० नि० 317 ख०ग–16 निवास स्थान की शिकमी देना और सहभोग :—

(1) कोई अधिकारी अपने आबंटित निवास स्थान या उससे संलग्न उपगृहों, गैरजों और अस्तबलों का सहभोग इन नियमों के अधीन निवास स्थान के आबंटन के पात्र केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों के साथ ही करेगा। सेवक निवासों, उपगृहों और गैरजों का उपयोग केवल उचित प्रयोजनों के लिए, जिनके अन्तर्गत आबंटिती के सेवकों का निवास भी है, या अन्य ऐसे प्रयोजनों के लिए किया जाएगा जिनकी मंडल अधिकारी अनुज्ञा दे।

(2) कोई अधिकारी अपने सम्पूर्ण निवास स्थान को शिकमी नहीं देगा :

परन्तु छुट्टी पर जाने वाला अधिकारी अपने निवास स्थान में किसी अन्य अधिकारी को, जो सरकारी निवास स्थान का सहभोग करने के लिए पात्र है, देखभाल करने वाले के रूप में अ० नि० 317 ख०ग 9 में विनिर्दिष्ट अवधि पर्यन्त, किन्तु छह मास से अधिक नहीं रख सकता है।

(3) जो अधिकारी अपने निवास स्थान का सहभोग करे या उसे शिकमी दे वह ऐसा अपनी जोखिम और उत्तरदायित्व पर करेगा और उस निवास स्थान की बाबत देय कोई अनुज्ञप्ति फीस देने के लिए और ऐसे किसी नुकसान के लिए वैयक्तिक रूप से उत्तर-दायी बना रहेगा, जो निवास स्थान को या उसकी सीमाओं या भूमियों को या सरकार द्वारा उसमें की गई सेवा व्यवस्थाओं को पहुंचे और जो उचित टूट-फूट के अतिरिक्त हो।

(4) निवास स्थान का सहभोग केवल निदेशक की पूर्व अनुज्ञा से ही किया जा सकता है।

अनु० नि० 317 ग-17 उन स्थानों के लिए स्थानान्तरण जहां कुटुम्ब नहीं रखा जा सकता :—

यदि किसी अधिकारी का स्थानान्तरण किसी ऐसे स्थान को किया जाता है जहां उसे अपना कुटुम्ब साथ ले जाने के लिए सरकार द्वारा

अनुज्ञा नहीं दी जाती या सलाह नहीं दी जाती और इन नियमों के अधीन उसे आबंटित निवास स्थान उसकी संतान को वास्तविक शिक्षा संबंधी आवश्यकताओं के लिए कुटुम्ब द्वारा अपेक्षित है तो उसे, प्रार्थना करने पर, अपनी संतान के चालू शैक्षणिक सत्र के अंत तक मु० नि० 45 क के अधीन अनुज्ञप्ति फीस के संदाय पर निवास स्थान रखने के लिए अनुज्ञा दी जा सकती है। तथापि यह नियम आरक्षित आवास के मामले में लागू नहीं होता जिसमें मंडल अधिकारी का आदेश का० ज्ञा० सं० 2/52/64 ए सी सी/ता. 20 मार्च, 1965 आरक्षित आवास का कब्जा बनाए रखने को विनियमित करेगा।

अनु० नि० 317 ख ग-18 नियमों और शर्तों को भंग करने का परिणाम:—

(1) यदि वह अधिकारी जिसे निवास स्थान आबंटित किया गया है, अप्राधिकृत रूप से निवास स्थान शिकमी देता है या सहभोगी से अनुज्ञप्ति फीस ऐसी दर से लेता है जिसे निदेशक अत्यधिक समझता है अथवा कोई अप्राधिकृत संरचना अथवा उसके किसी भाग का निर्माण उन प्रयोजनों से भिन्न प्रयोजनों के लिए करता है जिनके लिए वह अभिप्रेत है अथवा विद्युत या जल के कनेक्शन को बिगाड़ता है अथवा इन नियमों का आबंटन के निबंधनों और शर्तों को भंग करता है अथवा किन्हीं ऐसे प्रयोजनों के लिए, जिन्हें निदेशक अनुचित समझे, निवास स्थान या परिसर का उपयोग करता है या किए जाने की अनुज्ञा देकर नुकसान पहुंचाता है अथवा स्वयं ऐसा आचरण करता है या जो संपदा निदेशक की राय में उस अधिकारी के पड़ोसियों से शान्तिपूर्ण संबंधों को बनाए रखने पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला है, अथवा आवंटन प्राप्त करने की दृष्टि से किसी आवेदन या लिखित कथन में कोई गलत जानकारी जानबूझकर देता है, तो निदेशक उसे अनुशासनिक कार्यवाही पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना जो उस अधिकारी के विरुद्ध की जा सकती है, निवास स्थान का आबंटन रद्द कर सकता है।

स्पष्टीकरण — इस उपनियम में जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, "अधिकारी" पद के अन्तर्गत उसके कुटुम्ब का कोई सदस्य और ऐसे अधिकारी के माध्यम से दावा करने वाला कोई व्यक्ति भी है।

(2) यदि कोई अधिकारी उसे आबंटित निवास स्थान को या उसके किसी भाग को या उससे संलग्न किसी उपगृह, गैरेज को इन नियमों का उल्लंघन करके शिकमी देता है तो, ऐसी किसी अन्य कार्यवाही पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना जो उसके विरुद्ध की जा सकती हो, उससे उतनी वर्धित अनुज्ञप्ति फीस ली जा सकेगी, जो मूल नियम 45-क के अधीन मानक अनुज्ञप्ति फीस के चार गुना से अधिक न हो। प्रत्येक मामले में बात का विनिश्चय कि कितनी अनुज्ञप्ति फीस वसूल की जाए और किसी अवधि के लिए वसूल की जाए, निदेशक गुणा व गुण के आधार पर करेगा। इसके अतिरिक्त उस अधिकारी को भविष्य में ऐसी विनिर्दिष्ट अवधि के लिए जो निदेशक द्वारा विनिश्चित की जाए निवास स्थान का सहभोग करने से विवर्जित किया जा सकेगा।

(3) जहां आबंटिती द्वारा परिसर के अप्राधिकृत रूप से शिकमी दिए जाने के कारण आबंटन को रद्द करने की कार्रवाई की जाती है वहां आबंटिती तथा उसके साथ उसमें निवास करने वाले किसी अन्य व्यक्ति को परिसर को खाली करने के लिए साठ दिन का समय दिया जाएगा। आबंटन परिसर खाली किए जाने की तारीख या आबंटन रद्द करने के आदेश की तारीख से, जो भी पूर्वतर हो, साठ दिन की अवधि समाप्त होने पर रद्द हो जाएगा।

(4) जहां निवास स्थान का आबंटन ऐसे आचरण के कारण रद्द किया जाए जो पड़ोसियों से शांतिपूर्ण संबंध बनाए रखने पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला हो वहां, उस अधिकारी को मंडल अधिकारी के विवेकानुसार उसी वर्ग का अन्य निवास स्थान किसी अन्य स्थान में आबंटित किया जा सकेगा।

(5) मंडल अधिकारी इस नियम के उपनियम (1) से (4) तक के अधीन सभी कार्रवाइयां या कोई कार्रवाई करने के लिए तथा ऐसे अधिकारी को, जो नियमों का तथा उसको जारी किए गए अनुदेशों को भंग करता है, तीन वर्ष से अनधिक की अवधि के लिए वास सुविधा के आबंटन के लिए अपात्र घोषित करने के लिए भी सक्षम होगा।

(6) जहां इस नियम के अधीन कोई शास्ति निदेशक द्वारा अधिरोपित की जाती है, वहां व्यथित व्यक्ति शास्ति अधिरोपित करने वाले आदेशों की अपने या अपने नियोजक द्वारा प्राप्ति के इक्कीस दिन के भीतर निदेशक को अभ्यावेदन कर सकेगा।

(7) शास्ति अधिरोपित करने वाला मूल आदेश तब तक वैध रहेगा जब तक वह अभ्यावेदन के परिणाम स्वरूप उपान्तरित या निलंबित न हो जाए।

अनु० नि० 317 खग–19 आवंटन के रद्द किए जाने के पश्चात् निवास स्थान में बने रहना:—

जहां कोई आबंटन उन नियमों के किसी उपबंध के अधीन रद्द किया जाता है या रद्द कर दिया गया समझा जाता है और तत्पश्चात् वह निवास स्थान उस अधिकारी के, जिसे वह आबंटित किया गया था या उसके माध्यम से दावा करने वाले व्यक्ति के अधिभोग में बना रहता है या बना रहा है वहां ऐसा अधिकारी उस निवास-स्थान सेवाओं, फर्नीचर के उपयोग और अधिभोग के लिए उतनी नुकसानी और बाग प्रभार का देनदार होगा, जो सरकार द्वारा समन्वय पर अवधारित मार्केट रेन्ट के बराबर हो:

परन्तु यह कि किसी अधिकारी को, विशेष दशा में निदेशक द्वारा अ० नि० 317–खग–9 (2) के अधीन अनुज्ञात अवधि से आगे छह मास से अनधिक अवधि के लिए अ० नि० 45-क के अधीन मानक अनुज्ञप्ति फीस के दुगने राशि का संदाय करने पर निवास स्थान का कब्जा बनाए रखने की अनुज्ञा दी जा सकेगी।

अनु० नि० 317 खग–20 इन नियमों के जारी किए जाने के पहले किए गए आवंटनों का बना रहना :—

निवास स्थान के किसी ऐसे विधिमान्य आबंटन के बारे में जो इन नियमों के प्रारंभ के ठीक पूर्व तत्समय प्रवृत्त नियमों के अधीन अस्तित्व में हो यह समझा जाएगा कि वह इन नियमों के अधीन सम्यक् रूप से किया गया आबंटन है भले ही यह अधिकारी जिसे वह आबंटन किया गया हो, उस टाइप का निवास स्थान का हकदार न हो तो उस आबंटन और उस अधिकारी के संबंध में इन नियमों के सभी पूर्वगामी उपबंध तदनुसार लागू होंगे।

अनु० नि० 317 खग 21– नियमों का निर्वचन :—

यदि इस प्रभाग के नियमों के निर्वचन की बाबत कोई प्रश्न उठता है तो उसका विनिश्चय केन्द्रीय सरकार द्वारा किया जाएगा।

अनु० नि० 317 खग–नियमों का शिथिलीकरण :—

केन्द्रीय सरकार ऐसे कारणों से जो लेखबद्ध किए जाएंगे इस प्रभाग के नियमों के सभी उपबंधों को या उनमें से किसी को किसी अधिकारी या निवास स्थान के मामले में या अधिकारियों के किसी वर्ग या निवास स्थानों के किसी टाइप के बारे में शिथिल कर सकेगी।

अनु० नि० 317 खग–23-शक्तियों या कृत्यों का प्रत्यायोजन :—

केन्द्रीय सरकार इस प्रभाग के नियमों द्वारा उस प्रदत्त कोई शक्ति या सभी शक्तियां अपने नियंत्रणाधीन किसी अधिकारी को ऐसी शर्तों के अधीन प्रत्यायोजित कर सकेगी, जिन्हें, प्रत्यायोजित करना वह ठीक समझे।

[सं० 8-1/75-सी० ए०-4]

आर० डी० मित्तल, अवर सचिव

MINISTRY OF AGRICULTURE

(Department of Agriculture & Cooperation)

New Delhi, the 17th May, 1984

S.O. 1757.—In pursuance of the provisions of rule 45 of the Fundamental Rules, the President hereby makes the following Rules, namely :—

S.R. 317-BC-1. Short title, Application and Commencement.—(1) These rules may be called the Directorate of Oilseeds Development, Hyderabad (Allotment of Government Residences) Rules, 1984.

(2) These rules shall apply to the allotment of residences primarily to the Government Servants employed in the Directorate of Oilseeds Development, Hyderabad.

(3) They shall come into force from the date of their publication in the Official Gazette.

S.R. 317-BC-2. Definition.—In these rules unless the context otherwise requires,—

(a) 'allotment' means the grant of a licence to occupy a residence in accordance with the provisions of these rules;

(b) 'allotment year' means the year beginning on the 1st day of January or such other period as may be notified by the President.

(c) 'Director' means the Director of the Directorate of Oilseeds Development, Hyderabad.

(d) 'Eligible Office' means the office of the Directorate of Oilseeds Development, Hyderabad.

Note :—Surplus quarters, if any (after meeting the requirement of the staff of the Directorate of Oilseeds Development) may be allotted to the other Central Government Employees and officials of Offices/Institutions under the control of Indian Council of Agricultural Research eligible for General Pool Accommodation of the Central Government Employee in the offices situated in twin cities of Hyderabad and Secunderabad and will be governed by these rules except that they will be charged licence fee under F.R. 45-B+DC The recovery of the Licence fee will be made by the Director through the 'Head of Department' of such officials. The allotment in these cases will be provisional on furnishing acceptable legal undertaking to the effect that the quarter thus allotted are to be vacated by them as and when the officers in the Directorate of Oilseeds Development become eligible.

(e) 'emoluments' means the emoluments as defined in F.R. 45-C but excluding the compensatory allowances

Explanation.—In case of an officer who is under suspension the emoluments drawn by him on the first day of the allotment year in which he is placed under suspension, or if he is placed under suspension on the first day of the allotment year, the emoluments drawn by him immediately before that day shall be taken as emoluments.

(f) 'Estate Officer' means the Director of Oilseeds Development Hyderabad, or any other officer responsible for administering the estate of Oilseeds Development, Hyderabad.

(g) 'family' means the wife or husband, as the case may be and children, step children, legally adopted children, parents, brothers or sisters as ordinarily reside with and are dependent on the officer.

(h) 'Government' means the Central Government unless the context otherwise requires.

(i) 'Greater Municipal Corporation of Hyderabad' means the areas within the limits of the Greater Municipal Corporation of Hyderabad which the Estate Officer may declare as conferring eligibility for the allotment of accommodation in the Directorate of Oilseeds Development, Hyderabad.

(j) 'licence fee' means the sum of money payable monthly in accordance with the provisions of the Fundamental rules in respect of a residence allotted under these rules.

(k) 'priority date' of an officer in relation to a type of residence to which he is eligible under the provisions of S. R. 317-BC. 4(1) means the earliest date from which he has been continuously drawing emoluments relevant to a particular type or a higher type in a post under the Central Government or a State Government or on foreign service, except for periods of leave :

Provided that in respect of a type-I, type II, type III or type IV residence, the date from which the officer has been continuously in service under the Central Government or State Government including the periods of foreign service shall be his priority date for that type :

Provided further that where the priority date of two or more officers is the same, seniority among them shall be determined by the amount of emoluments; the officer in receipt of higher emoluments taking precedence over the officer in receipt of lower emoluments, and where the emoluments are equal, by the length of service;

(l) 'residence' means any residence for the time being under the administrative control of the Director;

(m) 'sub-letting' includes sharing of accommodation by an allottee with another person with or without payment of rent by such other person;

Explanation.—Any sharing of accommodation by an allottee with close relations shall not be deemed to be sub-letting.

(n) 'temporary transfer' means a transfer which involves an absence for a period not exceeding four months.

(o) 'transfer' means a transfer from Hyderabad/Secunderabad to any other place or from the Directorate of Oilseeds Development office to any other office in Hyderabad or Secunderabad and includes a transfer or reversion to service under a State Government and also deputation to a post in any other office or Organisation;

(p) 'type' in relation to an officer means the type of residence to which he is eligible under Rule S.R. 317-BC. 5(1);

S.R. 317-BC-3. Allotment to house owning officers—

(1) In this rule :—

(a) "adjoining municipality" means any municipality contiguous to a local municipality;

(b) "house" in relation to an officer or member of his family means a building or part thereof used for residential purposes and situated within the jurisdiction of a local municipality or of any adjoining municipality.

Explanation.—A building, part of which is used for residential purposes, shall be deemed to be a house for the purposes of this clause notwithstanding that any part of it is used for non-residential purposes;

(c) "local municipality" in relation to an officer means the municipality within whose jurisdiction his office is located;

(d) "member of family" in relation to an officer means the wife or husband, as the case may be, or a dependent child of the officer;

(e) "Municipality" includes a municipal corporation, a municipal committee or board, a town area committee a notified area committee, and a cantonment board.

(2) An officer owing a house either in his own name or in the name of any member of his family at the place of his duty or in an adjoining municipality shall be eligible for allotment of Government residence on payment of licence fee for the Goverment accommodation allotted to him at such rate as may be determined from time to time by the Government.

(3) When after a Government residence has been allotted to an officer, he or any member of his family becomes owner of a house at the place of his duty or in an adjoining municipality, such officer shall notify the fact to the Estate Officer within a period of one month from the date the house is let out or occupied, or the date of completion, whichever is earlier".

S.R. 317-BC. 4. Allotment to Husband and wife, eligibility in cases of officers who are married to each other.

(1) No officer shall be allotted a residence under these rules if the wife or the husband, as the case may be, of the officer has already been allotted a residence, unless such residence is surrendered;

Provided that this sub-rule shall not apply where the husband and wife are residing separately in pursuance of an order of judicial separation made by any court.

(2) Where two officers in occupation of separate residences allotted under these rules marry each other, they shall, within one month of the marriage, surrender one of the residences.

(3) If a residence is not surrendered as required by sub-rule (2), the allotment of the residence of the lower type shall be deemed to have been cancelled on the expiry of such period and if the residences are of the same type, the allotment of such one of them, as the Estate Officer may decide, shall be deemed to have been cancelled on the expiry of such period.

(4) Where both husband and wife are employed in the Directorate of Oilseeds Development, Hyderabad, or in any of the offices whose staff has been declared as eligible for allotment of residences, the title of each of them to allotment of a residence under these rules shall be considered independently.

(5) Not withstanding anything contained in sub-rules (1) to (4) :—

(a) If a wife or husband, as the case may be, who is an allottee of a residence under these rules, is subsequently allotted a residential accommodation at the same station from a pool to which these rules do not apply, she or he, as the case may be, shall surrender any one of the residence within one month of such allotment :

Provided that this clause shall not apply where the husband and wife are residing separately in pursuance of an order of judicial separation made by any court.

(b) Where two officers, in occupation of separate residences at the same station, one allotted under these rules and another from a pool to which these rules do not apply, marry each other, anyone of them shall surrender any one of the residences within one month of such marriage;

(c) If a residence is not surrendered as required under clause (a) or clause (b) the allotment of the residence shall be deemed to have been cancelled on the expiry of such period and for subsequent occupation of the residence damages will be recoverable.

S. R. 317-BC. 5 Classification of Residences.(1)—For the purpose of allotment, the residences are classified as under and save as otherwise provided by these rules, an officer shall be eligible for allotment of a residence of the type shown in the table below :—

Type of residence	Category of Officer or his monthly emoluments as on the first day of the allotment year in which the allotment is made.
Type-I	Less than Rs. 260/-
Type-II	From Rs. 260/- to Rs. 499/-
Type-III	From Rs. 500/- to Rs. 999/-
Type-IV	From Rs. 1,000/- to Rs. 1,499/-
Type-V	Rs. 1,500/- and above.
Type-VI	Earmarked to the Director of Oilseeds Development, Hyderabad.

(2) If however, accommodation of entitled type is not available for an officer of the Directorate of Oilseeds Development, on application from the concerned officer, the next below type can be allotted if one such is available after meeting the requirements of those entitled to that type of accommodation subject to the condition that the person concerned shall be allotted the entitled type of accommodation as soon as one is available. The concession will be available only to employees of the Directorate of Oilseeds Development, Hyderabad.

(3) Further, the Director may on request allot to the staff of the Directorate of Oilseeds Development, Hyderabad, who is not able to get allotment of entitled type of accommodation, residential accommodation of a type one higher than that to which he/she is entitled subject to the following conditions namely :—

(a) at the time of such allotment the requirements of the staff of the Directorate of Oilseeds Development, Hyderabad as per entitlement according to pay range in respect of such higher type of accommodation have been fully met;

(b) where higher type of accommodation is surplus to the requirements of the staff of the Directorate of Oilseeds Development as indicated in clause (a), it may be allotted to a non-entitled officer of the Directorate of Oilseeds Development :

Provided that the said non-entitled officer will become entitled to the said higher type of accommodation as per sub-rule (1) above within a period of one year from the date of such allotment. The licence fee recoverable during the period of non-entitlement shall be full standard licence fee under F. R. 45-A, without limiting the emoluments to 10%.

S. R. 317-BC-6.—Applications for allotment.—Every Government servant within a month of his appointment/posting in the Directorate of Oilseeds Development, Hyderabad, or any other Central Government office located in Hyderabad and Secunderabad may apply for the allotment of a residential quarter of a type appropriate to his official status. Applications for allotment of all types of residences shall be made to the Director through proper channel, who shall maintain a waiting list for each type of residence, separately one for the staff of the Directorate of Oilseeds Development, and another for others. The waiting list shall be arranged according to the date of priority of the Officer Officers already in occupation of accommodation shall automatically go on waiting list for the higher type of residence from the date on which they become entitled to such type of the accommodations. Allotments shall be made according to the waiting lists based on the dates of entitlements.

S.R. 317-B.C.-7.—Allotment of residences and officers.—(1) Save as otherwise provided in these rules, a residence on falling vacant, will be allotted by the Director preferably to an applicant desiring a change of accommodation in that type, and if not required for that purpose, to an applicant without accommodation in that type having the earliest priority date for that type of residence subject to the following conditions, namely :—

(i) the Estate Officer shall not allot a residence of a type higher than that to which the applicant is eligible.

(ii) the Estate Officer shall not compel any applicant to accept a residence of a lower type than that to which he is eligible.

(2) The Estate Officer, on request from an applicant (belonging to the Directorate of Oilseeds Development only) for allotment of a lower category residence, might allot to him a residence next below the type for which the applicant is eligible on the basis of his priority date for the same.

(3) The Estate Officer may cancel the existing allotment of an Officer and allot to him an alternative residence of the same type or in emergent circumstances an alternative residence of the type next below the type of residence in occupation of the officer if the residence in occupation of the officer is required to be vacated.

(4) A vacant residence may, in addition to allotment to an officer under sub-rule (1) above, be offered simultaneously to other eligible officers in order of their priority dates.

S.R. 217-BC-8.—Non-acceptance of allotment or offer or failure to occupy the allotted residence after acceptance.—(1) If any officer fails to accept the allotment of a residence within five days or fails to take possession of that residence after acceptance within eight days from the date of receipt of the letter of allotment, he shall not be eligible for another allotment for a period of one year from the date of allotment letter.

(2) If an Officer occupying a lower type residence is allotted or offered a residence of the type for which he is eligible under Rules S.R. BC. 5(1) or for which he has applied under Rule S.R. BC. 5(2), he may on refusal of the said allotment or offer of allotment, be permitted to continue in the previously allotted residence on the following conditions, namely :—

(a) that such an officer shall not be eligible for another allotment for a period of six months from the date of allotment letter for the higher class accommodation;

(b) while retaining the existing residence he shall be changed the same licence fee which he would have had to pay under F.R. 45-A in respect of the residence so allotted or offered or the licence fee payable in respect of the residence already in his occupation whichever is higher :—

S.R. 317-MC-9—Period for which allotment subsists and the concessional period for further retention:

(1) An allotment shall be effective from the date on which it is accepted by the officer and shall continue in force until :—

(a) the expiry of the concessional period permissible under sub-clause (2) of this rule after the officer ceases to be on duty.

(b) it is cancelled by the Estate Officer or is deemed to have been cancelled under the provisions of these Rules.

(c) it is surrendered by the office, or,

(d) the officer ceases to occupy the residence.

(2) A residence allotted to an officer may, subject to sub-rule (3) of this rule, be retained on the happening of any of the events specified in column 1 of the table below for the period specified in the corresponding entry in column 2 thereof, provided that the residence is required for the bona-fide use of the officer or members of his family :—

Events	Permissible period for retention of the residence
1	2
(i) Resignation, dismissal or removal from service, termination of service or un-authorised absence without permission.	1 month.
(ii) Retirement or terminal leave	2 months.
(iii) Death of allottee	4 months.
(iv) Transfer to a place outside Hyderabad.	2 months.
(v) Transfer to an ineligible office in the Station.	2 months.
(vi) On proceeding on foreign service in India.	2 months
(vii) Temporary transfer in India on transfer to a place outside India.	4 months.
(viii) Leave (other than leave preparatory to retirement, refused leave terminal study leave).	For the period of leave but not exceeding four months.
(ix) Leave preparatory to retirement or refused leave granted under FR. 86 or rule 39 of CCS (Leave) rules, 1972.	For the full period of leave on full average pay subjec to maximum of 4 months inclusive of the period permissible in the case of retirement.
(x) Study leave or deputation outside India.	For the period of leave but not exceeding six months.
(xi) Leave on medical grounds.	Full period of leave.
(xii) Study leave in India.	For the period of leave but not exceeding six months.
(xiii) On proceeding on training	For full period of training.

Explanation.—(I) Where an officer on transfer or foreign service in India is sanctioned leave and avails of it before joining duty at the new office, he may be permitted to retain the residence for the period mentioned against items (iv), (v), (vi) and (vii) or for the period of leave, whichever is more.

Explanation.—(II) Where an order of transfer or foreign service in India is issued to an officer while he is already on leave, the period permissible under clause (I) of the explanation shall count from the date of issue of such order.

(3) Where a residence is rentained under sub-rule (2) the allotment shall be deemed to be cancelled on the expiry of the admissible concessional periods unless immediately on the expiry thereof the officer resumes duty in an eligible office.

